सेंसेक्स 81,765.86 ● निफ्टी 24,708.40 ● डॉलर 84.71 ₹ ● सोना 76,760 ₹ ● चांदी 1,00,000 ₹


पेज 06 अंबेडकर : स्त्री उद्धार में महत्वपूर्ण... पेज 08 ममता को पत्र लिख की शिकायत


पारा आपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 26.00 | 11.00 |

सूर्यास्त (आज) ▸ 17.02
सूर्योदय (कल) ▸ 06.16


बोकारो से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन

हर खबर पर नजर

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष पंचमी संवत 2082



पेज 12




RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, शुक्रवार 06 दिसंबर 2024 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 153 | Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com


## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज, होंगे महत्वपूर्ण फैसले

**रांची।** झारखंड में गुरुवार को कैबिनेट के विस्तार के बाद शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक रखी गई है। बैठक में कई जनकल्याणकारी योजनाओं पर फैसले लिए जा सकते हैं। बैठक दोपहर तीन बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से गुरुवार को यह जानकारी दी गयी है।

### जस्टिस मनमोहन ने सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में शपथ ली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस मनमोहन को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में शपथ दिलाई। जस्टिस मनमोहन को चीफ जस्टिस के कोर्ट नंबर एक में शपथ दिलाई गई। जस्टिस मनमोहन के शपथ लेने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट में जजों की कुल संख्या 33 हो गई है। राष्ट्रपति ने 3 दिसंबर को जस्टिस मनमोहन को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में नियुक्त किया था। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 28 नवंबर को जस्टिस मनमोहन को सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त करने की सिफारिश की थी। जस्टिस मनमोहन को 13 मार्च, 2008 को दिल्ली हाई कोर्ट का जज नियुक्त किया गया था। जस्टिस मनमोहन 29 सितंबर, 2024 से दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के रूप में काम कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस समेत जजों की कुल स्वीकृत संख्या 34 है।

### 'मोदी अडानी एक' नारा लिखी टीशर्ट पहन संसद पहुंचे राहुल

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा पार्टी के अन्य कई सदस्य 'मोदी अडानी एक' नारा लिखे कपड़े पहनकर गुरुवार को संसद पहुंचे और उद्योगपति गौतम अडानी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए इस मामले की जांच की मांग की। श्री गांधी तथा पार्टी के अन्य सांसदों ने सांसद भवन परिसर में सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अडानी की मदद करने का आरोप लगाते हुए इस मामले की व्यापक जांच की मांग की। इस दौरान मानव श्रृंखला भी बनाई गई। श्री गांधी ने एक सवाल पर कहा कि श्री मोदी कभी अडानी मामले की जांच नहीं कर सकते क्योंकि वह खुद इस मामले के दायरे में आ रहे हैं।

### पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधि देखने के बाद जवानों ने की गोलीबारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास बुधवार देर रात संदिग्ध गतिविधि देखने के बाद सेना के जवानों ने गोलीबारी की। गुरुवार को सुबह होते ही तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि संभावित घुसपैठ मार्गों पर घात लगाकर बैठे जवानों ने बुधवार देर रात बग्यालदारा गांव के पास संदिग्ध गतिविधि देखी और कुछ राउंड फायरिंग की। अधिकारियों ने बताया कि इसके साथ ही संदिग्ध स्थान के आसपास की घेराबंदी मजबूत कर दी गई है। उन्होंने बताया कि सेना की गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ। अधिकारियों के अनुसार गुरुवार को सुबह होते ही तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया, जो समाचार लिखे जाने तक जारी है।

### हेमंत सोरेन मंत्रिपरिषद का विस्तार, 11 मंत्रियों ने ली शपथ, पांच पुराने चेहरे पर जताया भरोसा

# मंत्रिमंडल में दो महिला सहित छह नये चेहरे

- प्रोटेम स्पीकर के रूप में स्टीफन मरांडी ने ली शपथ
- संताल परगना से सबसे अधिक चार मंत्री बनाए गए



संवाददाता

**रांची।** झारखंड में हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के छह दिन बाद गुरुवार को राजभवन के अशोक उद्यान में 11 मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शपथ दिलायी। झामुमो से छह, कांग्रेस से चार और राजद से एक विधायक को मंत्री बनाया गया है। इस दौरान प्रोटेम स्पीकर पद की भी शपथ दिलायी गयी।

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सबसे पहले प्रो. स्टीफन मरांडी को प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ दिलाई। वहीं मंत्री के रूप में राधाकृष्ण किशोर ने सबसे पहले मंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद दीपक बिरुआ, चमरा लिंडा, संजय प्रसाद यादव, रामदास सोरेन, इरफान अंसारी, हफीजुल हसन, दीपिका पांडेय सिंह, योगेंद्र प्रसाद, सुदिव्य कुमार और शिल्पी नेहा तिर्की ने मंत्री पद की शपथ ली।

मंत्रिपरिषद में छह नए चेहरों को जगह दी गई है। नए चेहरों में झामुमो के चमरा लिंडा, सुदिव्य सोनू और योगेंद्र प्रसाद, कांग्रेस की शिल्पी नेहा तिर्की एवं राधा कृष्ण किशोर और राजद के संजय प्रसाद यादव को हेमंत कैबिनेट में जगह मिली है। मंत्रिपरिषद में झामुमो के छह, कांग्रेस के चार और राजद के एक विधायक को जगह मिली है। मधुपुर से विधायक हफीजुल हसन ने उर्दू और अन्य ने हिंदी में शपथ ली। कांग्रेस कोटे से दो महिलाओं को मंत्री बनाया गया है, जबकि झामुमो की ओर से एक भी महिला को मंत्री नहीं बनाया गया है। राज्य गठन के बाद पहली बार सवर्ण जाति से एक भी मंत्री नहीं बनाया गया है। पिछली बार गढ़वा से चुनाव जीते मिथलेश ठाकुर ब्राह्मण चेहरे के तौर पर मंत्री बने थे। इस बार वह चुनाव हार गये।

### मंत्रिमंडल में पांचों प्रमंडल को मिला स्थान

हेमंत मंत्रिपरिषद में संथाल परगना से चार विधायकों को जगह दी गई है। इसमें मधुपुर से हफीजुल अंसारी, जामताड़ा से इरफान अंसारी, महगामा से दीपिका पांडेय सिंह और गोड्डा से संजय प्रसाद यादव हैं। पलामू प्रमंडल से कांग्रेस विधायक राधाकृष्ण किशोर को शामिल किया गया है। कोल्हान से रामदास सोरेन और दीपक बिरूआ, दक्षिणी छोटानागपुर से दो और कोयलांचल से दो विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है।

### झामुमो कोटे से ये बने मंत्री

| | |
|---|---|
| रामदास सोरेन (घाटशिला) | चमरा लिंडा (विशुनपुर) |
| दीपक बिरूआ (चाईबासा) | सुदिव्य सोनू (गिरिडीह) |
| हाफिज़ुल हसन (मधुपुर) | योगेंद्र प्रताप (गोमिया) |

### कांग्रेस कोटे से ये बने मंत्री

डॉ. इरफान अंसारी (जामताड़ा)
दीपका पांडेय सिंह (महगामा)
शिल्पी नेहा तिर्की (मांडर)
राधाकृष्णा किशोर (छतरपुर)

### राजद कोटे से ये बने मंत्री

संजय प्रसाद यादव (गोड्डा)

### मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों को दी बधाई

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंत्रिपरिषद की शपथ लेने वाले सभी मंत्रियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को पोस्ट में मुख्यमंत्री ने लिखा कि अबुआ सरकार के मंत्रिपरिषद की शपथ लेने के लिए सभी मंत्रियों को बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। झारखंड के वीर पुरुखों के सपनों और राज्यवासियों के आशाओं एवं आकांक्षाओं को पूरा कर सोना झारखंड का निर्माण हमें मिलकर करना है।

### गुमला : बसिया चेक नाका के पास भीषण सड़क हादसा

# तीन की मौत, दो लोग गंभीर

- बसिया चेक नाका के समीप खड़े ट्रक को कार ने पीछे से मारी टक्कर
- सभी मृतक रांची के पिस्का मोड़ हेसल देवी मंडप रोड के रहने वाले, सिमडेगा से शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे सभी



संवाददाता

गुमला। जिले के बसिया अनुमंडल मुख्यालय के थाना गेट के समीप बुधवार की देर रात भीषण सड़क दुर्घटना हुई है। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है. वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

बताया जा रहा है कि बसिया चेक नाका के समीप खड़े बीड़ी पत्ता लोड ट्रक को कार ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। सभी मृतक पिस्का मोड़ हेसल देवी मंडप रोड के रहने वाले है। सभी रांची से सिमडेगा शादी समारोह में शामिल होने गए थे, जहाँ से लौटने के क्रम में यह हादसा हुआ है। मृतकों में प्रवीण कुमार, रतन घोष व पवन साहू है। जबकि विश्वजीत घोष एवं असीम घोष घायल है। बताया जा रहा है कि सभी लोग एक ही कार में रांची से सिमडेगा शादी समारोह में गए थे। शादी समारोह संपन्न होने के बाद सभी रांची लौट रहे थे, तभी बसिया के समीप खड़े ट्रक से उनकी कार जा टकरायी। रात को ही पुलिस पहुंची और सभी को उठाकर अस्पताल ले गयी, जहाँ डॉक्टर ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## केंद्र ने टेक्निकल टेक्सटाइल्स के क्षेत्र में दो स्टार्ट-अप को दी मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कपड़ा मंत्रालय के सचिव ने राष्ट्रीय टेक्निकल टेक्सटाइल्स मिशन के तहत 9वीं अधिकार प्राप्त कार्यक्रम समिति (ईपीसी) की बैठक की अध्यक्षता की। समिति ने 'टेक्निकल टेक्सटाइल्स में महत्वाकांक्षी अन्वेषकों के लिए अनुसंधान और उद्यमिता अनुदान (ग्रेट)' योजना के तहत लगभग 50 लाख रुपये प्रत्येक के अनुदान के साथ 2 स्टार्ट-अप को मंजूरी दी है।

कपड़ा मंत्रालय ने बताया कि समिति ने 'टेक्निकल टेक्सटाइल्स में शैक्षणिक संस्थानों को सक्षम बनाने के लिए सामान्य दिशा-निर्देश' के तहत टेक्निकल टेक्सटाइल्स में पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए 6 शिक्षण संस्थानों को लगभग 14 करोड़ रुपये के अनुदान को भी मंजूरी दी है।

स्वीकृत स्टार्ट-अप परियोजनाएं टिकाऊ वस्त्रों और मेडिकल टेक्सटाइल्स के प्रमुख रणनीतिक क्षेत्रों पर केंद्रित हैं। अनुमोदित शिक्षा संस्थानों ने मेडिकल टेक्सटाइल, मोबाइल टेक्सटाइल, जियोटेक्सटाइल्स, जियोसिंथेटिक्स आदि सहित सभी टेक्निकल टेक्सटाइल्स के विभिन्न क्षेत्रों और अनुप्रयोगों में नए बीटेक पाठ्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव दिया है।

## पंजाब : तीन तस्कर गिरफ्तार, करोड़ों की हेरोइन व ड्रग बरामद

**चंडीगढ़।** नशा तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाते हुए पंजाब पुलिस ने भारी मात्रा में नशीला पदार्थ और ड्रग मनी को जब्त किया है। जांच में पता चला है कि नशे की यह खेप सरहद पार से आई थी और इसे पंजाब के साथ-साथ अन्य राज्यों में कई जगह सप्लाई किया जाना था। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि काउंटर इंटेलिजेंस अमृतसर ने विशेष ऑपरेशन के तहत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी अमृतसर के पंजाबी बाग रिसॉर्ट के पास की गई है। ऑपरेशन के दौरान आरोपितों के पास से पांच किलोग्राम हेरोइन और 4.45 लाख रुपए की ड्रग मनी जब्त की गई। मामला दर्ज करने के बाद आरोपितों से उनके संपर्कों के बारे में जानकारी ली जा रही है।

### देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की ली शपथ

# तीसरी बार संभाली सत्ता की बागडोर

- एकनाथ शिंदे और अजीत पवार ने ली उपमुख्यमंत्री पद की शपथ

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक दल के नेता देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को आजाद मैदान में तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। अब देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के 21वें मुख्यमंत्री बन गए हैं। उनके साथ एकनाथ शिंदे और अजीत पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। अजीत पवार ने आज छठवीं बार उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। देवेंद्र फडणवीस ने पहली बार 2014 में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी और पूरे पांच साल राज्य के मुख्यमंत्री रहे थे। इसके बाद 2019 में दूसरी बार मुख्यमंत्री बने लेकिन सिर्फ तीन दिन मुख्यमंत्री रह सके थे। बुधवार दोपहर भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने अपने सहयोगी दल शिवसेना के नेता एवं कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एवं राकांपा के अध्यक्ष अजित पवार के साथ राजभवन जाकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। फडणवीस सरकार को समर्थन का पत्र देने के बावजूद एकनाथ शिंदे आज शपथग्रहण के अंतिम समय तक असमंजस में थे कि वह उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे या नहीं।

भारतीय जनता पार्टी के नेता गिरीश महाजन के साथ चर्चा के बाद महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुरुवार को आजाद मैदान में आयोजित समारोह में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के लिए तैयार हो गए। महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री और शिवसेना शिंदे समूह के अध्यक्ष एकनाथ शिंदे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एपी) के अध्यक्ष अजीत पवार ने भी उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। अजीत पवार ने आज छठवीं बार उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है।



### शपथ ग्रहण समारोह में इनकी रही उपस्थिति

शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, रामदास आठवले, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कई राजनेता मौजूद रहे।

**शीतकालीन सत्र** > राज्य सभा में गूंजा विदेशी ताकतों के जरिये देश में अस्थिरता फैलाने का मुद्दा

# भारतीय वायुयान विधेयक 2024 को संसद से मिली मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने गुरुवार को भारतीय वायुयान विधेयक 2024 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके साथ इसपर संसद की मुहर लग गयी। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है।



नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडु ने सदन में भारतीय वायुयान विधेयक 2024 पर दो दिन में लगभग छह घंटे तक चली चर्चा का जवाब देते हुए कि विधेयक का नाम भारतीय भाषाओं के अनुरूप है। देश में विमानन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। देश के विकास के साथ इस क्षेत्र में भी वृद्धि हो रही है। देश में नये हवाई अड्डे बनाये जा रहे हैं। यह विधेयक भारतीय वायुयान अधिनियम 1934 का स्थान लेगा।

श्री नायडु ने कहा कि उडान योजना ने देश में नागरिक उड्डयन क्षेत्र के परिदृश्य में भारी बदलाव हो रहा है। अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्थाओं के अनुरुप देश के उड्डयन को बनाने की जरुरत है। इसलिए यह विधेयक लाया गया है। विधेयक में यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। इसमें यात्रियों की निजता बनाये रखने का प्रबंध किया गया है। उन्होंने कहा कि ड्रोन के परिचालन और संचालन को भली भांति परिभाषित किया गया है। सरकार का उद्देश्य विमानन क्षेत्र का विकास करना है और इसमें निजी क्षेत्र का सहयोग लिया जा रहा है।

यह विधेयक केंद्र सरकार को वायुयान निर्माण, डिजाइन, मेंटेनेंस, स्वामित्व, उपयोग, परिचालन, बिक्री, निर्यात और आयात पर पूरा नियंत्रण प्रदान करता है। वायुयान से जुड़े अन्य मामलों में भी नियमन और नियंत्रण का अधिकार केंद्र सरकार का होगा। विधेयक में विमान को खतरनाक तरीके से उड़ाने, विमान में हथियार या विस्फोटक ले जाने, हवाई अड्डों के पास कूड़ा-कचरा फैलाने या जानवरों का वध करने को अपराध माना गया है। इन अपराधों के लिए तीन साल तक की कैद, एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

### लोकसभा में पारित नहीं हो सका रेलवे विधेयक



नई दिल्ली। लोकसभा में गुरुवार को रेलवे (संशोधन) विधेयक पारित किया जाना था लेकिन विपक्ष के संभल और अडाणी मुद्दे पर हंगामे के चलते कार्यवाही दो बार स्थगित होने के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में आज संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष के स्लोगन वाले जैकेट और टीशर्ट पहनने पर आपत्ति दर्ज कराई। विपक्ष संभल मुद्दे पर अपनी बात रखने को लेकर अड़ा रहा है। इसी बीच उद्योगपति गौतम अडाणी के खिलाफ नारेबाजी भी हुई। कार्यवाही को पहले 2 बजे फिर तीन बजे तक स्थगित किया गया। तीन बजे भी विपक्ष के हंगामे के कारण कार्यवाही को आखिरकार दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया। इससे पहले संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में विपक्षी सांसदों के आक्षेप भरे स्लोगन लगी जैकेट पहनकर आने पर आपत्ति जताई और कहा कि विपक्ष ने अपने फैशन शो से सदन की गरिमा गिराई है। मालूम हो कि लोकसभा में गुरुवार को विपक्षी सदस्य 'एक हैं तो सैफ हैं' के स्लोगन के साथ तस्वीर बनीं जैकेट पहनकर आए। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी ऐसी ही टीशर्ट पहनी थी। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उद्योगपति गौतम अडाणी से जोड़ते हुए कटाक्ष किया गया था।

## दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-4 की पाबंदियां हटाने को सुप्रीम कोर्ट की इजाजत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में ग्रैप-4 के तहत लगी पाबंदियों को हटाने की इजाजत दे दी है। कोर्ट ने एक्यूआई में गिरावट के चलते ये फैसला लिया है। कोर्ट ने साफ किया है कि अगर एक्यूआई 350 से ऊपर जाता है तो वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग तुरंत ग्रैप-3 और अगर 400 से ऊपर गया तो आयोग तुरंत ग्रैप-4 लागू करेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभी कुछ अतिरिक्त पाबंदियों के साथ ग्रैप-2 को लागू किया जा सकता है। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि ग्रैप-2 से कम की स्टेज को अभी लागू नहीं किया जाएगा। आज सुनवाई के दौरान कोर्ट ने ग्रैप-4 लगाये जाने के बाद निर्माण मजदूरों को मिलने वाले मुआवजे की रकम का भुगतान नहीं करने पर दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि आप निर्माण मजदूरों को भूखे मार डालना चाहते हैं। तब दिल्ली सरकार की ओर से पेश वकील शदान फरासत ने कहा कि रजिस्टर्ड निर्माण मजदूरों को दो-दो हजार रुपये दिए गए हैं। तब कोर्ट ने कहा कि मुझे ये नहीं समझ आता है कि नौकरशाही इतना वेरिफिकेशन क्यों कर रही है। निर्माण मजदूरों को छह हजार रुपये और मिलने चाहिए थे। कोर्ट ने 2 दिसंबर को दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-4 के तहत लगी पाबंदियां जारी रखने का आदेश दिया था।

## संक्षिप्त खबरें

### अर्चा साहित्य कला अकादमी संगीत का कार्यक्रम 8 को

**रांची।** अर्चा साहित्य कला अकादमी के तत्वाधान में 8 दिसंबर को दिन के 11:00 बजे में झारखंड के विभिन्न राज्य से 108 कलाकार कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसमें 108 महिला और पुरुष कलाकार एक साथ मिलकर एक मंच पर एक ही समय में 15 रविंद्रसंगीत प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में संगीत का म्यूजिक शांतिनिकेतन से तैयार किया गया है। जिसमें 15 मानों को 7 मेनटरों ने मिलकर सिखायी है। इसमें मेंटर लिली मुखर्जी, अपराजिता भट्टाचार्य, कुमकुम बनजी, डॉ. पंपा सेन विश्वास, परोमिता चौधरी, अपस्पा चौधरी, रुमकी दास है। इसके अलावा झारखंड की प्रसिद्ध रवींद्रसंगीत गुरु प्रणति लाहिड़ी अभिभावक के रूप में शामिल रहेगे। संगीत प्रस्तुति के समय सभी कलाकारों का परिधान साड़ी और पजामा कुर्ता एक ही कलर का होगा। अंग वस्त्र सर्टिफिकेट और मोमेंटों से कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ , रांची विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, प्रोफेसर डॉ अमिताभ मुखर्जी, पूर्व सीएमडी एच ई सी अभिजीत घोष, कुणाल आजमानी, बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सिद्धार्थ घोष प्रदीर लाहिड़ी उपस्थित रहेंगे यह जानकारी डॉ पम्पा सेन विश्वास ने दिया।

### शहीद संकल्प शुक्ला का मना शहादत दिवस

**रांची।** राजधानी के ऐतिहासिक मोरहावादी मैदान स्थित शहीद संकल्प शुक्ला का शहादत दिवस मनाया गया। इस मौके पर सेना की ओर से ब्रिगेडीयर राजकुमार द्वारा रिथ चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद शहीद संकल्प शुक्ला के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। तथ पश्चात उपस्थित सेना के पूर्व अधिकारी व आम लोगों ने शहीद संकल्प शुक्ला की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन कर श्रद्धांजलि दी ग। इस मौके पर शहीद के माता-पिता के अलावा शहीद संकल्प शुक्ला वाटिका के सदस्य के के दयाल, डॉ. पुरुषोतम श्रीवास्तव(चंदन) हरीनारायण गुप्ता, विक्की सोनी, संदीप बनर्जी, ब्रजेश कुमार, गुड्डू, बॉबी सरदार, संदीप कुमार, सुनील सिन्हा, जीतू तिर्की सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं को मिला बर्तन सेट

**रांची।** समाहरणालय भवन स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में गुरुवार को काफी संख्या में आंगनबाड़ी सेविकाएं पहुंची थी। जहां पर उन्हें आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों को सरकार की ओर से मध्यान भोजन के लिए बर्तन सेट दिया गया। जहां भीड़ अधिक होने की वजह से सेविकाओं को कतार में लगकर बर्तन लेना पड़ा। वहीं कई सेविकाएं अपने माथे पर बर्तन के कार्टून लेकर कार्यालय की सिढ़ीयों से मुख्य गेट तक पहुंची थी। कई सेविकाएं अपने परिजनों के साथ भी पहुंची थी।

### भारत के अल्पसंख्यको को भी आवाज उठानी चाहिये

**रांची।** हमारे पड़ोसी देश बंग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर होने वाले अत्याचार, मानवता को शर्मशार कर रहे हैं। मानवता के दानव दरिंदगी पर उतर आये हैं. ऐसे मुल्क के दानव आकाओं को भारत सरकार द्वारा मुँह तोड़ करारा जबाब देना चाहिये एवं राह से भटके हुए बांग्लादेशी मानवता के दानवों को पूर्व में भारत द्वारा प्रदान अभुतपूर्व सहयोग को याद दिलाना चाहिये। बांग्लादेशी अल्पसंख्यक उसी देश के नागरिक एवं विकास में इनका योगदान भी हैं.

इस दिशा में हमारे भारत देश की सरकार तो अपने स्तर पर कूटनीतिक तरीके से प्रयास करेगी. हमारे देश के बुद्धिजीवी वर्ग भी अपना प्रदर्शन कर रहे हैं पर भारत के अल्पसंख्यक समाज को भी मानवता के दानवों के खिलाफ आवाज बुलंद उठानी चाहिए। जिससे संपूर्ण विश्व में भारत की गंगा जमुना तहजीव और अमन शांति का पैगाम की एक मिशाल बने। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि आक्रांताओ को परमात्मा सद्बुद्धि दे और अल्पसंख्यकों पर होने वाले अत्याचारों पर अब जल्द विराम लगे।

### गैर मजरूवा जमीन पर अवैध कब्जा, ग्रामीण गोलबंद

**रांची।** कर्रा प्रखंड के रोलागुटू ग्राम सभा के लोग गुरुवार को अवैध तरीके से गैर मजरूवा जमीन पर कब्जा करने के विरोध में गोलबंद होकर अंचल कार्यालय कर्रा पहुंचें, और ज्ञापन सौपा, वहीं ग्रामीणों अंचल अधिकारी वंदना भारती एवं अंचल सीआई सुकेश रंजन से मुलाकात करके रोलागुटू मौजा के गैर मजरूवा जमीन पर अवैध कब्जा के मामले से अवगत कराया, ग्रामीणों ने बताया कर्रा अंचल के रोलागुटू मौजा अन्तर्गत खाता नम्बर 56 प्लांट नंबर 1523 का कुल रकबा 6.11 एकड़ भूमी पर अवैध तरीके से गड़के गांव निवासी शंकर साहू जेसीबी मशीन चलाकर कब्जा कर रहा है जिसे लेकर ग्राम सभा रोलागुटू द्वारा पूर्व में बैठक करके उक्त जमीन में झंडागड़ी करके रोक लगाया गया था लेकिन उसे शंकर साहू अपने सहयोगी साथियों के साथ मिलकर उखाड़कर फेंक दिया और जेसीबी से जमीन का समतली करण करके कब्जा करने का कार्य कर रहा है। जिसे लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

### बिना निष्पक्ष जांच के एसएसी- सीजीएल परिणाम जारी करना छात्रों के साथ क्रूर मजाकः अजय साह

**रांची।** झारखंड सरकार द्वारा हाल ही में जारी एसएसी- सीजीएल परीक्षा परिणाम को लेकर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने इसे छात्रों के भविष्य के साथ क्रूर मजाक करार दिया है और कहा कि यह हेमंत सोरेन सरकार की उदासीनता और अहंकार को दशार्ता है। श्री साह ने कहा कि हमने उम्मीद की थी कि भारी जनादेश के साथ यह सरकार छात्रों और युवाओं के प्रति अधिक संवेदनशीलता दिखाएगी। लेकिन इसके बजाय, सरकार का रवैया अहंकारी और गैर-जिम्मेदाराना होता जा रहा है। सरकार ने निष्पक्ष जांच का वादा किया था, लेकिन बिना किसी उचित प्रक्रिया और जांच के परिणाम जारी करना इस सरकार की लापरवाही का परिचायक है। श्री साह ने सोशल मीडिया पर वायरल एक संदेश का जिक्र करते हुए कहा, परिणाम से पहले एक वायरल संदेश में दो विशेष रोल नंबर का उल्लेख था, और परिणामों में वही रोल नंबर दिखाई दिए हैं। भाजपा इस संदेश की सत्यता की पुष्टि नहीं करती, लेकिन जब लाखों छात्रों के भविष्य का सवाल है, तो इस संदेश समेत सभी संबंधित तथ्यों की गंभीरता से जांच होनी चाहिए।

# संघर्ष, विरासत और सियासत का संगम है हेमंत सरकार के 11 मंत्रियों का राजनीतिक सफर

**रांची, 05 दिसंबर (हि.स.)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को अपनी मंत्रिपरिषद का विस्तार किया। राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने 11 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। झामुमो से छह, कांग्रेस से चार और राजद से एक विधायक को मंत्री बनाया गया है। इस मंत्रिपरिषद में कुछ नेताओं ने संघर्ष के बल पर अपनी पहचान बनाई है, तो कुछ को सियासत विरासत में मिली है। खास बात यह है कि हेमंत सोरेन मंत्रिपरिषद संघर्ष और विरासत का मिश्रण है। जहां कुछ नेता संघर्षों से निकले हैं, वहीं कुछ ने अपनी विरासत को आगे बढ़ाया है।

## ये बने मंत्री

**संजय प्रसाद यादव (राजद):** राजद कोटे से गोड्डा विधायक संजय प्रसाद यादव को लालू यादव और तेजस्वी यादव से करीबी का फायदा मिला। वे 2000 और 2009 में विधायक बने और इस बार मंत्री बने हैं।



**योगेंद्र प्रसाद (झामुमो)-** गोमिया के विधायक योगेंद्र प्रसाद ने पंचायत अध्यक्ष के पद से शुरूआत की। कांग्रेस से अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत की और जनता दल तथा आजसू के बाद झामुमो में शामिल हुए। वे दो बार इस क्षेत्र से विधायक चुने गए और अब मंत्री पद तक पहुंचे हैं।



**रामदास सोरेन (झामुमो)-** घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन ने जमशेदपुर पूर्वी में चुनाव लड़कर शुरूआत की। 2009 में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप कुमार बलमुचू को हराकर पहली बार विधायक बने। उन्होंने 2019 और 2024 के चुनावों में भी भाजपा उम्मीदवारों को हराकर अपनी जगह मजबूत की।



**सुदिव्य कुमार सोनू (झामुमो)-** गिरिडीह से झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने लगातार दो बार भाजपा उम्मीदवारों को हराकर मंत्री पद हासिल किया। विधानसभा में उनकी पहचान एक मुखर विधायक के तौर पर बनी है।



**चमरा लिंडा (झामुमो)-** 2009 में राष्ट्रीय कल्याण पक्ष के टिकट पर विधायक बनने वाले चमरा लिंडा ने 2014 से लगातार झामुमो के टिकट पर जीत दर्ज की। बगावत के बावजूद पार्टी में उनका कद बढ़ा और अब वे मंत्री बने हैं।





**इरफान अंसारी (कांग्रेस)-** जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी को पिता फुरकान अंसारी से सियासत विरासत में मिली। वे तीन बार विधायक चुने जा चुके हैं और प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में भी काम कर चुके हैं।



**हफीजुल अंसारी (झामुमो)-** पिता हाजी हुसैन अंसारी के निधन के बाद हफीजुल ने राजनीति में कदम रखा। बीआईटी सिंदरी से बीटेक की डिग्री हासिल करने के बाद कुछ समय तक खनिज निगम में सर्वेयर की नौकरी भी की।



**शिल्पी नेहा तिर्की (कांग्रेस)-** बंधु तिर्की की पुत्री शिल्पी नेहा तिर्की लगातार दूसरी बार विधानसभा पहुंची हैं। विरासत में मिली राजनीति को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने मंत्री पद तक का सफर तय किया।



**दीपिका पांडेय सिंह (कांग्रेस)-** महागामा विधायक दीपिका को सियासत विरासत में मिली। उनकी मां कांग्रेस से जुड़ी रहीं और ससुर अवध बिहारी सिंह बिहार सरकार में मंत्री रह चुके हैं।



**राधाकृष्ण किशोर (कांग्रेस)-** छतरपुर से विधायक राधाकृष्ण किशोर का सफर कई पार्टियों से होकर गुजरा। उन्होंने कांग्रेस, जदयू, भाजपा और आजसू के साथ काम किया और अब कांग्रेस में रहते हुए मंत्री बने हैं।



**दीपक बिरुआ (झामुमो)-** चाईबासा के झामुमो विधायक दीपक बिरुआ ने 2009 से लगातार झामुमो के टिकट पर चुनाव जीता। उन्होंने 2009, 2014, 2019 और 2024 में चाईबासा सीट पर लगातार चार बार जीत दर्ज की है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर रांची में सर्व सनातन मंच ने किया शांतिपूर्ण प्रदर्शन

### नारे लिखी तख्तियां लेकर किया विरोध

संवाददाता

**रांची।** राजधानी के ऐतिहासिक मोरहावादी स्थित बापू वाटिका में गुरुवार को सर्व सनातन मंच के बैनर तले हजारों लोगों ने शांतिपूर्ण धरना दिया। धरना में शामिल लोग अपने हाथों में बंग्लादेशी हिंदूओं के सम्मान में उतरे हम मैदान में, बंग्लादेशी हिंदूओं की रक्षा विश्व मानवता की रक्षा ,बंग्ला देश में हिंदूओं का नरसंहार बंद करो, बंद करो जैसे कई अन्य नारे लिखी तख्तियां लेकर विरोध करते हुए धरना देकर बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर हो रहे हमलों और इस्कॉन के पुजारी चिन्मय कृष्णा दास की गिरफ्तारी का विरोध किया। धरने में रांची की सिविल सोसाइटी और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के प्रति गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए भारत सरकार से इस मुद्दे पर कड़े कदम उठाने की मांग की। सर्व सनातन मंच की ओर से राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में भारत सरकार से बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसा को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास करने और इस मुद्दे पर विश्व समुदाय के बीच एक मजबूत अभिमत बनाने का आह्वान किया गया।छात्र नेता और अभाविप के पूर्व प्रदेश मीडिया संयोजक दुर्गेश यादव ने कहा कि इस शांतिपूर्ण प्रदर्शन का उद्देश्य न केवल बांग्लादेश के पीड़ित समुदाय को न्याय दिलाना है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस गंभीर मुद्दे को उजागर करना भी है। विक्की सोनी ने बंगलादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार पर कड़ी चींता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत सरकार को अब कड़े कदम उठाकर बंगला देश में हिंदू, अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार पर रोक लगाने की मांग की। कार्यक्रम में मनोज बजाज, हरीनारायण गुप्ता, संजय सर्राफ, के के दयाल, मुनचुन राय, राजु सिंह, वरुण साहु, बलराम सिंह, मोनू शर्मा, उज्वल सहित काफी संख्या में कई संगठन के लोग शामिल थे।





### विरोध बापू वाटिका से जयपाल सिंह स्टेडियम तक निकला

विरोध मार्च बापू वाटिका से निकलकर जयपाल सिंह स्टेडियम पहुंचकर समाप्त हुआ। इसमें शामिल लोग अपने हाथों में वैनर लेकर शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन किया।

# मांझी थान और जाहर थान का संरक्षण आवश्यक : मरांडी



संवाददात

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि संथाल समाज की अस्मिता और संस्कृति उनके पवित्र पूजा स्थल जाहर थान और मांझी थान से जुड़े हैं। श्री मरांडी गुरुवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में इन पूजा स्थलों पर शिलान्यास करते कहा कि आज अपने गांव कोदईबांक के मुहाने पर मांझी थान (संताल आदिवासी समाज के पूजा स्थल) के शिलान्यास का सौभाग्य प्राप्त हुआ। संथालों की दो ही पूजा स्थल होता है, एक जाहेर थान और दूसरा मांझी थाना ये हमारे संताल समाज की पवित्र पहचान है। अगर गांव से मांझी थान और जाहेर थान समाप्त हो जाएगा, तो संथाल जाति भी समाप्त हो जाएगी। हम तभी तक संथाल हैं, जब तक हम जाहेर थान-मरांग बुरू को पूजते हैं। जाहेर थान में मरांग बुरू की पूजा संथालों की पहचान है।

ठीक वैसे ही, हम पिलचु हाड़म और पिलचु बूढ़ी के वंशज हैं और उनकी आराधना करते हैं।

# जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र कागजात जांच कराने के लिए लग रही भीड़

संवाददाता

**रांची।** जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनानें के लिए रांची नगर निगम में आवेदन करने के बाद जांच के लिए जमा किये गये कागजातों की जांच करने के लिए एसडीओ कार्यालय निगम द्वारा भेजा जाता है। जहां कागजों की जांच करने के लिए आवेदको को पहुंचना पड़ता है। इसके लिए एसडीओ कार्यालय में कार्यपालक दंडाधिकारी द्वारा कागजातों की जांच की जाती है। गुरुवार को काफी संख्या में आवेदक जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के कागजातों की जांच करवाने के लिए पहुंचे थे। जहां अधिक भीड़ होने की वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कुछ आवेदकों ने बताया कि आज जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जमा करनें वाले आवेदक एक साथ पहुंच गए है। इस वजह से परेशानी उठानी पड़ रही है। निगम मे ऑनलाइन कागजात जमा करने के बाद कार्यपालक दंडाधिकारी द्वारा कागजात की जांच के बाद निगम द्वारा जन्म प्रमाण पत्र और मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत किये जात हैं।



# मंईयां योजना फार्म जमा के लिए लग रही लाइन

संवाददाता

**रांची।** मंईयां सम्मान योजना के फार्म जमा करनें के लिए शहर अंचल कार्यालय में महिलाओं की सुबह कार्यालय खुलनें के पहले से लंबी कतार लग रही है। जहां पर कई अंचल कार्यालय में महिलाओं की अधिक भीड़ होनें की वजह से महिलाओं को काफी परेशानी के साथ घंटो लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है। कई महिलाओं ने बताया कि प्रशासन को महिलाओं की भीड़ अधिक होने वाले अंचल कार्यालय और मइंया योजना के फार्म जीस भी कार्यालय में जमा किये जा रहे हैं। जहां ज्यादा भीड़ हो रही है। वैसे कार्यालयों में काउंटर की संख्या बढ़ाने की व्यवस्था करने की जरुरत है।



### त्रुटि वाले आवेदक ज्यादा परेशान

मंईयां सम्मान योजना के लिए फार्म जमा करने के पहले आवेदन फार्म को जांच करनें के लिए बनाए गए काउंटर पर आवेदकों की भीड़ ज्यादा होने की वजह से वैसे आवेदकों को परेशानी हो रह है। जिनका आवेदन फार्म सही नहीं भरा गया होता है। वैसे आवेदक भीड़ अधिक होने की वजह से घंटो लाइन में लगकर किसी तरह काउंटर तक पहुंचते है। जब जांच के बाद पता चलता है कि फार्म ठीक से नहीं भरा गया है। वैसे आवेदकों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

# कांके रोड जज कॉलोनी से हरमू सहजानंद चौक तक बनेगा फ्लाईओवर

वरीय संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने हरमू फ्लाइओवर निर्माण की कवायद शुरू कर दी है। अगले दो से तीन महीने के अंदर टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। हरमू फ्लाई ओवर के निर्माण में लगभग 300 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए जाएंगे, इस फ्लाइओवर की लंबाई 3.5 किलोमीटर होगी। फिलहाल हरमू से कडरू रेडिशन ब्लू तक फ्लाईओवर के निर्माण के लिए परामर्शी की तलाश जारी है। इसके लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। फिलहाल इस प्रोजेक्ट के लिए एक कंपनी ने 34 फीसदी कम रेट पर टेंडर भरा है। पथ विभाग इसकी समीक्षा कर रहा है। हरमू फ्लाईओवर के निर्माण कार्य के लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार किया जाएगा। इसकी वजह यह है कि इस सड़क से वीवीआईपी मूवमेंट अधिक होता है। यह फ्लाईओवर कांके रोड स्थित जज कॉलोनी से हरमू सहजानंद चौक तक बनेगा। सूचना भवन चौराहा के पास से फ्लाईओवर चढ़ेगा, जो रातू रोड चौक, शनि मंदिर, गाड़ीखाना चौक, किशोरगंज चौक, भारत माता चौक होते हुए सहजानंद चौक पर जाकर उतरेगा। सहजानंद चौक के पास एक रैंप बनाया जाएगा, ताकि कडरू मार्ग से आने वाले वाहन फ्लाईओवर पर चढ़ सकें। दूसरा रैंप गौशाला चौक के निकट बनाया जाएगा, ताकि रातू रोड और पहाड़ी मंदिर से आने वाले वाहन फ्लाईओवर में चढ़ सकें।



# मोनी कुमारी की अध्यक्षता में अनुभाजन क्षेत्र के सभी दाल-भात केंद्र के संचालकों के साथ बैठक

संवाददाता

**रांची।** विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची मोनी कुमारी द्वारा समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित अपने कार्यालय में अनुभाजन क्षेत्र के सभी दाल-भात केंद्र के संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी दाल-भात केंद्र के संचालक एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची, श्रीमती मोनी कुमारी द्वारा सभी दाल-भात योजना के संचालक को निर्देश देते हुए कहा की समय पर दाल-भात केंद्र खुले, सभी को तय दर पर भोजन देने का निर्देश दिया गया।

विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी द्वारा सभी संचालकों निर्देश देते कहा की इन केंद्रों में कोई गड़बड़ी नही मिलनी चाहिए। इसके लिए उनके द्वारा सभी दाल-भात केंद्रों का औचक निरीक्षण करेंगी। उनके द्वारा विशेष रूप से कहा गया की दाल-भात केंद्र की नैतिक जिम्मेदारी हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री के निर्देशों के बावजूद बालू तस्करी जारी

बेरमो/ बोकारो। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा बालू तस्करी पर कड़ी कार्रवाई करने और उसे पूरी तरह से रोकने के आदेश के बावजूद राज्य में बालू तस्करी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा घटनाक्रम में दामोदर नदी से बालू की अवैध तस्करी की खबर सामने आई है, जो इस बात का प्रत्यक्ष उदाहरण है कि प्रशासनिक आदेशों के बावजूद अवैध गतिविधियां लगातार चल रही हैं। 2 से 5 दिसंबर तक तेलुगु बोकारो लहर की मरमती कर के रजत टोला क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य के दौरान बालू का इस्तेमाल हो रहा है। यह बड़ा सवाल खड़ा करता है कि सड़क निर्माण में इस्तेमाल हो रहे इस बालू का स्रोत क्या है, क्योंकि राज्य सरकार ने अभी तक बालू घाटों की नीलामी नहीं की है। ऐसे में यह अनिवार्य रूप से सवाल उठता है कि यह बालू कहां से लाया गया है। यह स्थिति इस बात का संकेत देती है कि अवैध बालू तस्करी में स्थानीय प्रशासन और संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत हो सकती है। अगर ऐसे ही हालात बने रहे, तो यह बालू तस्करी का जाल और भी विस्तृत हो सकता है, जो राज्य की आर्थिक व्यवस्था और पर्यावरण दोनों के लिए नुकसानदायक होगा। मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के बावजूद यह तस्करी जारी रहना प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल उठाता है।

### भूमि दाखिल-खारिज के मामलों में अंचलाधिकारियों की लापरवाही पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई

**बोकारो।** जिले के अंचलाधिकारियों की भूमि दाखिल-खारिज मामलों में लापरवाही को लेकर उपायुक्त विजया जाधव ने कड़ा रुख अपनाया। झारभूमि पोर्टल पर दाखिल-खारिज के मामलों के लंबित रहने और बिना कारण आवेदन अस्वीकृत किए जाने पर उपायुक्त ने सभी अंचलाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। उपायुक्त ने कहा कि झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम 2011 के तहत, समय पर और पारदर्शी तरीके से दाखिल-खारिज के मामलों का निष्पादन करना आवश्यक है, लेकिन कुछ अधिकारियों द्वारा इसमें लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने सभी नौ अंचलाधिकारियों को 24 घंटे के भीतर जवाब देने का आदेश दिया और यह स्पष्ट किया कि अगर कार्य में सुस्ती पाई गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि यह न केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी है, बल्कि यह नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने की भी जिम्मेदारी है।

### बांग्लादेश में हिन्दू समाज की सुरक्षा को लेकर बोकारो में धरना, भारत से तत्काल हस्तक्षेप की अपील



**बोकारो।** बोकारो में हिन्दू राष्ट्र समन्वय समिति और सनातन धर्म जागरण समिति ने बांग्लादेश में हिन्दू समुदाय की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का उद्देश्य बांग्लादेश सरकार से अल्पसंख्यक हिन्दुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों को रोकने की मांग करना था। धरने में सैकड़ों की संख्या में सनातनी शामिल हुए, जिन्होंने बांग्लादेश में हिन्दू समाज के खिलाफ किए जा रहे धार्मिक अत्याचारों की कड़ी निंदा की। प्रदर्शनकारियों ने विशेष रूप से इस्कॉन के स्वामी चिन्मय कृष्णदास ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी का विरोध किया, जिन्होंने बांग्लादेश में हिन्दू समाज के अधिकारों के लिए शांतिपूर्वक आंदोलन किया था। समिति ने भारत सरकार से बांग्लादेश सरकार पर दबाव डालने और चिन्मय कृष्णदास की रिहाई सुनिश्चित करने की अपील की। वक्ताओं ने बांग्लादेश में हिन्दू समाज की धार्मिक स्वतंत्रता और सुरक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया और भारत सरकार से इस मुद्दे पर कड़ी कार्रवाई की उम्मीद जताई। समिति ने यह भी कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों का असर केवल बांग्लादेश पर नहीं, बल्कि भारत पर भी हो सकता है, और इसलिए यह मुद्दा पूरी तरह से भारत के हितों से जुड़ा हुआ है।

### रोटरी क्लब चास द्वारा स्कूल में दंत जांच शिविर: बच्चों में दांतों की देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाई



**बोकारो।** रोटरी क्लब चास ने गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, चास में एक मुफ्त दंत जांच शिविर का आयोजन किया, जिसमें 1200 से अधिक बच्चों की दांतों की जांच की गई। शिविर के दौरान लगभग 70% बच्चों में दांतों की सड़न और अन्य दंतरोग पाए गए। रोटरी क्लब के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा और कार्यक्रम के संयोजक डॉ. संजीव कुमार चंदन ने बच्चों को दांतों की नियमित सफाई और देखभाल के महत्व के बारे में बताया। डॉ. प्रशांत कुमार ने बच्चों को बताया कि अच्छे और स्वस्थ दांत न केवल चेहरे की सुंदरता के लिए, बल्कि समग्र स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक हैं। शिविर में बोकारो डेंटल एसोसिएशन के डॉक्टरों का भी योगदान रहा, जिन्होंने बच्चों को दंत सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी। स्कूल के प्रधानाध्यापक संजीव कुमार ने रोटरी क्लब चास की इस पहल की सराहना की और कहा कि बच्चों में दांतों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर होना चाहिए।

# डीपीएस बोकारो में आयोजित फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का किया प्रदर्शन

संवाददाता



**बोकारो।** दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए एक तीन-दिवसीय फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल बच्चों में कलात्मक और रचनात्मक गुणों का विकास करना था, बल्कि उन्हें समाज, संस्कृति और पर्यावरण के प्रति जागरूक भी बनाना था। विद्यालय के प्राइमरी विंग में आयोजित इस प्रतियोगिता में 400 से अधिक बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं, जो सभी दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनीं। पहले दिन विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के पशु-पक्षियों, जलीय जीवों और पेड़-पौधों का रूप धारण किया, जिनमें शेर, हाथी, अजगर, उल्लू, बाघ, पांडा, मछली, डॉल्फिन, और कछुआ जैसे जीव शामिल थे। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने लुप्तप्राय प्राणियों की रक्षा और प्रकृति के संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया। इसके अलावा, कई बच्चों ने प्रसिद्ध हस्तियों जैसे नेताजी सुभाषचंद्र बोस, झांसी की रानी, महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, और मदर टेरेसा के रूप में अपनी कला का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही जूट, पेपर क्राफ्ट, अखबार, बोरा आदि से बने परिधानों में बच्चों की कला और उनके अभिभावकों की मेहनत साफ दिख रही थी, जो अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं बनाने की कला को उजागर कर रही थी। दूसरे दिन कक्षा प्रेप के बच्चों ने भारतीय सांस्कृतिक विविधता का चित्रण किया। झारखंडी, राजस्थानी, आदिवासी, और पंजाबी वेशभूषा में सजकर आए बच्चों ने भारतीय विविधता को प्रदर्शित किया। इसके साथ ही कुछ बच्चों ने समुद्री जीवों के रूप में आकर जलजीवों और सागर के संरक्षण की महत्ता को रेखांकित किया। वहीं, कुछ बच्चों ने अपने पसंदीदा कार्टून पात्रों जैसे स्पाइडर मैन, छोटा भीम, बैटमैन, डोरेमोन, और अलादीन का रूप धारण किया और बच्चों की मनोवृत्तियों को प्रदर्शित किया।

तीसरे दिन नर्सरी कक्षा के बच्चों ने सामुदायिक कार्यकर्ताओं के रूप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पायलट, पुलिसकर्मी, चिकित्सक, कूली, चालक और ग्वाला जैसे विभिन्न समुदायों के सदस्य के रूप में बच्चों ने इनकी महत्ता और सम्मान को उजागर किया। इसके अलावा, बच्चों ने कीट-पतंगों, फूलों और पेड़ों के रूप में अपनी कला का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने प्रतियोगिता के समापन पर बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल बच्चों की प्रतिभा को निखारते हैं, बल्कि उन्हें अपने आस-पास के समाज, पर्यावरण और संस्कृति से भी अवगत कराते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे में छिपी हुई एक अद्वितीय कलात्मक प्रतिभा होती है, जिसे इस तरह के आयोजनों के माध्यम से बाहर लाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतियोगिता में हार-जीत का कोई महत्व नहीं है, बल्कि भागीदारी ही सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह बच्चों के आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ाती है।

## केबी कॉलेज बेरमो में फीट इंडिया वीक की शुरुआत, छात्रों और कर्मचारियों ने लिया फिटनेस शपथ

संवाददाता



**बेरमो।** केबी कॉलेज बेरमो में गुरुवार को फीट इंडिया वीक के छठे संस्करण की शुरूआत प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में की गई। कार्यक्रम की शुरूआत में नोडल पदाधिकारी डॉ. प्रभाकर कुमार के नेतृत्व में सभी शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों, अभिभावकों, छात्रों और एनएसएस स्वयं सेवकों को फिटनेस शपथ दिलवाते हुए इसे आधिकारिक रूप से शुरू किया गया। इसके बाद कॉलेज के छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों के लिए सौ मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि फिट इंडिया मूवमेंट एक राष्ट्रव्यापी अभियान है, जिसका उद्देश्य लोगों को अपने दैनिक जीवन में शारीरिक गतिविधियों और खेलों को शामिल करने के लिए प्रेरित करना है, ताकि वे स्वस्थ और फिट रहें। इस अवसर पर प्रो० गोपाल प्रजापति ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों में फिट रहने की आदत डालने का प्रयास किया जा रहा है ताकि देश को फिट राष्ट्र बनाया जा सके और शारीरिक रूप से सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा दिया जा सके। डॉ. अरुण कुमार रॉय महतो ने कहा कि यह अभियान भारत के प्रधानमंत्री द्वारा भारतीयों को स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। फिट इंडिया वीक के नोडल पदाधिकारी डॉ० प्रभाकर कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य सबसे कीमती संपत्ति है, और इसे बनाए रखने के लिए फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान महिला और पुरुष वर्ग में सौ मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। महिला दौड़ में अंतरा कुमारी ने प्रथम, रिया कुमारी ने द्वितीय और रोशनी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में करण रजवार ने प्रथम, हरीश कुमार यादव ने द्वितीय और मो. कौसिन राजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक और कर्मचारी भी सक्रिय रूप से शामिल हुए। डॉ. अरुण रंजन ने प्रथम, प्रो. संजय कुमार दास ने द्वितीय और रवींद्र कुमार दास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में कॉलेज परिवार के सभी सदस्य, छात्र-छात्राएं और एनएसएस के स्वयं सेवक उपस्थित थे।

### तेनु-बोकारो नहर की मरम्मत पर महिलाओं का विरोध, नहाने की जगह की बहाली की मांग

बोकारो। बोकारो में तेनु-बोकारो नहर की मरम्मत के दौरान नहाने की जगह को हटाए जाने पर महिलाओं और ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं का कहना था कि नहर में नहाने के लिए एक सीढ़ी बनी थी, जिसे ठेकेदार द्वारा रात के अंधेरे में हटाकर सीमेंट और सरिया से भर दिया गया था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह कदम उनके दैनिक जीवन को प्रभावित कर रहा है, क्योंकि वे सालों से इस नहर में नहाते आ रहे थे। महिलाओं ने मांग की कि नहर में पहले जैसी सीढ़ी बनाई जाए, ताकि उन्हें फिर से नहाने में कोई परेशानी न हो। उन्होंने विरोध करते हुए कहा कि इस प्रकार के निर्माण कार्यों में स्थानीय जरूरतों का ध्यान रखा जाना चाहिए। विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी की और मरम्मत कार्य में बदलाव की अपील की।

### नया मोड़ बस स्टैंड पर यात्री सुविधाओं की कमी

## बोकारो उपायुक्त ने बीएसएल प्रबंधन से सुधार की मांग की



संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय में आयोजित एक बैठक के दौरान उपायुक्त विजया जाधव ने नया मोड़ बस स्टैंड पर यात्री सुविधाओं की कमी पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने इस मुद्दे को लेकर बोकारो स्टील सिटी (बीएसएल) प्रबंधन को कड़ी चेतावनी दी और बस स्टैंड पर आवश्यक सुविधाओं की तत्काल बहाली की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि राज्यीय और अंतरराज्यीय बसों का आवागमन हर दिन होता है, लेकिन बस स्टैंड पर मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय, पार्किंग और फुटपाथ की कमी यात्रियों को असुविधा पहुंचा रही है। उपायुक्त ने मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाओं कुंदन कुमार को निर्देश दिए कि वे बस स्टैंड का निरीक्षण करें और यात्रियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं का सुधार शीघ्र करें। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर ने भी इस बात पर जोर दिया कि यह जिला मुख्यालय का एकमात्र बस स्टैंड है और इसकी सुविधाओं को सुधारना बेहद जरूरी है। उपायुक्त ने नियमित सफाई, कचरा निस्तारण और यात्री सुविधाओं को बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही।

## वेदांता ईएसएल स्टील द्वारा 33 युवा प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया

संवाददाता



**बोकारो।** वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड ने अपने सामाजिक और सामुदायिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए बोकारो जिले के चास और चंदनकियारी प्रखंड के 33 युवा प्रतिभाओं को सम्मानित किया। यह भव्य सम्मान समारोह वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी, सियालजोरी में आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षा, कौशल विकास और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को उनकी मेहनत और संघर्ष के लिए सराहा गया। इन युवाओं को विभिन्न सीएसआर कार्यक्रमों के तहत शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और खेलों में सफलता प्राप्त करने का अवसर मिला। समारोह में मुख्य रूप से प्रोजेक्ट प्रेरणा के तहत 13 छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने झारखंड राज्य पॉलिटेक्निक परीक्षा में सफलता प्राप्त की और एसएससी ग्रुप डिस्कशन के लिए अर्हता प्राप्त की। इसके अतिरिक्त, आस विद्यालय के छात्रों को भी सम्मानित किया गया, जिनमें कक्षा दसवीं की परीक्षा में शीर्ष तीन स्थानों पर रहने वाले छात्र शामिल थे। वेदांता ईएसएल स्किल विद्यालय के तहत सोलर और परिधान उद्योग के लिए प्रशिक्षित दो युवाओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहा गया, जो भविष्य में इन उद्योगों में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर तीरंदाजी अकादमी के तीरंदाजों को भी पुरस्कार से नवाजा गया, जिनमें से कुछ ने राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप में स्थान प्राप्त किया। कृतिका कुमारी जैसी युवा प्रतिभा, जिन्होंने अखिल भारतीय स्कूल चैंपियनशिप में रजत पदक जीता और राष्ट्रीय तीरंदाजी खेलों के लिए सीनियर राज्य स्तरीय ट्रायल के लिए क्वालीफाई किया, को भी सम्मानित किया गया। समारोह में वेदांता ईएसएल के अधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि कंपनी हमेशा अपने आसपास के लोगों को प्रेरित करती है ताकि वे अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करें।

## सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन




संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील लिमिटेड ने संयंत्र के विभिन्न विभागों के 22 अधिशासी अधिकारियों के लिए दो दिवसीय सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संयंत्र में सुरक्षा के सर्वोत्तम मानकों को सुनिश्चित करना और अधिकारियों को सुरक्षा प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवा) बीके सरतापे और महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) एसके भगत ने किया। इस अवसर पर बीके सरतापे ने सभी प्रतिभागियों को सुरक्षा शपथ दिलाई और कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संयंत्र में सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन करना न केवल कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि यह संयंत्र की कार्यक्षमता और उत्पादकता को भी बढ़ाता है। महाप्रबंधक एसके भगत ने भी इस प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी अधिकारियों से अपील की कि वे इस प्रशिक्षण से सीखी गई जानकारी को अपने सहकर्मियों के साथ साझा करें और संयंत्र में सुरक्षा के सर्वोत्तम मानकों का पालन करें। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और कर्मचारियों को बताया गया कि कैसे वे संभावित खतरों से बच सकते हैं और कार्यस्थल पर सुरक्षा बनाए रख सकते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और यह सुनिश्चित किया कि सभी अधिकारियों को सुरक्षा मानकों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त हो।

# बांग्लादेश में सनातनियों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ सनातन धर्म जागरण समिति का विशाल विरोध प्रदर्शन

संवाददाता



**बोकारो।** सनातन धर्म जागरण समिति के तत्वावधान में चास स्थित पटेल मार्किट चेक पोस्ट से उपायुक्त कार्यालय तक बांग्लादेश में हिन्दू, सिख, जैन, बौद्ध और सनातनियों पर हो रहे लगातार अत्याचारों और कायरतापूर्ण घटनाओं के खिलाफ एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली के दौरान समिति ने बांग्लादेश सरकार के खिलाफ कड़ा विरोध प्रदर्शन किया और उसे चेतावनी दी कि वह इन अत्याचारों को तुरंत रोकने के लिए ठोस कदम उठाए।

समिति द्वारा निकाली गई रैली का उद्देश्य बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हो रहे उत्पीड़न, हिंसा और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना था। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश सरकार से आग्रह किया कि वह हिन्दू समुदाय के खिलाफ हो रही हिंसा को तत्काल रोकें और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। इसके साथ ही उन्होंने इस्कॉन के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए उनकी तत्काल रिहाई की मांग की। ज्ञापन में प्रमुख रूप से बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों, विशेष रूप से इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा हिन्दू समुदाय और अन्य अल्पसंख्यकों पर किए जा रहे अमानवीय हमलों और बर्बरतापूर्ण कृत्यों की कड़ी निंदा की गई। समिति ने भारत सरकार से यह अनुरोध किया कि वह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस मुद्दे को उठाए और बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाते हुए जरूरी कार्रवाई करे। समिति ने यह भी कहा कि बांग्लादेश में धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन किया जा रहा है, जिससे वहां के अल्पसंख्यक समुदाय की स्थिति और भी खराब होती जा रही है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि भारतीय समाज और दुनिया भर के सनातनी समुदाय को इस मुद्दे पर जागरूक करने की आवश्यकता है, ताकि बांग्लादेश सरकार के खिलाफ वैश्विक दबाव बनाया जा सके। समिति ने यह भी अपील की कि भारत सरकार इस मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाए और बांग्लादेश के साथ द्विपक्षीय संबंधों में इस विषय को प्रमुख स्थान पर रखे।

इस व्यापक विरोध प्रदर्शन में भाजपा के वरिष्ठ नेता रोहित लाल सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता गिरीश सिंह, राजेंद्र कुमार विश्वकर्मा, समिति के सदस्य और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। रैली में भारत के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे हुए लोगों ने भी हिस्सा लिया और बांग्लादेश सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज किया। समिति के सदस्यों ने यह भी कहा कि यदि बांग्लादेश सरकार अपनी नीति में बदलाव नहीं करती और इन अत्याचारों को रोकने के लिए कदम नहीं उठाती, तो इस तरह के विरोध प्रदर्शन आगे भी जारी रहेंगे, और सनातन धर्म जागरण समिति इस मुद्दे को पूरी दुनिया के सामने उठाती रहेगी।

## बीएसएल ने पर्यावरण, सामाजिक और शासन पर कार्यशाला का आयोजन किया

संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील लिमिटेड ने अपने एसएमएस-2 और सीसीएस विभाग में ईएसजी पर्यावरण, सामाजिक और शासन सिद्धांतों पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का नाम 'धृति' रखा गया, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों को ईएसजी के सिद्धांतों और उनके अनुपालन के महत्व के बारे में जानकारी देना था। कार्यशाला में एसएमएस-2 और सीसीएस विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया और उन्हें पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जिम्मेदारी और अच्छे शासन की अवधारणाओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक अरविन्द कुमार ने किया और महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) नीता बा ने अपने उद्घाटन भाषण में ईएसजी सिद्धांतों की प्रासंगिकता और उनके व्यवसायिक अनुपालन के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला बोकारो इस्पात संयंत्र की टिकाऊ और जिम्मेदार व्यवसाय प्रथाओं को बढ़ावा देने में मदद करेगी और पर्यावरण संरक्षण व सामाजिक जिम्मेदारी की दिशा में कंपनी की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगी। कार्यशाला में ईएसजी सिद्धांतों पर एक इंटरएक्टिव सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### रेलवे लूप लाइन के अनापत्ति हेतु 9 दिसंबर को ग्रामसभा की तिथि निर्धारित

**चतरा।** सीसीएल के आम्रपाली-चंद्रगुप्त परियोजना क्षेत्र में रेलवे लूप लाइन के निर्माण के लिए सेरनदाग से वन अनापत्ति प्राप्त करने के लिए 9 दिसंबर को ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा। अंचलाधिकारी ने पत्र जारी कर इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। पिछले कई महीनों से इस परियोजना के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध जारी था और सीसीएल व राजस्व विभाग द्वारा अनापत्ति प्राप्त करने के कई प्रयास विफल हो चुके थे। इससे पहले इस मामले में गुपचुप तरीके से अनापत्ति लेने का भी मामला सामने आया था, जिसे लेकर अब ग्रामीण निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए अंचलाधिकारी ने 9 दिसंबर को बाजार टांड में ग्रामसभा आयोजित करने का निर्णय लिया है, जहां पुलिस बलों की उपस्थिति में राजस्व कर्मियों को सुस्पष्ट साक्ष्यों के साथ पंजी संधारण के निर्देश दिए गए हैं। इस मामले में विभागीय प्रयासों से ग्रामीणों में जोरदार विरोध की संभावनाएं हैं और यह देखना दिलचस्प होगा कि ग्रामसभा के दौरान क्या स्थिति बनती है।

### सांसद ने सदन में प्रदूषण और कोल वाहनों से दुर्घटना का मामला उठाया



**चतरा।** चतरा लोकसभा सांसद कालीचरण सिंह ने बुधवार को संसद में भारी प्रदूषण और कोल वाहनों द्वारा सड़क दुर्घटनाओं के गंभीर मुद्दे को उठाया। उन्होंने विशेष रूप से सीसीएल की आम्रपाली, मगध, पिपरवार और खलारी कोल परियोजनाओं से जुड़ी समस्याओं का जिक्र किया। सांसद ने कहा कि पिछले डेढ़ दशक से इन क्षेत्रों में कोल वाहनों से दुर्घटनाओं में हजारों लोगों की मौत हो चुकी है। इसके साथ ही इन परियोजनाओं से निकलने वाला भारी प्रदूषण भी स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा बन चुका है। प्रदूषण के कारण अब तेजी से लोग दमा, टीवी जैसी बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। सांसद ने सीसीएल के प्रबंधन को आड़े हाथों लेते हुए सरकार से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की है ताकि इन समस्याओं का समाधान हो सके। उन्होंने बताया कि प्रदूषण और दुर्घटनाओं पर नियंत्रण लगाने के लिए पहले भी कई बार स्थानीय लोगों ने विरोध किया है और पिछले महीने बड़ी संख्या में टाना भगत समुदाय ने एनटीपीसी और सीसीएल के खिलाफ जिला मुख्यालय पर घेराव किया था। अब जब यह मुद्दा संसद में उठा है, तो स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि सरकार जल्द ही इस पर कार्रवाई करेगी और इन समस्याओं का समाधान निकालेगी।

### पिपरवार जूनियर ने इलेवन ब्रदर्स चतरा को चार विकेट से हराया




**गिद्धौर/ चतरा।** चतरा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में प्रखंड मुख्यालय स्थित जवाहरलाल स्टेडियम में खेले गए लीग मैच में पिपरवार जूनियर की टीम ने इलेवन ब्रदर्स चतरा को चार विकेट से हराया। पिपरवार जूनियर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इलेवन ब्रदर्स चतरा की टीम ने निर्धारित 30 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 223 रन बनाए। इस पारी में जिगर ने 97 रन और अधिराज ने 58 रन बनाए। पिपरवार जूनियर की टीम की ओर से रौशन गोस्वामी और अनिकेत उरांव ने दो-दो विकेट लिए, जबकि मजीद और शौर्य ने एक-एक विकेट लिया। पिपरवार जूनियर की टीम ने जवाबी पारी में 25.2 ओवर में छह विकेट खोकर 224 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। इस पारी में रौशन गोस्वामी ने 90 रन बनाए, जबकि शाहनवाज ने 35 और कुलदीप ने 25 रन का योगदान दिया। इलेवन ब्रदर्स चतरा की ओर से विक्रम और नियाज अंसारी ने दो-दो विकेट लिए, जबकि अर्पित और अधिराज ने एक-एक विकेट लिया। इस प्रकार पिपरवार जूनियर की टीम ने इलेवन ब्रदर्स चतरा को चार विकेट से हराया। मैच का 'ऑफ द मैच' पुरस्कार रौशन गोस्वामी को दिया गया।

## इंटक राकोमसं नेताओं ने सीसीएल सीएमड़ी से मजदूरों के ज्वलंत समस्याओं पर की वार्ता



संवाददाता

**कथारा।** श्रमिक संगठन इंटक राकोमसं के केंद्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर झा उर्फ ददई दुबे, सीसीएल सचिव वरुण कुमार सिंह प्रतिनिधियों संग रांची स्थित दरभंगा हॉउस में सीसीएल सीएमड़ी निलेन्दु कुमार सिंह के साथ कोयला मजदूरों की ज्वलंत समस्याओ पर सीएमड़ी कार्यालय में वार्ता आयोजित की गई। वार्ता में श्रमिक नेताओं ने कहा कि सीसीएल के कई क्षेत्र के खदान विस्तारीकरण के कारण उत्पादन सुस्त है।

खासकर कथारा क्षेत्र के जारंगडीह कोलियरी मे सभी कार्य के वावजूद विस्तारीकरण का कार्य शुरू नहीं किया गया है, उसे जल्द शुरू किया जाय। सीसीएल के कोयला मजदूरों को खासकर डायलसिस जैसे उपचार के लिए हर माह मुख्यालय से सहमति लेनी पड़ती है। जिसके कारण मरीजों को काफी परेशानी होती है, इस समस्या को क्षेत्रीय स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाय। कोयला मजदूरों के प्रति प्रबंधन की सकारात्मक रवैया रहे ओर ससमय पदोन्नति, आवासों की मरम्मती आदि पर क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा कमेटी गठित कर जांच के बाद निराकरण किया जाय। खदानों में डिपार्टमेंटल कार्य के लिए नए मशीनों को उपलब्ध कराया जाय। संघ की बातों को सुनने के बाद कहा कि संगठन द्वारा बताये गए समस्याओं पर सीसीएल गंभीर होकर कार्य करेंगी। खदानों के विस्तारीकरण के लिए क्षेत्र के अनुसार कार्य किया जा रहा है। कोयला मजदूरों को डाइलेसिस के लिए मुख्यालय भेजने की जरूरत नहीं। इसके लिए क्षेत्रीय मेडिकल अधिकारी को आवेदन दिया जाय और सहमति लेने का कार्य क्षेत्रीय मेडिकल अधिकारी का दायित्व बनता है, बाकि मजदूरों के अन्य समस्याओं का गंभीरता से निदान किया जायेगा। कहा कि उत्पादन उत्पादकता व समप्रेशन में श्रमिक संगठन का सहयोग जरूरी है। वार्ता में अशोक ओझा, झूलन दुबे आदि उपस्थित थे।

## गिद्धौर पुलिस ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त किए



**गिद्धौर/ चतरा।** पुलिस ने बालू माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गुरुवार को दो ट्रैक्टर जब्त किए। यह जब्ती गुप्त सूचना के आधार पर की गई थी। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस को बलबल नदी से अवैध बालू उठाने की सूचना मिली थी, जिसके बाद छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी में दो ट्रैक्टर जब्त किए गए, जो अवैध रूप से बालू ले जा रहे थे। इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है और पुलिस ने आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रखने का संकल्प लिया है।

## चलकारी में सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप, संवेदक ने किया खंडन



संवाददाता

**बेरमो।** पेटरवार प्रखंड के चलकारी उत्तरी पंचायत स्थित रजक टोला में हनुमान मंदिर से श्मशान घाट तक 1.350 किमी लंबी सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप पंचायत समिति सदस्य इंद्रजीत मंडल ने लगाया है। उन्होंने कहा कि यह सड़क निर्माण झारखंड सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा आरडब्ल्यूडी/ईई बोकारो 40/2024-25 के तहत किया जा रहा है, जिसमें सड़क का निर्माण 8 फीट चौड़ी सड़क के दोनों तरफ 2-2 फीट ढलाई करके कुल 12 फीट चौड़ी बनाई जा रही है। सड़क निर्माण की लागत 99,80,700 रुपये बताई गई है। इंद्रजीत मंडल ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में अनियमितताएं हो रही हैं और इसके लिए उन्होंने उच्च अधिकारियों तथा मुख्यमंत्री से शिकायत करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा, उन्होंने यह भी कहा कि जिस भूमि पर सड़क बनाई जा रही है, वह रेलवे की संपत्ति है, लेकिन रेलवे से कोई एनओसी नहीं लिया गया है, जिसके कारण रेलवे को पत्र भेजा जाएगा। वहीं, गांव के एक अन्य ग्रामीण प्रदीप नायक ने सड़क निर्माण कार्य रोक दिया है।

## जनार्दन पासवान का स्वागत समारोह



संवाददाता

**चतरा।** नवनिर्वाचित विधायक जनार्दन पासवान का स्थानीय जलछाजन भवन परिसर में क्रीड़ा भारती चतरा इकाई और महिला पतंजलि ने संयुक्त रूप से भव्य स्वागत किया। इस आयोजन में चतरा सांसद प्रतिनिधि कला, संस्कृति, पर्यटन और खेल-कूद विभाग के विकास कुमार केशरी ने कार्यक्रम का संबोधन किया। दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरूआत की गई और उसके बाद विधायक जनार्दन पासवान को उत्कृष्ट खिलाड़ियों द्वारा माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में चतरा जिले के विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। इन संघों में चतरा जिला ताइक्वांडो संघ, महिला पतंजलि योग समिति, चतरा जिला टेबल टेनिस संघ, चतरा जिला टेबल सॉकर संघ, चतरा जिला तलवारबाजी संघ, चतरा जिला हैपकिडो संघ, और अन्य कई खेल संघों के सदस्य शामिल थे। विधायक ने इस अवसर पर चतरा लोकसभा क्षेत्र के जनता का उनका विश्वास बनाए रखने के लिए धन्यवाद दिया और यह घोषणा की कि वे जनता की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे और हमेशा उनकी मदद के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## विश्व मृदा दिवस का आयोजन



संवाददाता

**लावालौंग।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को विश्व मृदा दिवस मनाया गया, जिसका उद्देश्य किसानों को मिट्टी के स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी विपिन कुमार भारती, प्रमुख मनीषा देवी, और एटीएम तथा बीटीएम के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों और किसानों ने भाग लिया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों को बताया कि पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने में मिट्टी का अत्यधिक महत्वपूर्ण योगदान है, और हर किसान को अपनी खेत की मिट्टी के बारे में जानकारी रखना आवश्यक है, ताकि वे खाद, बीज और छिड़काव को मिट्टी की स्थिति के अनुसार कर सकें। बीटीएम ने सरकार द्वारा शुरू की गई स्वाइल हेल्थ कार्ड योजना के बारे में जानकारी दी, जिसके तहत किसानों की मिट्टी की जांच की जाती है और उन्हें स्वास्थ्य कार्ड दिया जाता है, जिससे वे सही खेती के लिए आवश्यक कदम उठा सकते हैं।

## पंचायत समिति बैठक में कई प्रस्ताव पारित



संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय में पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रमुख अनीता यादव की अध्यक्षता में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। इस बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे मशीन और लैब की शुरूआत का प्रस्ताव पास किया गया। स्वास्थ्य विभाग से एक्स-रे मशीन और लैब की स्थापना की मांग की गई। इसके अलावा, बैठक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी की लापरवाही के कारण नवोदय में चयनित आलिस का नामांकन न होने पर जमकर नाराजगी जताई गई और जिला शिक्षा पदाधिकारी से तुरंत नामांकन की अपील की गई, जिस पर उन्होंने दो दिन के अंदर नामांकन पूरा करने का आश्वासन दिया। साथ ही, बैठक में अवैध बालू उठाव करने वाले माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही गई। पंचायत समिति ने यह भी निर्णय लिया कि स्थानीय स्तर पर प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास और अबूआ आवास जैसे निर्माण कार्यों में धान क्रैक केंद्र स्थापित किए जाएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मनरेगा योजना की जांच कमेटी भी गठित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कई अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त किए और आगामी कार्यों को लेकर विभिन्न निर्णय लिए गए।

## शराब कारोबारियों के विरुद्ध उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई



संवाददाता

**चतरा।** जिले में उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र के ब्रम्हा मोड़ के पास एक मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया, जहां विदेशी शराब का अवैध निर्माण किया जा रहा था। यह फैक्ट्री भोला दांगी द्वारा अपने घर के सामने एक कंपाउंड में संचालित की जा रही थी। यहां स्पिरिट में कैरेमल और एसेंस मिलाकर नकली शराब तैयार की जाती थी और फिर ब्रांडेड शराब की बोतलों में भरकर नकली लेबल और होलोग्राम लगा कर पैकिंग की जाती थी। छापामारी के दौरान 164.250 लीटर बोतलबंद विदेशी शराब, 40 लीटर तैयार रंगीन शराब, 630 लीटर स्पिरिट, 5 लीटर कैरेमल, और विभिन्न ब्रांड की बोतलें, ढक्कन, लेबल और होलोग्राम जब्त किए गए। मौके से आरोपी भोला दांगी अपने सहकर्मियों के साथ भागने में सफल रहा, लेकिन उसकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। यह कार्रवाई उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर की गई है, और इस मामले में अभियुक्तों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया जाएगा। चतरा उत्पाद विभाग के अधीक्षक ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह छापामारी की गई थी और आगे भी अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ इसी तरह की सघन कार्रवाई जारी रहेगी।

## खलिहान में लगी आग, लाखों रुपये का धान जलकर राख



संवाददाता

**हंण्टरगंज/ चतरा।** चतरा के हंण्टरगंज प्रखंड के नावाडीह-पनारी पंचायत के मायापुर कला गांव में बुधवार रात करीब 11 बजे एक खलिहान में आग लग गई, जिससे लाखों रुपये का धान जलकर राख हो गया।

पीड़ित दिनेश दास ने बताया कि उन्होंने इस वर्ष तीन एकड़ जमीन में धान की फसल उगाई थी, जिसे काटकर खलिहान में रखा था। रात्रि के समय आग लगने की सूचना मिलने पर वह और उनके परिवारवाले खलिहान पहुंचे, लेकिन तेज लपटों के कारण वे आग बुझाने में असफल रहे। ग्रामीणों ने दो मोटरों से पानी डालने की कोशिश की, लेकिन तब तक सारा धान जल चुका था। पीड़ित ने जिला प्रशासन से क्षति पूर्ति की मांग की है। इस घटना की सूचना मिलने पर जिला परिषद बेचन पासवान पीड़ित के घर पहुंचे और उन्हें राहत देने का आश्वासन दिया, साथ ही कहा कि जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत क्षतिपूर्ति दिलवाने के प्रयास किए जाएंगे।

## पोस्टर मेकिंग व रंगोली प्रतियोगिताओं में राजकुमार बक्शी और शिवांगी सजल ने जीते प्रथम स्थान



संवाददाता

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कला और संस्कृति समिति के तत्वाधान में 4 और 5 दिसंबर को पोस्टर मेकिंग और मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 'विज्ञान का प्रभाव' विषय पर आठ प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में अर्थशास्त्र विभाग के राजकुमार बक्शी को प्रथम, फिजियोथैरेपी की अंजलि को द्वितीय और प्रबंधन विभाग की कशिश रानी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में 'दुल्हन' विषय पर 20 विभागों के 20 प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इसमें अंग्रेजी विभाग की शिवांगी सजल को प्रथम, प्रबंधन विभाग की मुस्कान केसरी को द्वितीय और जंतु विज्ञान विभाग की निभा कुमारी को तृतीय स्थान मिला।राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ० जॉनी रुफिना तिर्की, शिक्षाशास्त्र विभाग की डॉ० अमिता कुमारी, प्रबंधन विभाग की डॉ० कनुप्रिया गुप्ता और शिक्षाशास्त्र विभाग की डॉ. विनीता बानकिरा निर्णायक के रूप में उपस्थित थे। शुक्रवार को ऑन-द-स्पॉट फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भाग लेने वाले प्रतिभागी अपने कैमरे के साथ राजनीति विज्ञान विभाग में पंजीकरण करवाएंगे।

### कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**चतरा।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा चतरा के जिला अध्यक्ष संजय कुमार सुमन ने लावालौंग पंचायत में ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण का आयोजन किया। उन्होंने सभी को ठंड से बचने के उपाय बताए और विशेष रूप से यह अनुरोध किया कि इस समय सर्दी अधिक बढ़ने वाली है, इसलिए लोग बाहर बिना गर्म कपड़े के न निकलें और गर्म पानी का सेवन करें। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता मिथिलेश कुमार सिंह और कन्हैया सिंह भी उपस्थित थे। यह पहल खासतौर पर गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए राहतकारी साबित हुई, जिससे उनका जीवन इस कड़क सर्दी में कुछ हद तक आसान हो सका।

## एसएसआरपी कंपनी द्वारा प्रदीप प्रसाद के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन

संवाददाता

**हजारीबाग।** मटवारी चौक स्थित एसएसआरपी कंपनी के मुख्य कार्यालय में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर कंपनी के सदस्यों, कर्मचारियों और आमंत्रित अतिथियों ने प्रदीप प्रसाद को उनकी ऐतिहासिक और प्रभावशाली जीत के लिए बधाई देते हुए उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। समारोह के दौरान एसएसआरपी कंपनी की ओर से प्रदीप प्रसाद को नेपाल की पारंपरिक टोपी, अंग वस्त्र, और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके समाज और जनहित के प्रति किए गए कार्यों और उनकी प्रचंड जीत के प्रतीक के रूप में दिया गया। कंपनी के लोगों ने कहा कि श्री प्रसाद की सफलता हर व्यक्ति के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

इस अवसर पर प्रदीप प्रसाद ने भावुक शब्दों में कहा कि यह जीत केवल मेरी नहीं है, यह उन सभी लोगों की जीत है जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया। मैं इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाने का वादा करता हूं। समाज के हर वर्ग के हितों को प्राथमिकता देना मेरा कर्तव्य होगा।₹ कार्यक्रम के दौरान कंपनी के सभी वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी की। कर्मचारियों ने श्री प्रसाद की उपलब्धियों को सराहते हुए कहा कि उनकी जीत पूरे समाज के लिए एक नई दिशा तय करेगी। एसएसआरपी कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा, ₹हमारा सौभाग्य है कि हमें प्रदीप प्रसाद जैसे व्यक्ति का मार्गदर्शन मिला है। उनकी सोच और नीतियां समाज और व्यवसाय दोनों के लिए नई संभावनाएं लेकर आएंगी। कार्यक्रम का समापन कंपनी के अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन और सभी उपस्थितजनों को भविष्य में सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में सहयोग देने का आह्वान करते हुए किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से एमडी सुशील कुमाल, पार्बती धामी, सिव्हा धकल, रोशन घिमर और रिंकू वर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, शुक्रवार 06 दिसंबर 2024



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

# धनबाद का प्रसिद्ध बिरसा मुंडा पार्क अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा

संवाददाता

**धनबाद।** शहर का प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट बिरसा मुंडा पार्क, जो कभी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र हुआ करता था, अब अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यह पार्क, जो नगर निगम द्वारा विकसित किया गया था, अब देखरेख के अभाव और गंदगी के कारण पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो चुका है। एक समय था जब यहां दूर-दूर से लोग घूमने आते थे और इस पार्क के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेते थे, लेकिन आजकल यह स्थिति बिल्कुल उलट है।



पार्क की सड़कों की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि अधिकांश सड़कें टूट चुकी हैं और मरम्मत की कोई कोशिश नहीं की गई है। पार्क में लगाए गए पौधे और फूल सूख चुके हैं और पार्क की प्राकृतिक सुंदरता अब कहीं दिखाई नहीं देती।

इसके अलावा, पार्क में बोटिंग की व्यवस्था थी, जो अब पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है। तालाब गंदगी से भर चुका है और इसका पानी गंदा हो चुका है, जिससे न केवल सौंदर्य बल्कि पर्यटकों की सेहत पर भी असर पड़ रहा है। पार्क के झूले और फिसलने वाले स्लाइडर अब खराब हो चुके हैं और बच्चों के लिए खेलने की कोई सुरक्षित जगह नहीं है। बैठने के लिए बने बेंच भी टूट चुके हैं, जिससे पार्क में आने वालों को आराम से बैठने की कोई सुविधा नहीं मिलती।

इसके अलावा, पार्क में पीने के पानी की व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई है। यहां पर वाटर टैप लगाए गए थे, लेकिन अब उनमें पानी नहीं आता। टंकी की सफाई भी वर्षों से नहीं कराई गई है। अब लोग पार्क के भीतर खुले दुकानों से पानी खरीदकर पीने को मजबूर हैं। यह पार्क अब अपनी जर्जर हालत की मिसाल बन चुका है और इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। पार्क के प्रमुख आकर्षणों में से एक, भूलभुलैया, जो एक समय लोगों के लिए मनोरंजन का प्रमुख स्रोत हुआ करती थी, अब बदहाल हो चुकी है। वहां पर लगे पेड़-पौधे सूख गए हैं और रास्ते के प्लास्टिक शेड भी टूट चुके हैं। यह स्थल अब पहले जैसा आकर्षण नहीं बना रहा, और पर्यटकों को अब यहां आने में कोई रुचि नहीं रह गई है।

## सर्व धर्म सामूहिक विवाह समिति की बैठक, 15 जनवरी को 101 जोड़ों का सामूहिक विवाह

संवाददाता

**धनबाद।** हीरापुर स्थित वेडिंग व्हील्स मैरिज गार्डन में सर्व धर्म सामूहिक विवाह समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष मंजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 15 जनवरी 2025 को आयोजित होने वाले 101 जोड़ों के सामूहिक विवाह की तैयारियों पर चर्चा की गई।

समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि यह आयोजन लगातार 11 वें वर्ष हो रहा है। सामूहिक विवाह में सभी धर्मों के जोड़ों का विवाह उनके रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराया जाता है। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, और अब तक 14 जोड़े रजिस्ट्रेशन फॉर्म ले चुके हैं। यह फॉर्म निशुल्क रूप से बेकार बांध स्थित पंडित डेकोरेटर में उपलब्ध हैं। समिति ने बताया कि लड़कियों की उम्र न्यूनतम 18 वर्ष और लड़कों की 21 वर्ष होना अनिवार्य है।



रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 5 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है। विवाह उपरांत नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी शुरू करने के लिए आवश्यक सामान उपहार स्वरूप प्रदान किया जाएगा। महिला विंग की प्रमुख श्रीमती जया सिंह ने बताया कि इस आयोजन में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

मेहंदी और हल्दी रस्म से लेकर बारात और सरात के लिए भोजन व्यवस्था तक की जिम्मेदारी महिला विंग द्वारा निभाई जाती है। बैठक में समिति के अन्य सदस्यों द्वारका प्रसाद तिवारी, भगत जी भगत, दिलीप सिंह, तारक नाथ, समीरान सरकार, जितेंद्र मालाकार, संगीता जायसवाल, अनु कुमार और नवीन गुप्ता सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बुजुर्गों की देखभाल पर विशेष सेमिनार का आयोजन



**धनबाद।** सरायढेला स्थित आयुष फाउंडेशन धनबाद के कार्यालय में गुरुवार को बुजुर्गों की देखभाल पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बुजुर्गों की देखभाल के महत्व को रेखांकित करना और उनके प्रति सम्मान एवं स्नेह बढ़ाने पर जोर देना था। सेमिनार में आयुष फाउंडेशन के सक्रिय सदस्य, सुई-धागा प्रशिक्षण कार्यक्रम के विद्यार्थी और स्थानीय समुदाय के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। वक्ताओं ने बुजुर्गों की सेवा, देखभाल और उनके प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए प्रेरणादायक विचार साझा किए। इस दौरान फाउंडेशन के सदस्यों ने बुजुर्गों की सेवा को अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। आयोजन के दौरान बुजुर्गों के प्रति प्यार और अपनापन बढ़ाने के कई व्यावहारिक उपायों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही यह संदेश दिया गया कि बुजुर्ग हमारी विरासत हैं, जिनकी सेवा और सम्मान करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। आयुष फाउंडेशन के इस प्रयास को स्थानीय समुदाय ने खुले दिल से सराहा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी उपस्थित सदस्यों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। फाउंडेशन के सदस्यों ने भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन जारी रखने और समाज में विभिन्न वर्गों के बीच आपसी सद्भाव बढ़ाने का संकल्प लिया। यह सेमिनार समाज के लिए एक प्रेरणादायक कदम साबित हुआ, जिसने बुजुर्गों के प्रति नई सोच और संवेदनशीलता विकसित करने का मार्ग प्रशस्त किया।

### कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन



**सिंदरी।** सिंदरी के साईं मंदिर शहरपुरा में ठंड के मौसम को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व विधायक इन्द्रजीत महतो की जिला परिषद सदस्य तारा देवी के नेतृत्व में हुआ, जिसमें बीएड कॉलेज के छात्रों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर समृद्धि प्रधान ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

समाज सेवा की महत्ता पर जोर : तारा देवी ने कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में समाज में जरूरतमंदों की मदद को नैतिक जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल जरूरतमंदों को राहत पहुंचाते हैं, बल्कि समाज में सेवा और परोपकार की भावना को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे आयोजन समाज के अन्य वर्गों को भी प्रेरित करते हैं और सेवा भाव को बढ़ावा देते हैं।

**बीएड कॉलेज के छात्रों का योगदान**

बीएड कॉलेज के छात्रों ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई और कंबल वितरण के दौरान जरूरतमंदों से बातचीत की। छात्रों ने उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास किया और आयोजन को और प्रभावी बनाने में योगदान दिया। इस पहल ने छात्रों को समाज सेवा के महत्व को महसूस कराया और उन्हें इस दिशा में और अधिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### एसजेएएस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में सात को निःशुल्क डेंटल और नेत्र रोग शिविर का आयोजन

**धनबाद।** धनबाद के एसजेएएस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में 7 दिसंबर को विशेष निःशुल्क डेंटल और नेत्र रोग ओपीडी शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। इसमें डेंटल विशेषज्ञ डॉ० आकृति चौधरी और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ० अतंभा बंधोपाध्याय मरीजों को निःशुल्क परामर्श और आवश्यक चिकित्सा सलाह प्रदान करेंगे। अस्पताल के सीईओ डॉ० जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि यह शिविर समाज के उन वर्गों को ध्यान में रखकर आयोजित किया गया है।

## पंचमोहली पंचायत में वित्तीय अनियमितता का आरोप निराधार, बीडीओ ने दी क्लीन चिट

संवाददाता

**कुमारधुबी।** पंचमोहली पंचायत की मुखिया पारुल पांडेय पर नाली और चबूतरा निर्माण में गबन के आरोपों को लेकर गुरुवार को एग्यारकुंड बीडीओ मधु कुमारी ने उन्हें क्लीन चिट दे दी। बीडीओ ने स्पष्ट किया कि जांच में कोई वित्तीय अनियमितता सामने नहीं आई है। पंचायत में नाली, चबूतरा और पेवर ब्लॉक के निर्माण को लेकर विवाद और जांच पिछले कुछ महीनों से जारी था। मुखिया संघ अध्यक्ष काकुली मुखर्जी के नेतृत्व में सभी मुखियाओं ने बीडीओ से मुलाकात कर मामले का समाधान करने की अपील की।



बीडीओ मधु कुमारी ने बताया कि नाली निर्माण के दौरान योजना में बदलाव हुआ था। पहले पांच इंच चौड़ाई का नाला बनना था, लेकिन उसे दस इंच का बना दिया गया, जिससे दो योजनाओं का पैसा उसी नाले में खर्च हो गया। हालांकि, यह गबन का मामला नहीं है। चबूतरा निर्माण की राशि भी मुखिया ने वापस कर दी है। पेवर ब्लॉक के संबंध में बीडीओ ने कहा कि चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र से अभी स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं हुआ है। रिपोर्ट मिलने के बाद ही इस मुद्दे पर निर्णय लिया जाएगा। इस मौके पर मनोज राउत, तनवीर आलम, कंचन महतो, बंदना देवी, रीता रवानी, अजय मुर्मू, अजय पासवान, दुबराज महतो, रामदेव पासवान, पप्पू यादव, रिंटू पाठक समेत अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## धनबाद में नशे का कारोबार, भिखारियों

संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद में नशे का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है और इसके शिकार अब केवल बड़े लोग ही नहीं, बल्कि छोटे-छोटे बच्चे, छात्र, और यहां तक कि भिखारी भी हो रहे हैं। यह नशे की लत अब शहर के शहरी इलाकों से बाहर निकलकर ग्रामीण क्षेत्रों और कोलियरी क्षेत्रों तक फैल चुकी है। इस स्थिति का मुख्य कारण युवाओं के बीच नशे को फैशन मान लेना और सहनशक्ति की कमी है। जब युवा खुद को मानसिक तनाव से उबारने के लिए नशे का सहारा लेते हैं, तो उनका हौसला टूट जाता है और वे धीरे-धीरे नशे की गिरफ्त में आ जाते हैं। विज्ञान के नजरिए से देखा जाए, तो नशे की लत एक बीमारी है, जिसमें व्यक्ति का खुद पर नियंत्रण नहीं रहता और वह



इस पर काबू नहीं पा सकता। अभिभावकों द्वारा बच्चों को समय न देने और उनके व्यस्त जीवन के कारण नशे का कारोबार बढ़ने में मदद मिल रही है। धनबाद में यह नशे का कारोबार कोलियरी क्षेत्रों तक भी फैल चुका है, जिससे अब वहां के युवा भी इस लत का शिकार हो रहे हैं।शहर के कुछ प्रमुख इलाकों जैसे भुली, पांडरपाला, वासेपुर, स्टेशन रोड, हीरापुर, और सरायढेला में हेरोइन और गांजे का कारोबार खुलेआम चल रहा है। यह मादक पदार्थ अब चाय की टपरी पर भी मिलने लगा है। इन इलाकों में कुछ गिरोह सक्रिय हैं, जो स्कूल-कॉलेज के बाहर युवाओं को नशे का सामान उपलब्ध कराते हैं। कई बार तो यह सामान उधारी में भी दिया जाता है और बाद में पैसे की वसूली की जाती है।

## विद्यालय विकास और शैक्षणिक योजनाओं पर प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित

संवाददाता

**कुमारधुबी।** एग्यारकुंड प्रखंड सभागार में गुरुवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी निरसा-3 एवं समन्वयक प्रखंड संसाधन केंद्र निरसा स्वप्न कुमार मंडल की अध्यक्षता में एक व्यापक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यालयों के समग्र विकास, शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन और प्रशासनिक कार्यों को सुचारू बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।बैठक के मुख्य बिंदुओं में विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत गतिविधियों का संचालन, संबंधित पंजी संधारण, शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करना, मध्यान्ह भोजन संचालन की स्थिति, छात्रों की उपस्थिति का विद्या वाहिनी पोर्टल में अद्यतन, प्रतिदिन एसएमएस की स्थिति, मध्यान्ह भोजन खर्च का विवरण और इको क्लब का गठन शामिल था। इसके साथ ही प्रोजेक्ट इंपैक्ट का क्रियान्वयन, प्रयास नवीकरण, शिशु पंजी सर्वे, विद्यालय प्रबंधन



समिति का प्रशिक्षण, छात्रों की आधार आईडी की स्थिति, यू-डाइस डेटा का अद्यतन और प्रोजेक्ट रेल के क्रियान्वयन पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के तीन इकाई के अध्यक्ष प्रमोद कुमार झा, राजीव रंजन मिश्रा, मुराद हुसैन, संजय मंडल, उज्ज्वल झाल, राजीव गोप, संजय कुमार सिंह, अजीम अंसारी, सोहेल अख्तर, संतलाल बैठा, विनोद कुमार चौधरी, प्रसनजीत मुखर्जी, विनोद यादव, शैलेंद्र कुमार, लिपका दास, मीना कुमारी, एमडी सलीम, मंसूर रहमान, कालीचरण कुमार, विष्णु लाल किस्कू, सागर दरिप्पा, शिवराम हरिजन, धनंजय रावत, चंदन कुमार मिश्रा, पंकज कुमार सिंह, बप्पा गोस्वामी, साधना राय, सुरेंद्र कुमार वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस बैठक का उद्देश्य प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाना, बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर ध्यान केंद्रित करना, और शैक्षणिक योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करना था। प्रखंड शिक्षा विभाग ने सभी संबंधित पक्षों को सक्रिय भूमिका निभाने और योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने का निर्देश दिया।

## ओबी डंप हटाने का आदेश, बीसीसीएल को नोटिस

**बलियापुर।** अंचल अधिकारी प्रवीण सिंह ने बीसीसीएल लोदना एरिया 10 के महाप्रबंधक और एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग कंपनी को झारखंड सरकार की अनाबाद भूमि पर गैरकानूनी तरीके से ओबी डंप करने के खिलाफ नोटिस जारी किया है। यह नोटिस अतिक्रमण वाद अधिनियम के अंतर्गत जारी किया गया है, जिसमें दोनों संस्थाओं को अनाबाद भूमि से ओबी डंप को हटाने के लिए निर्देशित किया गया है।

**अतिक्रमण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी**

अंचल अधिकारी ने स्पष्ट किया कि झारखंड लोक अतिक्रमण अधिनियम 1956 के तहत यह भूमि लोकभूमि मानी जाती है, और बीसीसीएल द्वारा ओबी डंप किया जाना पूरी तरह से गैरकानूनी है। उन्होंने महाप्रबंधक बीसीसीएल और एटी देवप्रभा कंपनी को सूचित किया कि यदि वे 16 दिसंबर तक अंचल अधिकारी के कक्ष में उपस्थित होकर इस अतिक्रमण को हटाने के कारणों का स्पष्टीकरण नहीं देंगे।

## सीओ कार्यालय में महिला का पर्स चोरी

### बेटी की शादी के कपड़े खरीदने के लिए रखे थे पैसे

संवाददाता

**धनबाद।** मंईयां सम्मान योजना के आवेदन में त्रुटि सुधार कराने के लिए धनबाद अंचल कार्यालय गई एक महिला को भारी नुकसान उठाना पड़ा। शोभा देवी, जो भूली स्थित पंचवटी नगर की निवासी हैं, बुधवार को अपनी बेटी की शादी के लिए कपड़े खरीदने के उद्देश्य से धनबाद अंचल कार्यालय आईं थीं। वह लाइन में खड़ी थी, जब उचक्के ने उनके पर्स को चुरा लिया। पर्स में 4,000 रुपये थे, जो उन्होंने बेटी की शादी के कपड़े खरीदने के लिए रखे थे। शोभा देवी ने बताया कि 15 दिसंबर को उनकी बेटी की शादी है और वह इसी सिलसिले में बाजार में कपड़े खरीदने के लिए जा रही थीं। अंचल कार्यालय में इस समय मंईयां सम्मान योजना के लाभ के लिए आवेदन करने वाली महिलाओं की लंबी कतारें लगी हुई थीं। शोभा देवी जब अपनी बारी का इंतजार कर रही थीं, तब किसी ने भीड़ का फायदा उठाकर उनका पर्स चुरा लिया। पर्स में रखे पैसे के अलावा महिला के पास और कुछ भी नहीं था। पर्स चोरी होने के बाद शोभा देवी रोते हुए अंचल कार्यालय के कर्मचारियों से मदद की गुहार लगाती रहीं और पर्स ढूंढ़ने की मिन्नतें करती रहीं, लेकिन उचक्के का कोई सुराग नहीं मिल सका। यह घटना तब हुई जब अंचल कार्यालय में मंईयां सम्मान योजना के आवेदन को लेकर महिलाओं की भारी भीड़ थी।

और कई लोग अपनी समस्याओं का समाधान कराने के लिए घंटों इंतजार कर रहे थे। महिला के लिए यह घटना दुखदाई थी, क्योंकि उसकी बेटी की शादी के लिए वह पहले से ही परेशान थी, और अब इस घटना ने उसकी मुश्किलें और बढ़ा दीं।

### बरमसिया पर बढ़ेगा ट्रैफिक दबाव

## बैंक मोड़ फ्लाईओवर 15 दिसंबर से डेढ़ महीने के लिए बंद

संवाददाता

**धनबाद।** शहर के महत्वपूर्ण बैंक मोड़ फ्लाईओवर पर गाड़ियों का आना-जाना 15 दिसंबर से पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। यह फ्लाईओवर करीब डेढ़ महीने तक बंद रहेगा। इस दौरान पथ निर्माण विभाग फ्लाईओवर की मरम्मत और लिफ्टिंग का कार्य करेगा।



फ्लाईओवर को 6 से 7 इंच ऊपर उठाने और इसके 184 पुराने बेयरिंग को बदलने की योजना बनाई गई है। विभाग के अधिकारी मिथिलेश प्रसाद ने जानकारी दी कि इस कार्य को दिसंबर में शुरू करने का निर्णय इसलिए लिया गया है ताकि स्कूलों की छुट्टियों के दौरान यातायात कम रहे और लोगों को ज्यादा परेशानी न हो। मरम्मत के दौरान फ्लाईओवर पर केवल दोपहिया वाहनों को अनुमति दी जाएगी।

ट्रैफिक विभाग फिलहाल वैकल्पिक रूट की योजना बना रहा है, जिसे उपायुक्त से स्वीकृति मिलने का इंतजार है। इस फ्लाईओवर को नई इलॉस्टो मैरिक बेयरिंग तकनीक से मजबूत बनाया जाएगा, जिससे इसका स्थायित्व और भार सहने की क्षमता काफी बढ़ जाएगी। फ्लाईओवर का निचला हिस्सा पहले ही तैयार किया जा चुका है और रेलिंग लगाने का कार्य जारी है। फ्लाईओवर के बंद होने से बरमसिया फ्लाईओवर पर यातायात का दबाव बढ़ेगा। दो साल पहले जब बैंक मोड़ फ्लाईओवर की लोड टेस्टिंग के दौरान इसे 72 घंटे के लिए बंद किया गया था, उस समय भी बरमसिया फ्लाईओवर पर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया था। उस दौरान बरमसिया फ्लाईओवर पर यातायात का भारी दबाव पड़ा था, जिससे लंबी-लंबी कतारें लग गई थीं। प्रशासन इस बार स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त वैकल्पिक मार्ग तैयार करने की योजना बना रहा है।

## सुभाषितम्

**यशस्वियों का कर्तव्य है कि जो अपने से होड़ करे उससे अपने यश की रक्षा भी करें। - कालिदास**

## देवेंद्र फडणवीस : लो...लौट आया समुंदर...!

गढ़चिरौली के घने जंगलों से लेकर मुंबई के मलाबार हिल तक फैले महाराष्ट्र के सियासी फलक पर फिलहाल एक ही नाम गूंज रहा है- देवेन्द्र गंगाधरराव फडणवीस। तीसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री बनने वाले फडणवीस ने 2019 में विरोधियों को चेताया था मैं समुंदर हूं, मेरे किनारों पे घर मत बनाना। उस वक्त उनकी खूब हंसी उड़ाई गई थी। लेकिन 2024 के विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत के साथ सत्ता में लौटे फडणवीस ने इसे सच कर दिखाया। महाराष्ट्र की सियासत का अपना अलग रंग है। राज्य की स्थापना से लेकर अधिकांश समय तक यहां कांग्रेस और एनसीपी ही सत्ता में रही है। फुले, शाहूजी और आंबेडकर का नाम लेकर राजनीति करने वाले इस राज्य में शरद पवार और स्व. बालासाहब ठाकरे राजनीति के दो प्रमुख केन्द्र माने जाते रहे हैं। बालासाहब के बाद राज्य में उनके जैसी राजनीतिक हैसियत रखने वाला दूसरा नेता नहीं उभरा। वहीं, जोड़-तोड़, शह-मात की सियासत करने वाले शरद पवार को चुनौती देने वाला कोई नहीं था। महाराष्ट्र कि राजनीति में अब तक वही होता रहा जो पवार चाहते थे। लेकिन पहली बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के युवा स्वयंसेवक ने पवार को ललकारा, इतना ही नहीं पवार के सारे समीकरण ध्वस्त कर अपना परचम बुलंद किया। नतीजतन, कभी राज्य की सियासत को अपनी जेब में रखने वाले शरद पवार की पार्टी को महज 10 विधायकों से संतोष करना पड़ा।

राजनीतिक यात्रा में 2024 लोकसभा चुनाव को छोड़ दें तो फडणवीस का करियर ग्राफ लगातार ऊपर ही बढ़ रहा है। सिर्फ 22 साल की उम्र में नागपुर में पार्षद बनने से जो सफर शुरू हुआ था अब वो महाराष्ट्र के तीसरी बार सीएम बनने तक पहुंच गया है। अपनी शर्तों पर राजनीति करने वाले फडणवीस महाराष्ट्र के दूसरे ऐसे सीएम हैं, जिन्होंने 5 साल का अपना कार्यकाल पूरा किया। उनसे पहले वसंतराव नाईक ने 1967-72 के बीच अपना मुख्यमंत्री का कार्यकाल पूरा किया था। इस रिकॉर्ड की बराबरी फडणवीस 2014-19 के बीच कर चुके हैं और अब तो कई नए रिकॉर्ड बनाने की बारी है।

फडणवीस की राजनीतिक यात्रा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से शुरू हुई। वह 1990 के दशक में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) में शामिल हुए। 1992 में नागपुर के रामनगर वार्ड से पहला नगर निगम चुनाव जीते और 22 वर्ष की उम्र में सबसे युवा पार्षद बने। उसके बाद 1997 में फडणवीस नागपुर के सबसे युवा मेयर बने और भारत के दूसरे सबसे युवा मेयर बने। इसके बाद 1999 से 2024 तक लगातार 6 बार महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य चुने गए हैं। 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा को 105 सीटें मिली थी लेकिन ऐन वक्त पर शिवसेना ने एनसीपी और कांग्रेस से हाथ मिलाया। नतीजतन फडणवीस को नेता प्रतिपक्ष बनना पड़ा। इस दौरान उन्होंने अपनी नई सियासी भूमिका बखूबी निभाई। कोरोना महामारी के समय राज्य में हो रही धांधलियों पर फडणवीस ने कड़ा प्रहार किया। इसी दौरान फडणवीस के चलते राज्य के तत्कालीन गृहमंत्री अनिल देशमुख को जेल जाना पड़ा था। बदले पर उतारू महाविकास आघाडी (मविआ) के नेताओं ने फडणवीस पर बड़े, गहरे और निजी प्रहार किए। फडणवीस के व्यक्तित्व से लेकर उनके पारिवारिक सदस्यों तक की कड़ी आलोचना हुई। इसके बावजूद फडणवीस शांत रहे, अपना काम करते रहे।

समय-समय पर अपमान का घूंट पीकर फडणवीस ने 2022 में शिवसेना को पहला झटका दिया। जब एकनाथ शिंदे की अगुवाई में शिवसेना का बड़ा कुनबा भाजपा से जा मिला। बगावत से बौखलाए उद्धव ठाकरे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद समय-समय पर फडणवीस की राह मे रोड़े अटकाने वाले शरद पवार का नंबर आया। फिर महाराष्ट्र की राजनीति में वह हुआ जिसकी किसी ने कल्पना नहीं की होगी। शरद पवार के सगे भतीजे अजित और उनके 80 फीसदी सहयोगी फडणवीस से जा मिले। इस बगावत से केवल एनसीपी ही नहीं टूटी बल्कि पवार का परिवार भी बिखर गया। महाराष्ट्र की राजनीति में इसे सियासी सुनामी करार दिया गया था।
फडणवीस और मविआ नेताओं में शह और मात का यह खेल 2024 के लोकसभा चुनाव में बदल गया। मविआ को मिली जीत से भाजपा के खेमे में निराशा छाने लगी। भाजपा के समर्थक भी यह मानने लगे थे कि विधानसभा चुनाव बहुत मुश्किल होगा। वहीं, मविआ के नेता अपनी जीत के सपने देखने लगे थे। लेकिन फडणवीस ने दोबारा अपनी पार्टी को निराशा के अंधेरों से बाहर निकाला। एक ओर लाडली-बहना योजना का आगाज किया, दूसरी ओर किसान, मजदूर, गांव, गरीब सबसे संपर्क बनाया, बढ़ाया और अपनी जीत सुनिश्चित की। जिसके दम पर अकेली भाजपा को 133 सीटे मिली, वहीं सहयोगियो को मिला कर 230 सीटों का मजबूत खेमा फडणवीस के पीछे खड़ा होकर हुंकार भर रहा है- लो...लौट आया समुंदर....!


# अंबेडकर: स्त्री उद्धार में महत्वपूर्ण योगदान


डॉ. लोकेश कुमार

डॉ. भीमराव अम्बेडकर जीवनपर्यन्त हर वर्ग को शोषण से मुक्त कराने के लिए कृत संकल्पित रहे। महिलाओं के उद्धार के लिए बहुत कुछ किया और हिन्दू कोड बिल में महिलाओं को अधिकारों से वंचित करने के विरोध में कानून मंत्री के पद से त्यागपत्र दे दिया था। देशभर में उनकी पुण्यतिथि 6 दिसम्बर को मनाई जाती है। डॉ. अम्बेडकर का कहना था कि कम उम्र में बालिकाओं का विवाह नहीं करना चाहिए, उन्हें शिक्षा देनी चाहिए। शिक्षा के लिए पैसा नहीं होगा तो एक समय का खाना बंद कर, वह पैसा शिक्षा में खर्च करना चाहिए। अम्बेडकर ने स्त्री शिक्षण की शुरूआत अपनी अशिक्षित पत्नी रमाबाई को ककहरा सिखा कर अपने घर से की थी। अम्बेडकर स्त्रियों की स्वतंत्र भूमिका पर प्रतिबंध के सख्त विरोधी थे। उन्होंने हिन्दू समाज में सम्पत्ति के उत्तराधिकार, निःसंतान होने पर किसी पुत्र या पुत्री के गोद लेने पर पुनः विवाह आदि के संदर्भ में स्त्रियों के साथ भेदभाव करने का विरोध जताया। वे स्त्रियों को सभी लोकतांत्रिक अधिकार प्रदान करना चाहते थे।


**डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर विशेष**

उनका मत था कि नारी को उसके अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता। डॉ. अम्बेडकर ने महिला की स्थिति सुधारने के लिए हिन्दू कोड बिल तैयार कर हिन्दू समाज में क्रांति ला दी थी। अम्बेडकर ने महिला को पति और पिता की सम्पत्ति में हिस्सा दिलाया। बालिग नारी की सहमति के बिना विवाह नहीं हो सकता। वह अपनी सहमति से किसी भी वर्ग एवं जाति के पुरुष के साथ विवाह कर लेती है तो वह विवाह वैध माना जाएगा। पति के अत्याचारों से बचने के लिए विवाह सम्बंध विच्छेद



करने का भी अधिकार दिया गया। प्राचीनकाल में अनेक पत्नियां रखने की परंपरा थी। अम्बेडकर ने भारत में एक पत्नी रखने का कानून स्थापित किया। उन्होंने भारतीय संविधान में नारी मुक्ति के लिए अनुच्छेद 15(1) द्वारा लिंग के आधार पर किए जाने वाले भेद को समाप्त किया। नारी को पुरुष के समान सारे राजनीतिक अधिकार प्रदान किए। सविधान के अनुच्छेद 14 ने नारी को पुरुष के समान बराबरी का दर्जा दिलाया और एक समान कार्य के लिए समान वेतन दिलाने की व्यवस्था की।
अम्बेडकर नारी शिक्षा के हिमायती थे। उनका कहना था कि स्त्रियों की प्रगति जितनी मात्रा में हुई होगी, उसके आधार पर मैं उस समाज की प्रगति नापता हूं। भारत का पतन और अवनति का एक प्रमुख कारण नारी अशिक्षा है। नारी को पुरुष के समान शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए। डॉ. अम्बेडकर कहते थे कि प्रत्येक लड़की को शादी के बाद अपने पति के साथ एकनिष्ठ रहना चाहिए। उसके साथ मित्रता और समानता के रिश्ते से बर्ताव करना चाहिए, उसकी दासी नहीं बनना चाहिए। अगर आप इस बात का ध्यान रखकर कार्य करेंगी तो आपको सम्मान और वैभव प्राप्त हुए बिना नहीं रहेगा। सबसे पहले प्रसूति अवकाश दिलवायाः- डॉ. अम्बेडकर महिलाओं को लोकतांत्रिक अधिकार देने के समर्थक थे। 1942 में काउंसिल (मंत्रिमंडल) के वे सदस्य थे। उन्होंने श्रम मंत्री के रूप में महिला-मजदूरों की मजदूरी बढ़ाने के विशेष उपबंध किए। अम्बेडकर ने कोयला खान में काम करने वाली महिलाओं के प्रसूति अवकाश, स्वास्थ्य, मनोरंजन और काम के घंटे निश्चित किए। (ब) हिन्दू कोड में महिला को अधिकार प्रदान करनाः- डॉ. अम्बेडकर ने वर्ष 1951 में हिन्दू आचार संहिता अधिनियम के जरिए लैंगिग समानता को बढ़ाना चाहते थे, जिसके लिए महिलाओं को बराबरी का हिस्सा देने की बात कही थी।
अम्बेडकर ने नेहरू के मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने का फैसला किया। इससे पहले अम्बेडकर ने महिलाओं को हिन्दू कोड के माध्यम से बहुत अधिकार दे दिए थे, जो किसी क्रांति से कम नहीं थे। डॉ. अम्बेडकर ने संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों से नारी की स्थिति में सुधार तो अवश्य हुआ किन्तु सामाजिक प्रगति में वह सार्थक भूमिका निभाने में समर्थ हो सके, इसके लिए उसकी कतिपय सामाजिक, आर्थिक निर्योग्यताओं को दूर करना आवश्यक था। अम्बेडकर कानून मंत्री की स्थिति का लाभ उठाते हुए इस कमी को दूर करने का निर्णय लिया। उनका मानना था कि सुधार की सबसे अधिक जरूरत सामाजिक विधान के क्षेत्र में है क्योंकि इस क्षेत्र में हम बहुत पिछड़े हुए हैं। तदनुसार संविधान निर्माण के तुरंत बाद उन्होंने सामाजिक विधान की रचना का कार्य हाथ में लिया और हिन्दू कोड बिल बनाया। कोड का अर्थ है, किसी कानून या विधि का एकीकरण। हिन्दू कोड का तात्पर्य है-हिन्दुओं के इधर-उधर शास्त्रों में बिखरे पड़े अथवा शताब्दियों से चली आ रही ऐसी रूढ़ियों को, जो कानून से भी अधिक बलवती हो रही हैं, किंतु उनकी अब कुछ भी उपादेयता दिखाई नहीं देती वरन हिन्दू समाज के लिए घातक सिद्ध हो रही हैं। हिन्दू कोड बिल में पुराने विधानों की जगह नए सुधारपूर्ण विधि-विधान बनाए गए।
इस कोड में पति के मर जाने पर हिन्दू स्त्री को पति की सम्पत्ति में उसकी संतान के बराबर हिस्सा या अंश देने का नियम बनाया गया। पहले हिन्दू धर्मशास्त्रों में विधवा के लिए न तो दूसरी शादी का विधान था और न ही जायदाद में हिस्सा मिलता था। हिन्दू कोड के अनुसार यह कानून भी बना दिया गया था। अब न केवल लड़का ही दत्तक बन सकता था, बल्कि लड़की भी दत्तक ली जा सकती थी। यह भी प्रावधान कर दिया गया था कि अब वृद्ध माता-पिता का भरण-पोषण लोक-लाज के डर की वजह से नहीं बल्कि कानूनी तौर पर करें। डॉ. अम्बेडकर के मंत्री पद से त्यागपत्र देने के बाद हिन्दू कोड बिल टुकड़ों में पास हुआ। लेकिन यह कहा जा सकता है कि उसके महिलाओं के अधिकार देने वाला हिन्दू कोड बिल की नींव डॉ. अम्बेडकर की ही देन है। संविधान निर्माण में भी उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। वे बहु प्रतिभा के धनी थे। बहरहाल, यही कहा जा सकता है कि महिलाओं को अधिकार देकर डॉ. अम्बेडकर ने विश्वभर में एक नजीर पेश की थी। भारत में आजादी के साथ डॉ. अम्बेडकर ने महिलाओं को मतदान का अधिकार दे दिया था लेकिन अमेरिका ने अपनी देश की आजादी के 133 साल बाद 1920 में महिलाओं को मतदान का अधिकार दिया था।

# सामाजिक समता एवं सामाजिक न्याय के लिए आम्बेडकर का नाम अग्रणी


डॉ. सौरभ मालवीय

देश में सामाजिक समता एवं सामाजिक न्याय के लिए प्रमुखता से स्वर मुखर करने वालों में डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर का नाम अग्रणी है। उन्होंने बाल्यकाल से ही अस्पृश्यता का सामना किया था। विद्यालय से लेकर नौकरी तक उन्होंने भेदभाव का दंश झेला। इससे उनकी आत्मा चीत्कार उठी। उन्होंने अस्पृश्यता के उन्मूलन के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने देशभर की यात्रा की तथा दलितों के अधिकारों के लिए स्वर मुखर किया। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन अस्पृश्यता के उन्मूलन के कार्यों के लिए समर्पित कर दिया। उनका मानना था कि सेवक बनकर ही कोई बड़ा कार्य किया जा सकता है। इसलिए वह कहते थे एक महान आदमी एक आम आदमी से इस तरह से अलग है कि वह समाज का सेवक बनने को तैयार रहता है। डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर ने सामाजिक समरसता का जो स्वप्न देखा था, उसे साकार करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अभियान चला रहा है। वास्तव में संघ अपने स्थापना काल से ही सामाजिक समरसता के लिए कार्य कर रहा है। डॉक्टर केशव बलिराम हेडगवार ने सामाजिक समरसता, एकता, अखंडता एवं सशक्त समाज के निर्माण के उद्देश से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। उनका कहना था कि हमारा निश्चय एवं स्पष्ट ध्येय ही हमारी प्रगति का मूल कारण है। हम लोगों को हमेशा सोचना चाहिए कि जिस कार्य को करने का हमने प्रण किया है, और जो उद्देश्य हमारे सामने है, उसे प्राप्त करने के लिए हम कितना कार्य कर रहे हैं। प्रत्येक अधिकारी एवं शिक्षक को प्रत्येक के मन में यह विचार भर देना चाहिए कि मैं स्वयं ही संघ हूं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने चरित्र पर विचार करना चाहिए। अपने चरित्र को कभी भी कमजोर व क्षीण न होने दें। आप इस भ्रम में न रहें कि लोग हमारी ओर नहीं देखते। वे हमारे कार्य तथा हमारे व्यक्तिगत आचरण की ओर आलोचनात्मक दृष्टि से देखते हैं। हमें केवल अपने कार्य में व्यक्तिगत चाल-चलन की दृष्टि से सावधानी नहीं बरतनी चाहिए, अपितु सामूहिक एवं सार्वजनिक जीवन में भी इसका ध्यान रखना चाहिए। वह कहते थे कि बिना कष्ट उठाए और बिना स्वार्थ त्याग किए, हमें कुछ भी फल मिलना असंभव है। अपने समाज में संगठन निर्माण कर उसे बलवान तथा अजेय बनाने के अतिरिक्त हमें और कुछ नहीं करना है। इतना कर देने पर सारा कार्य स्वयं ही हो जाएगा। हमें आज सताने वाली सारी राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक समस्याएं आसानी से हल हो जाएंगी। अनुशासन अपने संगठन की नींव है, इसी पर हमें विशाल इमारत को खड़ा करना है। किसी भी भूल से यदि नींव जरा सी भी कच्ची रह गई, तो इमारत का उस ओर का भाग ढल जाएगा। इमारत में दरार पड़ जाएगी और आखिर में वह संपूर्ण इमारत ढह जाएगी। जीवन में निस्वार्थ भावना आए बिना खरा अनुशासन निर्माण नहीं होता।
सामाजिक समरसता के बारे में उनका कहना था कि संघ का लक्ष्य भारत राष्ट्र को पुनः परम वैभव तक ले जाना है। समरसता के बिना, समता स्थायी नहीं हो सकती, और दोनों के अभाव में राष्ट्रीयता की कल्पना भी नहीं की जा सकती। हमारा कार्य अखिल हिंदू समाज के लिए होने के कारण, उसके किसी भी अंग की उपेक्षा करने से काम नहीं चलेगा। सभी हिंदू भाइयों के साथ फिर वह किसी भी उच्च या नीच श्रेणी के समझे जाते हों, हमारा व्यवहार हर एक से प्रेम का होना चाहिए। किसी भी हिंदू भाई को नीच समझकर उसे दुत्कारना पाप है। वह कहते थे कि संघ का कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए हमें लोक संग्रह के तत्वों को भली भांति समझ लेना होगा। संघ केवल स्वयंसेवकों के लिए नहीं, अपितु संघ के बाहर जो लोग हैं, उनके लिए भी है। हमारा यह कर्तव्य हो जाता है कि उन लोगों को हम राष्ट्र के उद्धार का सच्चा मार्ग बताएं। वयोवृद्ध लोगों का संघ कार्य में काफी महत्वपूर्ण स्थान है। वे संघ के महत्वपूर्ण कार्यों का दायित्व उठा सकते हैं। यदि प्रौढ़ लोग अपने प्रतिष्ठा और व्यवहार कुशलता का उपयोग संघ कार्य किए तो करें, तो युवा अधिक उत्साह से कार्य कर सकेंगे। प्रत्येक व्यक्ति को उत्साह और हिम्मत से आगे आना चाहिए, और संघ कार्यों में जुट जाना चाहिए। इस समाज को जागृत एवं संगठित करना ही राष्ट्र का जागरण एवं संगठन है। यही राष्ट्र धर्म है। ध्येय पर अविचल दृष्टि रखकर, मार्ग में मखमली बिछौने हो या कांटे बिखरे हों, उनकी चिंता न करते हुए निरंतर आगे ही बढ़ने को दृढ़ निश्चय वाले क्रियाशील तरुण खड़े करने पड़ेंगे। पूर्ण संस्कार दिए बिना, देशभक्ति का स्थाई स्वरूप निर्माण होना संभव नहीं है तथा इस प्रकार की स्थिति का निर्माण होने तक सामाजिक व्यवहार में प्रमाणिकता भी संभव नहीं।
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर ने सामाजिक समरसता पर विचार व्यक्त करते हुए कहा था कि समरसता के लिए आत्मग्लानि दूर करने के लिए आत्मबोध को जगाना पड़ेगा, स्वार्थ के स्थान पर निस्वार्थ भाव का निर्माण करना पड़ेगा। सभी भेदों को भुलाकर एकात्मकता का भाव जागृत करना पड़ेगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता। महात्मा गांधी भी संघ के कार्यों से प्रभावित हुए थे। उन्होंने वर्ष 1934 में वर्धा में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शिविर देखा था, जिसमें सभी जातियों के लोग सम्मिलित हुए थे। इसमें दलित समाज के लोग भी थे। उस समय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए महात्मा गांधी ने कहा था कि आपके संगठन में अस्पृश्यता का अभाव देखकर मैं बहुत संतुष्ट हूं। इसी प्रकार डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यों से प्रभावित हुए थे। उन्हें वर्ष 1939 में पुणे में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रशिक्षण शिविर को देखने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने अनुभव किया कि शिविर में सभी जातियों के लोग प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसमें दलित समाज के लोग भी सम्मिलित थे। शिविर में सबके साथ समान व्यवहार किया जा रहा था। उल्लेखनीय है कि हमारे पवित्र धार्मिक ग्रंथों में समरसता का प्रमुखता से उल्लेख किया गया है। भगवदगीता में भगवान्‌ श्रीकृष्ण ने कहा है- ह्लपंडिताः समादर्शिनःह्व अर्थात विद्वान सबको समान दृष्टि से देखते हैं। कहने का अभिप्राय है कि विद्वान सबको समान मानते हैं तथा वे किसी के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करते। भीमराव आम्बेडकर समानता पर सर्वाधिक बल देते थे। वह कहते थे कि अगर देश की अलग-अलग जातियां एक दूसरे से अपनी लड़ाई समाप्त नहीं करेंगी, तो देश एकजुट कभी नहीं हो सकता। यदि हम एक संयुक्त एकीकृत आधुनिक भारत चाहते , हमारे पास यह आजादी इसलिए है ताकि हम उन चीजों को सुधार सकें, जो सामाजिक व्यवस्था, असमानता, भेदभाव और अन्य चीजों से भरी है जो हमारे मौलिक अधिकारों के विरोधी हैं। एक सफल क्रांति के लिए केवल असंतोष का होना ही काफी नहीं है अपितु इसके लिए न्याय, राजनीतिक और सामाजिक अधिकारों में गहरी आस्था का होना भी बहुत आवश्यक है। राजनीतिक अत्याचार सामाजिक अत्याचार की तुलना में कुछ भी नहीं है और जो सुधारक समाज की अवज्ञा करता है, वह सरकार की अवज्ञा करने वाले राजनीतिज्ञ से ज्यादा साहसी हैं। जब तक आप सामाजिक स्वतंत्रता हासिल नहीं कर लेते तब तक आपको कानून चाहे जो भी स्वतंत्रता देता है वह आपके किसी काम की नहीं। यदि हम एक संयुक्त एकीकृत आधुनिक भारत चाहते हैं तो सभी धर्म-शास्त्रों की संप्रभुता का अंत होना चाहिए।
भीमराव आम्बेडकर ने दलित समाज के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए। उनका कहना था कि आप स्वयं को अस्पृस्य न मानें, अपना घर साफ रखें। पुराने और घिनौने रीति-रिवाजों को छोड़ देना चाहिए। हमारे पास यह आजादी इसलिए है ताकि हम उन चीजों को सुधार सकें जो सामाजिक व्यवस्था, असमानता, भेद-भाव और अन्य चीजों से भरी हैं।

# खानपान में ताजा फल और सलाद का अधिक उपयोग लाभदायक


गिरीश्वर मिश्र

आमतौर पर बुढ़ापा को अशक्तता, रोग, व्याधि और दुर्बलता आदि के कारण जीवन का सबसे भयावह दौर माना जाता है। परिवार की संरचना में बदलाव और भागदौड़ भरी ज़िंदगी में बुढ़ापे की मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। परंतु जीवन शैली में सुधार, दृष्टिकोण में सकारात्मकता, सावधानी बरतने और सहयोग लेने से इस दुखदायी अवधि को बहुत हद तक एक भाग्यशाली उम्र के रूप में बदला जा सकता है। जीवन के नियम आपके अपने हाथ में हैं इसलिए अच्छी तरह जिएं और सब कुछ शांति से स्वीकार करें। यह भी उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य सुविधाओं और खानपान में जरूरी पोषक तत्वों पर ध्यान देने के साथ जीवन की प्रत्याशा (लाइफ एक्सपेक्टेंसी) निश्चित रूप से बढ़ी है। बुढ़ापे के डर और उसे दूर रखने के उपाय की ओर अब लोग बहुत ध्यान देने लगे हैं। कुछ दिनों पहले जापान के एक मनोचिकित्सक हिडेकी वाडा ने '80-ईयर-ओल्ड वॉल' नामक की एक रोचक पुस्तक प्रकाशित की जो बड़ी लोकप्रिय हुई है और पाठकों के बीच तहलका मचा दिया है। अपने तीन दशकों से कुछ ज्यादा लंबे चिकित्सकीय जीवन में उन्होंने कई हजार रोगियों का सफल



उपचार किया। यह पुस्तक अच्छे स्वास्थ्य के साथ शतायु होने के गुर बताती है। गौरतलब है कि जापान में 'औसत स्वस्थ जीवन प्रत्याशा' पुरुषों के लिए 72.68 वर्ष और महिलाओं के लिए 75.38 वर्ष आंकी गई है। 'औसत जीवन प्रत्याशा' की बात करें तो यह जापानी पुरुष के लिए 81.64 वर्ष और महिलाओं के लिए 87.74 वर्ष है। यदि 'औसत जीवन प्रत्याशा' में से 'औसत स्वस्थ जीवन प्रत्याशा' का मूल्य घटा दें तो पुरुषों के पास लगभग 9 वर्ष और महिलाओं के पास लगभग 12 वर्ष का समय बचता है। यही वह खास अवधि है जब एक बुजुर्ग को दूसरों द्वारा देखभाल की ज्यादा जरूरत होती है। इस अवधि को कैसे कम किया जाए, इस प्रश्न का हल ढूंढ़ते हुए डॉ. वाडा ने कुछ मार्गदर्शक नियम और अभ्यास खोजे हैं। उनके सुझाव ऐसे हैं जिनसे बुढ़ापे को एक संतोषजनक और तृप्तिदायी अवधि में रूपांतरित किया जा सकता है।
डॉ. वाडा कहते हैं कि बुजुर्गों को बार-बार नींद की गोलियां नहीं लेनी चाहिए क्योंकि बढ़ती उम्र के साथ नींद में कमी आना स्वाभाविक घटना है। जब सोना हो तब सो जाओ, जब उठना हो तब उठो, यह बुजुर्गों का विशेषाधिकार है। ऐसे ही कोलेस्ट्रॉल का स्तर भी कोई ज्यादा चिंता की बात नहीं है, क्योंकि कोलेस्ट्रॉल शरीर के लिए प्रतिरक्षा कोशिकाओं के लिए जरूरी कच्चा माल होता है। जितनी अधिक मात्रा में ये कोशिकाएं मौजूद होंगी, कैंसर का खतरा उतना ही कम होगा। इसके अलावा, पुरुष हार्मोन का एक हिस्सा कोलोस्ट्रॉल से बना होता है। यदि कोलेस्ट्रॉल का स्तर बहुत कम है, तो पुरुषों का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य डावांडोल बना रहेगा। यही बात रक्तचाप के बारे में भी है। जब रक्तचाप लगभग 150 तक पहुंच जाता है तो रक्त वाहिकाएं फट जाती हैं जो खतरनाक है। यह कुपोषित लोगों में होता है। लेकिन अब कुपोषण बहुत कम हो गया है इसलिए भले ही रक्तचाप 200 से अधिक हो, इससे रक्त वाहिकाएँ फटने की गुंजाइश काम हो गई है।
डॉ. वाडा ने अपने अनुभव और अनुसंधान से 80 वर्षीय लोगों के 'भाग्यशाली लोग' बनने के अनेक रहस्यों को उजागर किया है। उनका पहला सुझाव हर स्तर पर सक्रियता बनाए रखने को लेकर है। बुजुर्गों को खूब चलना चाहिए, धूप सेंकनी चाहिए और ऐसे व्यायाम करने चाहिए जिनसे शरीर न अकड़े। उनको मनपसंद काम करना चाहिए। चाहे कुछ भी हो उनको हर समय घर पर पड़े नहीं रहना चाहिए। उन्हें कई बार थोड़ा-थोड़ा आहार लेते रहना चाहिए। आप जितनी बार चबाएंगे, शरीर और मस्तिष्क उतना ही ऊर्जावान रहेगा। आराम-आराम से आसानी से सांस लेनी चाहिए। जब किसी कारणवश चिढ़ लगे तो गहरी साँस लेना चाहिए। गर्मियों में एयर कंडीशनर का उपयोग करते हुए ज्यादा से ज्यादा पानी पीना चाहिए।
बुढ़ापे में लोगों में भूलने की समस्या पैदा होती है। यह समझना जरूरी है कि उम्र बढ़ने के कारण ऐसा नहीं होता बल्कि मस्तिष्क को लंबे समय तक उपयोग में न लाने से ऐसा होता है। बुजुर्गों को अधिक दवाएँ भी नहीं लेनी चाहिए। रक्तचाप और रक्त शर्करा-स्तर को जानबूझकर कम करने की जरूरत नहीं है। वे जो चाहें खाएं, थोड़ा स्थूलकाय होना ठीक है। अगर नींद नहीं आ रही है तो उसके लिये खुद को मजबूर न करें। बीमारी से अंत तक लड़ने के बजाय, उसके साथ सह-अस्तित्व में रहना बेहतर युक्ति है। खुश करने वाली चीजें करते रहना मस्तिष्क की गतिविधि को सुचारू बनाए रखने के लिए ज्यादा ठीक साबित हुआ है। सीखना बंद करते हुए आदमी बूढ़ा होने लगता है। कार्य की आदतों को लेकर डॉ. वाडा का सुझाव है कि हर काम सावधानी से करना चाहिए। ऐसे लोगों से दूर ही रहना चाहिए जिनसे उनको नफरत हो। बहुत ज्यादा या हर समय टीवी न देखें। खानपान में ताजा फल और सलाद का अधिक उपयोग लाभकर होता है।
परोपकार का जीवन दर्शन सबसे अच्छा है। इसलिए ऐसे काम करें जो दूसरों के लिए अच्छे हों। डॉ. वाडा की मानें तो प्रसिद्धि पाना ठीक है पर उसके लिए लालची नहीं होना चाहिए। आदमी के पास कुछ भी है वह बहुत अच्छा है और उसका आनंद उठाना चाहिए। जो परेशान करने वाली चीजें होती हैं, वे उतनी ही दिलचस्प होती हैं और अवसर देती हैं। चूंकि इच्छा दीघार्यु का स्रोत है इसलिए हमें आशावादी बने रहना चाहिए। बुढ़ापा तब 'भाग्यशाली उम्र' बन जाता है। इसे अच्छी तरह जीने की जरूरत है। इत्मीनान से जीयें, बिना किसी हड़बड़ी के।

## आज का राशिफल

**मेष** : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।
**वृष** : आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।
**मिथुन** : विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।
**कर्क** : पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।
**सिंह** : कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।
**कन्या** : पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।
**तुला** : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा।
**वृश्चिक** : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अ'छी रहेगी। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा।
**धनु** : धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।
**मकर** : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।
**कुंभ** : हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। यात्रा का योग।
**मीन** : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, शुक्रवार 06 दिसंबर 2024



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### डॉन बॉस्को स्कूल में साइंस एग्जीबिशन



**कोलकाता।** डॉन बॉस्को स्कूल, पार्क सर्कस ने अपने वार्षिक साइंस एग्जीबिशन 2024 का आयोजन किया। इस प्रदर्शनी में छात्रों ने एआई, रोबोटिक्स, वर्चुअल रियालिटी जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर आधारित प्रोजेक्ट्स पेश किए। कार्यक्रम मे उनकी रचनात्मकता और भविष्यवादी सोच को उजागर किया। दो वर्षों से, स्कूल ने इंटरनेशनल इंटरनेशनल साइंस रिसर्च लाइफ के साथ साझेदारी की है, जो छात्रों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कला और गणित शिक्षा के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव प्रदान करता है। कार्यक्रम की सफलता का श्रेय प्रिंसिपल फ्र. वी.सी. जॉर्ज और स्कूल के प्रबंधन को जाता है, जिन्होंने छात्रों को नवाचार के लिए प्रेरित किया। इंटरनेशनल इंटरनेशनल साइंस रिसर्च लाइफ के सहयोग से, स्कूल ने शैक्षिक उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित किए हैं। यह साइंस एग्जीबिशन न केवल छात्रों की उपलब्धियों का प्रदर्शन था, बल्कि यह भी दिखाता है कि कैसे नवाचारी शिक्षा आज के छात्रों को भविष्य के लिए तैयार कर सकती है।

### सुनीतिकुमार पाठक का निधन



**कोलकाता।** विश्वभारती में भारतीय अध्ययन के प्रतिष्ठित प्रोफेसर सुनीतिकुमार पाठक का निधन हो गया है। कल यानि बुधवार रात दस बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। ऐसा कहा जाता है कि उनकी मृत्यु वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों के कारण हुई। प्रख्यात प्रोफेसर सुनीतिकुमार पाठक 101 वर्ष के थे। वह बौद्ध धर्म में पारंगत थे। वह विश्व भारती के भारत-तिब्बत खंड के संस्थापकों में से एक थे। 2007 में उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार भी मिला। उन्होंने विश्व भारती में प्राचीन भारतीय संस्कृति और इतिहास के अध्ययन में महान योगदान दिया है। सुनीथिकुमार की मृत्यु से पारंपरिक विश्वविद्यालय में पैदा हुआ शून्य कभी नहीं भरा जाएगा। शांतिनिकेतन के प्रशंसक यही सोच हैं।

### दुर्घटना में बीएसएफ जवान की मौत

**कोलकाता।** सड़क दुर्घटना में एक बीएसएफ जवान की मौत! पता चला है कि वह बुधवार की रात घर लौट रहे थे। तभी हादसा हो गया। शव खाली सड़क पर लहूलुहान अवस्था में पड़ा था। पुलिस ने मौके से शव बरामद कर लिया है। जांच शुरू हो गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृत युवक का नाम शुभंकर अधिकारी है। वह हंसखाली पुलिस स्टेशन के बेनाली नूतनग्राम इलाके का रहने वाले थे। उस दिन रात करीब 11 बजे वह बाइक से घर लौट रहे थे। उस समय शुभंकर अकेले थे। यह हादसा कृष्णानगर से हंसखाली की ओर जाने वाले रास्ते पर स्टेट हाईवे पर हुआ। शुभंकर का शव लहूलुहान अवस्था में सड़क पर पड़ा देख राहगीरों ने स्थानीय थाने को सूचना दी। सूचना पाकर कृष्णानगर पुलिस मौके पर पहुंची। शुभंकर का शव तुरंत बरामद कर लिया गया और पोस्टमार्टम के लिए मुर्दाघर भेज दिया गया। पुलिस को मृतक की जेब से बीएसएफ का पहचान पत्र मिला। उस सूत्र के आधार पर प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि वह बीएसएफ का जवान थे। शव के पास ही बाइक पड़ी थी। जिसका अगला हिस्सा लगभग मुड़ा हुआ है। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि बाइक में किसी कार ने टक्कर मारी या शुभंकर ने खुद किसी कारण से नियंत्रण खो दिया। कृष्णानगर पुलिस ने हादसे की असली वजह जानने के लिए जांच शुरू कर दी है।

### सदस्यता को लेकर राष्ट्रीय लोक मोर्चा की बैठक

**भागलपुर।** जिले के विशनपुर जिछो ग्राम में गुरुवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुमन कुमार प्रसुन की अध्यक्षता में एक अहम बैठक हुई। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बसंतपुर महादेव मंदिर परिसर में पार्टी की सदस्यता महापर्व को लेकर एक जनसभा का आयोजन किया जाएगा। जनसभा का आयोजन 15 दिसंबर 2024 रविवार को 11 बजे दिन में किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य उपेन्द्र कुशवाहा संबोधित करेंगे और लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराएंगे। इस बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक वर्मा उर्फ अभिषेक वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष रवि शेखर भारद्वाज, प्रदेश महासचिव डॉ भवेश सिंह कुशवाहा, जिला सचिव नवीन कुमार सिंह, कन्हैया यादव, विशुनदेव सिंह एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अंग्रेजी शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

**नवादा।** नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के बिहार झारखंड राजमार्ग संख्या 20 के बाईपास के फ्लाइ ओभर के समीप गुरुवार को उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने 17 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ दो धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। साथ ही शराब ढोने जाने वाले बाइक को भी जप्त किया गया है। उत्पाद अवर निरीक्षक संगम कुमार विद्यार्थी ने कहा कि बाइक कोडरमा की ओर से आ रहा था ।आने के क्रम में चेक पोस्ट पर रुकने के लिए बोला गया,लेकिन बाइक लेकर भागने लगा।भागने के क्रम में पीछा करने के उपरांत बाईपास फ्लाई ओभर के समीप पकड़ा गया। बाइक का तलाशी लेने दौरान रॉयल स्टैग का 750 एमएल का 12 बोतल और 5 पीस केन बीयर के साथ दो शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है।

## महुआ मोइत्रा के खिलाफ मुखर हुए तृणमूल के छह विधायक

# ममता को पत्र लिख की शिकायत

- इन विधायकों का दावा है कि महुआ उन्हें नजरअंदाज कर ब्लॉक अध्यक्षों और बूथ अध्यक्षों के तबादले कर रही हैं
- इसके साथ ही विपक्षी गुटों को बढ़ावा देने और अल्पसंख्यक क्षेत्रों में विवादास्पद लोगों के साथ गतिविधियों में शामिल होने जैसे मुद्दे शामिल हैं



**कोलकाता।एजेंसी**

तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा पर गंभीर आरोप लगाते हुए तृणमूल के छह विधायकों ने पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी से शिकायत की है। शिकायत करने वालों में महुआ के संसदीय क्षेत्र के पांच विधायकों और उनके पूर्व विधानसभा क्षेत्र करीमपुर के विधायक शामिल हैं।

ममता को लिखे पत्र में करीमपुर के विधायक बिमलेंदु सिंहराय, चापड़ा के रुकबानुर रहमान, नकाशीपाड़ा के कल्लोल खां, पलाशीपाड़ा के माणिक भट्टाचार्य, कृष्णनगर दक्षिण के उज्ज्वल विश्वास और कलिगंज के नसीरुद्दीन अहमद ने हस्ताक्षर किए हैं। इन विधायकों का दावा है कि महुआ उन्हें नजरअंदाज कर ब्लॉक अध्यक्षों और बूथ अध्यक्षों के तबादले कर रही हैं। इसके साथ ही विपक्षी गुटों को बढ़ावा देने और अल्पसंख्यक क्षेत्रों में विवादास्पद लोगों के साथ गतिविधियों में शामिल होने जैसे मुद्दे शामिल हैं।

शिकायत के अनुसार, महुआ पर यह भी आरोप है कि वह वर्तमान विधायकों को दरकिनार कर 2026 के विधानसभा चुनावों के लिए नए उम्मीदवारों को बढ़ावा देने की योजना बना रही हैं। इसके अलावा, पार्टी के कार्यक्रमों में उनकी गैरमौजूदगी और विधायकों के खिलाफ कार्रवाई को बढ़ावा देने का भी उल्लेख किया गया है। हालांकि इस बाबत ममता और महुआ की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

# सीमा पार कराने वाले कई दलाल गिरफ्तार



**कोलकाता। संवाददाता**

इस बार पुलिस के घेरे में कोई बांग्लादेशी नहीं, बल्कि सीमा पार कराने वाले कई दलाल! हाल ही में नदिया के धनतला और हांसखली थाने के कुलगाछी और शिलबरिया से पांच दलालों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें हफीजुल मंडल, पियारुल मंडल, खैरुल मंडल को धनतला थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हंसखाली थाना क्षेत्र से हसनूर मंडल और मोहसिन मंडल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, हिरासत में लिए गए लोग मोटी रकम के बदले बांग्लादेशी नागरिकों को अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कराकर इस देश में लाते थे।

इसी तरह भारत से बांग्लादेश जाने की व्यवस्था भी उन्होंने ही की थी। हाल ही में कई बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उनसे पूछताछ में उन पांच दलालों के नाम सामने आये।

## बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का हुआ वितरण

### रामकुमारी सिन्हा की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित



**संवाददाता**

**सीवान।** जिले के दरौदा प्रखंड के कोडारी कला पंचायत के नया प्राथमिक विद्यालय डुमरी में स्वर्गीय रामकुमारी सिन्हा की तीसरी पुण्यतिथि पर सभी छात्र छात्राओं के बीच पठन पाठन सामग्री का वितरण किया गया। वितरण रामकुमारी सिन्हा के पौत्र शिवम कुमार के द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण इलाकों में जो सरकारी स्कूल होते हैं। जिसमें गरीब के बच्चे पढ़ते हैं और बच्चों के बीच जब पठन-पाठन सामग्री का वितरण होता है, तो इससे बच्चों का हौसला बुलंद होता है। वह आगे बढ़ने की इच्छा रखते हैं। सरकारी स्कूल में केवल कमजोर घर के बच्चे पढ़ते हैं। यह वितरण किया जाय कि हमारे समाज के कमजोर घर के बच्चें पढ़ें और गांव तथा समाज का नाम रौशन करें। वहीं इस कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्रभारी विकाश श्रीवास्तव ने कहा कि अपने देश के भविष्य आज के बच्चे ही हैं। अगर वह अच्छे से शिक्षा ग्रहण कर लेते हैं, तो अपने देश का और मान सम्मान बढायेंगे। वहीं इस कार्य को देखकर ग्रामीणों ने कहा कि यह बहुत नेक काम पौत्र के द्वारा किया गया। इस दौरान स्कूल के सभी बच्चों को बैग, कॉपी, कलम ,पेंसिल , और बिस्किट इत्यादि चीजों को देकर बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर अनूप सिंह, अमित सिंह, अशीत सिंह ,स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक विकास श्रीवास्तव, शिक्षिका रितु कुमारी, विपुल सिंह ,मनोरंजन द्विवेदी, बिकी कुमार, विकेश कुमार, आदित्य सिंह, राजेश कुमार, आयुष सिंह, अश्वनी कुमारी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने दो लुटेरों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता। संवाददाता**

बिल्कुल किसी फिल्म की स्क्रिप्ट की तरह! लुटेरों को पकड़ने के लिए पुलिसकर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डाल दी। वहीं, पुलिस से बचने के लिए बम फेंकने के बाद भी लुटेरे भाग नहीं सके। कल यानि बुधवार की रात हुगली जिले की पुलिस एक साहसिक अभियान पर निकली। दो लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया गया। यह पूरी घटना बड़ी स्क्रीन पर दिखाए गए पुलिस और बदमाशों के बीच पीछा करने वाले सीन की तरह ही तनावपूर्ण और रोमांचक है। घटना की शुरूआत कल यानि बुधवार रात 8:30 बजे हुई। उस वक्त पूर्वी बर्दवान के कलना में एक घर में डकैती हुई थी। लुटेरों ने आग्नेयास्त्र दिखाके घर से सारा सामान लूट लिया। उसके बाद कालना से एसटीकेके रोड पर दो बाइक से भाग रहे थे। पुलिस पूरे मामले का पता लगा लिया। तुरंत हुगली के मगरा थाने की पुलिस ने लुटेरों को पकड़ने के लिए तलाश शुरू कर दी। यहीं पर बीती रात बिना नंबर प्लेट की दो बाइक पर चार लुटेरों को आते देख पुलिस ने रुकने का प्रयास किया। सूत्रों के मुताबिक लुटेरों ने अपनी बाइक की स्पीड बढ़ाकर तेजी से भागने की कोशिश की। पुलिस ने पीछा किया। आरोप है कि लुटेरों ने बीटीपीएस टाउनशिप गेट के पास पुलिस की गाड़ी पर बम फेंका। पुलिसकर्मी यहीं नहीं रुके।



हुगली में कलिताला ब्रिज के पास जब सड़क दोबारा बंद हो गई तो लुटेरों ने पुलिस की गाड़ी को निशाना बनाया और बम से हमला कर दिया। इससे पुलिस की गाड़ी का शीशा टूट गया। दो पुलिसकर्मी घायल हो गये। फिर भी पुलिसकर्मी लुटेरों पर टूट पड़े। पुलिस ने सबसे पहले एक शख्स को गिरफ्तार किया। बाद में उस इलाके में कुछ दूरी से एक और लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया गया। सूचना पाकर मगरा थाने के आईसी, हुगली ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कनमाशीष सेन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कल्याण सरकार, डीएसपी (अपराध) अभिजीत सिन्हा महापात्र मौके पर पहुंचे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक दो लुटेरे तो पकड़ लिये गये लेकिन बाकी भाग गये। उनकी तलाश शुरू हो गई है। पुलिस ने लुटेरों के पास से तमंचे, कारतूस, चाकू और कृपाण बरामद किए हैं। चोरी गए आभूषण और पैसे भी बरामद कर लिए गए। वहीं, पुलिस ने बिना नंबर प्लेट की दो बाइक भी बरामद कीं।

## सरकारी भूमि की सत्यापन रिपोर्ट 15 दिसंबर तक उपलब्ध कराने के निर्देश

### राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव ने सभी डीएम को लिखा पत्र

**पटना। एजेंसी**

बिहार में भूमि सर्वेक्षण का काम चल रहा है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने इस संबंध में सभी जिलों के जिलाधिकारियों से 15 दिसंबर तक सरकारी भूमि का सत्यापन कर रिपोर्ट देने को कहा है। सचिव जय सिंह ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखा है। इसमें सरकारी भूमि की ऑनलाइन सूची के सत्यापन के लिए कहा गया है। राजस्व विभाग ने कहा है कि सत्यापन कर प्रतिवेदन 15 दिसंबर तक विभाग को उपलब्ध कराएं। सिंह ने सभी जिलाधिकारियों से कहा है कि प्रत्येक राजस्व ग्राम में अवस्थित 5 एकड़ या उससे अधिक क्षेत्रफल वाली सरकारी भूमि के खेसरा का सत्यापन कराएं। सत्यापन में यह जानकारी हासिल कर लें कि वर्तमान में उस खेसरा का क्या उपयोग हो रहा है। अंचल वार सभी राजस्व ग्रामों की विवरणी तैयार करें। जिलावार खाली पड़ी हुई सरकारी भूमि का समेकित विवरणी तैयार करें। इसमें जल संसाधन विभाग एवं अन्य विभाग की अनुपयोगी जमीन को भी शामिल करें। इस डेटाबेस को लैंड बैंक के रूप में उपयोग किया जाए। साथ ही सर्वेक्षण के बाद इस डेटाबेस को सभी विभागों में शेयर करें।

### अवैध खनन से क्षेत्र हो रहा है खंडर में तब्दील

**किशनगंज।** जिला के ठाकुरगंज प्रखंड के अंतर्गत सूखनी थाना क्षेत्र के कादोगांव से होकर बहने वाली जमना नदी और नदी के समीप से अवैध खनन का सिलसिला जारी है। तातपौआ पंचायत के कई जगहों से अवैध तरीके से बालू की खुदाई की जा रही है। इसके साक्ष्य भी मौके पर मिले हैं। अवैध खनन कर बजरी और बेड मिसाइल नूमा बालू निकाला जा है।

# हारानो सुर में पीली टैक्सी, चर्चा में कोलकाता शहर

**कोलकाता। संवाददाता**

कोलकाता की परंपराओं में से एक है पीली टैक्सी। कई वर्षों का यह आकर्षण आज विलुप्त होने की कगार पर है। पर्यावरणीय स्वास्थ्य और नागरिक आधुनिकीकरण को ध्यान में रखते हुए, सरकार द्वारा 15 वर्ष से अधिक पुरानी लगभग 2,500 टैक्सियों को सड़कों पर चलने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया है। परिणामस्वरूप, पीली टैक्सी चालक, यूनियन और नागरिक भी चिंतित हैं। इसमें न केवल वित्तीय संकट, बल्कि सांस्कृतिक प्रतीकों के खोने की भी आशंका है, ऐसा शहरवासियों ने चेताया।

इसी सिलसिले में उस समस्या का समाधान ढूंढने गीतकार, लेखिका, कवयित्री और वाचक झरना भट्टाचार्य असर में सामने ए हैं। उन्होंने आई कम्युनिकेशंस के सहयोग से 'हारानो सुर में पिली टैक्सी' नामक एक चर्चा बैठक का आयोजन किया गया।

झरना भट्टाचार्य के अलावा, शांति दास, आईपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और पश्चिम बंगाल के माननीय राज्यपाल के एडीसी



(पी) ने चर्चा में भाग लिया; जयंत नारायण चटर्जी, वरिष्ठ अधिवक्ता, कलकत्ता उच्च न्यायालय; देवप्रतिम दासगुप्ता, फिल्म निर्देशक, लेखक और अभिनेता; शतरूप घोष, राजनीतिक कार्यकर्ता; सौम्यजीत महापात्र, सलाहकार, आई कम्युनिकेशंस; सुजॉय रुद्र, अभिनेता, निर्देशक, गीतकार, संगीतकार और गायक; अनुभव मैती, पत्रकारिता छात्र, जादवपुर विश्वविद्यालय; और सदानंद मुखर्जी, मानद वित्त सचिव, ईस्ट बंगाल फुटबॉल क्लब।

वक्ताओं ने पीली टैक्सियों की लंबे समय से चली आ रही परंपरा और सरकार के फैसले के भविष्य के प्रभावों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने इस सांस्कृतिक प्रतीक को संरक्षित करने के महत्व, टैक्सी व्यवसाय में शामिल लोगों की आजीविका की रक्षा करने और आधुनिकीकरण के साथ विरासत के संरक्षण को संतुलित करने की आवश्यकता पर चर्चा की।

कार्यक्रम में पीली टैक्सी चालकों और यात्रियों की कुछ व्यक्तिगत कहानियों और अनुभवों पर भी प्रकाश डाला गया है। सदियों पुरानी इस गाड़ी से विरासत का अंतरंग दृश्य उभरता है। इसके अलावा कोलकाता की पीली टैक्सी के सफर पर एक फोटो प्रदर्शनी भी लगाई गई। यह शहर के गौरवशाली इतिहास को उजागर करते हुए, इस आयोजन में पुरानी यादों का स्पर्श जोड़ता है।

आईपीएस शांति दास ने कहा, 'इस आयोजन ने पीली टैक्सी के सांस्कृतिक महत्व और कोलकाता की अनूठी विरासत को संरक्षित करने में एक महान भूमिका निभाई है। समाधान खोजने के उनके प्रयास सराहनीय हैं।

**पृष्ठभूमि:** पहली पीली टैक्सियाँ 1908 में कोलकाता की सड़कों पर चलीं, जिसकी लागत 8 आने (50 पैसे) प्रति मील थी।

**1962 में, कोलकाता टैक्सी एसोसिएशन ने भारतीय सड़कों पर इसके स्थायी प्रभाव का हवाला देते हुए, एंबेसडर को मानक टैक्सी मॉडल के रूप में अपनाया। पीला रंग इसलिए चुना गया है क्योंकि यह रात में भी अत्यधिक दिखाई देता है।**

**सुरेंद्रनाथ बनर्जी कोलकाता के पहले पीली टैक्सी ड्राइवर थे, जिन्हें 1932 में परमिट मिला था।**

**2009 में, शेफाली रॉय कोलकाता की पहली महिला पीली टैक्सी ड्राइवर के रूप में सड़क पर उतरीं।**

**अध्ययन के अनुसार, पीली टैक्सियों की संख्या 2020 में 18,000 से घटकर वर्तमान में 6,000 हो गई है, खासकर कोविड स्थिति के बाद, संख्या में काफी कमी जारी है।**

# शासक के विकास की प्रस्ताव से सहमत शुभेंदु

**कोलकाता। संवाददाता**

विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी राज्य में सत्तारूढ़ दल के विकास प्रस्ताव से सहमत हैं। राज्य के परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने गुरुवार को विधानसभा में कोलकाता से यूरोप के लिए सीधी उड़ान का प्रस्ताव रखा। सुभेंदु ने उस प्रस्ताव का समर्थन किया। उन्होंने यह भी कहा कि विकास की जरूरत के लिए वह भाजपा विधायकों के साथ केंद्र का दरवाजा खटखटाने से भी नहीं हिचकिचाएंगे। राज्य के हालिया इतिहास में राज्य विधानसभा में विपक्ष की नेता की ये 'सुर मिलांती' बेनजीर हैं। कोलकाता को अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवा के मानचित्र पर लाने के लिए राज्य की सत्ताधारी पार्टी आज विधानसभा में एक प्रस्ताव लेकर आयी। कोलकाता से कई यूरोपीय देशों के लिए सीधी उड़ानें शुरू की जानी चाहिए। राज्य के परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने प्रस्ताव रखा। वर्तमान में कोलकाता से कई यूरोपीय देशों के लिए

**बिमानबंदर विस्तार के लिए कई प्रस्ताव**



सीधी उड़ानें हैं। राज्य उस सेवा का और विस्तार करने के लिए केंद्र से संपर्क करने की योजना बना रहा है। उस प्रस्ताव पर चर्चा में शुवेंदु ने राज्य के विकास के लिए तृणमूल से सहमति जतायी।

उन्होंने कहा, "कई यूरोपीय देशों से उड़ानों को सीधे कोलकाता हवाईअड्डे पर आने की केंद्र से पहले ही अनुमति मिल चुकी है। परिणामस्वरूप, केंद्र की नई मंजूरी की आवश्यकता नहीं है। कोलकाता हअरअ (वर्ल्ड एयर सर्विसेज एग्रीमेंट) और ओपन स्काइज एग्रीमेंट में है। आप उनसे बात करें। अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विस्तार की व्यवस्था करें। अगर ये चीजें की जा सकीं तो यह पश्चिम बंगाल के लिए अच्छा होगा। इसके बाद विपक्षी दल के नेता ने कहा, 'अगर केंद्र कोई रुकावट डालेगा तो हम बीजेपी विधायक जाएंगे। मैं केंद्रीय नागरिक परिवहन मंत्री के पास जाऊंगा। . हम इस प्रस्ताव का तहे दिल से समर्थन करते हैं। यह पहली बार है जब विपक्षी दल के नेता ने कहा है कि वह किसी मुद्दे पर शासक के साथ मिलकर अदालत में आवाज उठाएंगे। इस चर्चा के दौरान सुभेंदु ने राज्य को अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवाओं के विकास के लिए कई प्रस्ताव भी दिये। हासीमारा में हवाई अड्डे के विस्तार के लिए राज्य को उनका प्रस्ताव, केंद्र को हवाई अड्डा बनाया जाएगा।

विपक्षी दल के नेता ने आरोप लगाया कि राज्य उस काम के लिए 37.74 एकड़ जमीन नहीं दे रहा है। अंतर्राष्ट्रीय एयरलाइन बोइंग आकार में काफी बड़ी है। उन्हें उड़ान भरने के लिए रनवे पर अतिरिक्त जगह की जरूरत होती है। परिणामस्वरूप, हवाई अड्डे के विस्तार की आवश्यकता है।

यह विस्तार कई कारकों से बाधित हो रहा है। कारण के बारे में शुवेंदु ने कहा, कोलकाता हवाई अड्डे पर एक मंदिर है। जाने देना। सहयोग सिद्दीकुल्ला चौधरी की मदद लें।

फिरहाद हकीम से चर्चा। कृपया बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने में मदद करें। इसके कारण विमान को उड़ान भरने के लिए आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने इन सभी समस्याओं का समाधान करने का प्रस्ताव रखा। राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने विपक्षी नेता की इस पहल का स्वागत किया। उन्होंने कहा, "पहले भी कई बार विपक्ष के नेता से कई मुद्दों पर केंद्र को घेरने की बात कही जा चुकी है। लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। इस बार उन्हें लगा कि प्रस्ताव महत्वपूर्ण है। तो उसने कहा कि जाओ। यही संघीय ढांचा है।

# स्कूल के अंदर शिक्षक का लटकता मिला शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**कोलकाता। संवाददाता**

स्कूल के अंदर शिक्षक का लटका हुआ शव मिला। मौत को लेकर रहस्य बढ़ता जा रहा है। ये हत्या है या आत्महत्या इसको लेकर उलझन बढ़ गई है। परिजनों का आरोप है कि शिक्षक की हत्या की गयी है। इस घटना से सिलीगुड़ी से सटे फंदाबाड़ी नेपाली स्लम इलाके में सनसनी फैल गयी है।

मृतक का नाम सौरभ कुमार रॉय है। उम्र 32 साल। आशीघर चौकी अंतर्गत बदुरबागान इलाके का निवासी। वह सिलीगुड़ी से सटे फंदाबाड़ी के नेपाली बस्ती इलाके में फंदाबारी स्पेशल कैडर प्राइमरी स्कूल में शिक्षक थे। वह रोजाना की तरह मंगलवार सुबह स्कूल गए थे। उसके बाद वह घर नहीं लौटा। इस बीच, शिक्षक के परिवार के सदस्यों ने भी कई



जगहों पर पूछताछ करने के बाद स्कूल अधिकारियों को फोन किया। बाद में स्कूल प्रशासन ने कहा कि स्कूल में कोई नहीं है। इसके बाद परिवार के लोग लिखित शिकायत दर्ज कराने आशीघर चौकी गए। वहां से उन्हें अंबारी चौकी जाने को कहा गया। पुलिस ने जब शिक्षक के मोबाइल फोन को ट्रैक किया तो पता चला कि उसकी लोकेशन नेपाल सीमा के पास मेची नदी और पानीटंकी से सटे इलाके में है। घटना के कुछ घंटों बाद स्कूल से फोन आया कि स्कूल के एक कमरे में अंधेरा है। वे तुरंत वहां गए और स्थानीय लोगों की भीड़ देखी। बाद में स्कूल के उस कमरे से शिक्षक का लटकता हुआ शव बरामद किया गया। परिजनों का आरोप है कि शिक्षक की हत्या की गयी है। उन्होंने घटना की शिकायत स्कूल अधिकारियों और स्थानीय लोगों से की। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। इसके बाद शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया गया। इस संबंध में स्कूल प्रशासन का कहना है कि शिक्षक के परिवार की ओर से की गई शिकायत पूरी तरह झूठी है। पुलिस पूरी घटना की जांच में जुट गई है।

# लघु वनोपज केन्दू पत्ती का बेहतर तरीके से कराएं संग्रहण: आयुक्त



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त-सह-केन्दू पत्ती सलाहकार समिति के अध्यक्ष बाल किशुन मुंडा की अध्यक्षता में आज आयुक्त कार्यालय में वन विभाग के पदाधिकारियों एवं केन्दू पत्ती संग्रहणकर्ता सदस्यों के साथ बैठक हुई। इसमें
पलामू प्रमंडल क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2025 मौसम के लिए प्राथमिक संग्रहणकताओं से केन्दू पत्ती के क्रय दर प्रति मानक बोरा के निर्धारण हेतु सरकार को परामर्श देने के लिए संग्रहणकर्ता सदस्यों के साथ विचार-विमर्श हुआ। बैठक में सरकार द्वारा वर्ष 2024 में निर्धारित संग्रहण मूल्य 1750 रुपए के आलोक में वर्ष 2025 के लिए दर निर्धारण हेतु सभी सदस्यों से सुझाव/ प्रस्ताव मांगे गये। सदस्यों द्वारा दिये गये भिन्न-भिन्न दर के प्रस्ताव पर विचारोपरांत सरकारी एवं रैयती भूमि पर उगने वाले केन्दू पत्ती का 1900 रुपए प्रति मानक बोरा संग्रहण मूल्य के निर्धारण का परामर्श सरकार को देने का निर्णय लिया गया।
आयुक्त ने लघु वन उपज केन्दू पत्ती के संग्रहण कार्य को बेहतर तरीके से करने एवं पत्ती तोड़ने वाले मजदूरों की सुविधा का हर संभव ध्यान रखने की बातें कहीं। हजारीबाग की मुख्य वन संरक्षक-सह-लघु वन पदार्थ परियोजना अंचल हजारीबाग के संयोजक-सह-सचिव, महाप्रबंधक ममता प्रियदर्शी ने बैठक में विषय प्रवेश कराया।

> **केन्दू पत्ती का 1900 रुपए प्रति मानक बोरा संग्रहण मूल्य के निर्धारण का परामर्श सरकार को देने का निर्णय लिया गया**

साथ ही बैठक की संचालन करते हुए वर्ष 2024 के लिए निर्धारित दर से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा सरकारी भूमि एवं रैयती भूमि से प्राप्त होने वाले केन्दू पत्ती का संग्रहण दर 1750 रुपए प्रति मानक बोरा निर्धारित किया गया था। इसके उपरांत केंदु पत्ती संग्रहण समिति के प्रतिनिधि एवं केन्दू पत्ती के प्रतिनिधियों से सरकार द्वारा निर्धारित संग्रहण मूल्य 1750 रुपए में वृद्धि करने का सुझाव मांगा गया।
प्रतिनिधियों/सदस्यों ने अपने-अपने विचार देते हुए भिन्न-भिन्न दर संबंधी प्रस्ताव दिये, जिसपर अंतिम रूप से सर्वसम्मति से वर्ष 2025 संग्रहण मौसम के लिए सरकारी एवं रैयती भूमि पर उगने वाले केन्दू पत्ती के लिए 1900 रुपए प्रति मानक बोरा क्रय दर के निर्धारण का परामर्श सरकार को देने का निर्णय लिया गया।

# विश्व मृदा दिवस पर 200 किसानों को दी गई मृदा स्वास्थ्य हेल्थ कार्ड



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हरिहरगंज प्रखंड सभागार में गुरुवार को मृदा दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान 200 किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख कमला देवी ने कहा कि आज हमें मिट्टी के स्वास्थ्य को बचाए रखने के लिए फिर से जैविक खादों एवं वर्मी कंपोस्ट को जुताई के समय ही खेतों में डालने की जरूरत है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों और आम लोगों को मिट्टी की महत्ता के बारे जागरूक करना है। ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक सुशील कुमार मिश्रा ने कहा कि विश्व मृदा दिवस का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा, कृषि के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के शमन, गरीबी उन्मूलन और सतत विकास के लिए मिट्टी के महत्व के बारे में दुनिया भर में जागरुकता बढ़ाना है। इस अवसर पर कृषि मित्र तथा किसान शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कल्याण ज्वेलर्स के शोरूम का उद्घाटन, बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर की उपस्थिति



**गिरिडीह।** जिला परिषद चौक के समीप स्थित कल्याण ज्वेलर्स के शोरूम का उद्घाटन धूमधाम से किया गया। इस उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री करिश्मा कपूर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुईं। शोरूम में विभिन्न आकर्षक डिजाइनों की ज्वेलरी उपलब्ध है, जो ग्राहकों को काफी पसंद आएंगी। उद्घाटन के मौके पर शहर के कई गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे। इस दौरान करिश्मा कपूर ने कहा कि यह गर्व की बात है कि गिरिडीह शहर में अब कल्याण ज्वेलर्स का शोरूम खुल गया है। उन्होंने यह भी बताया कि अब तक देश भर में 355 शोरूम खोले जा चुके हैं और जल्द ही देवघर में भी एक और शोरूम खोला जाएगा। शोरूम के संचालक सुमन गोरी सरिया ने बताया कि अब गिरिडीह के लोग आकर्षक और डिजाइदार ज्वेलरी के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करेंगे, क्योंकि यहाँ पर सभी प्रकार की ज्वेलरी उपलब्ध रहेंगी। इसके अलावा, मेकिंग चार्ज में 50% की छूट भी दी जा रही है।

### गिरिडीह विधायक सुदिव्य सोनू को मंत्री बनाए जाने पर खुशी का माहौल



**गिरिडीह।** झारखंड राज्य में आज हेमंत सोरेन सरकार के कैबिनेट का विस्तार किया गया, जिसमें गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। उनके मंत्री बनने के बाद पूरे जिले में खुशी का माहौल देखने को मिला। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकताओं ने पार्टी कार्यालय के बाहर जमकर आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने इस अवसर पर कहा कि यह पूरे जिले के लिए गर्व की बात है, क्योंकि पार्टी ने सुदिव्य कुमार सोनू को एक कार्यकर्ता से लेकर विधायक और अब मंत्री का दर्जा दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि अब गिरिडीह जिले के विकास में एक नया आयाम जुड़ने जा रहा है, जिससे जिले के लोग और अधिक लाभान्वित होंगे।

### बिरहोर समुदाय की महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण



**गिरिडीह।** जिले में आदिवासी बिरहोर समुदाय के लोगों के स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से बनवासी विकास आश्रम द्वारा एक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बगोदर के सहयोग से किया गया, जिसमें बिरहोर समुदाय के 40 लोगों, जिनमें बच्चे भी शामिल थे, का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर शहंशाह अहमद और उनकी टीम ने बच्चों की पोषण जांच, महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान और अन्य सामान्य स्वास्थ्य जांच की। इस दौरान दो गर्भवती महिलाओं की भी जांच की गई और उन्हें उचित परामर्श दिया गया। एक छह माह के शिशु में पीलिया के लक्षण पाए गए, जिसके लिए तुरंत चिकित्सकीय परामर्श की सलाह दी गई। शिविर के दौरान एक वृद्ध महिला की आंखों में चोट का इलाज भी किया गया। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत किया और इसे सराहा। बनवासी विकास आश्रम के कार्यक्रम समन्वयक उत्तम कुमार ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य बिरहोर समुदाय के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

### अपर समाहर्ता ने राजस्व कार्यों की समीक्षा की



**गिरिडीह।** जिले में राजस्व कार्यों की प्रगति को लेकर अपर समाहर्ता ने अपने कार्यालय में एक समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में राजस्व वसूली, ऑनलाइन दाखिल-खारिज, अवैध जमाबंदी और अन्य लंबित मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। अपर समाहर्ता ने अधिकारियों से कहा कि वे इन मामलों को शीघ्रता से निपटाने के लिए जरूरी कदम उठाएं, ताकि लोगों को राजस्व से संबंधित मामलों में त्वरित न्याय मिल सके। उन्होंने मासिक राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। इसके अलावा, ऑनलाइन दाखिल-खारिज मामलों की स्थिति पर भी विचार किया गया और लंबित मामलों को प्राथमिकता देकर निपटाने के लिए कहा गया। अपर समाहर्ता ने यह भी सुनिश्चित किया कि अवैध जमाबंदी के मामलों को शीघ्र निपटाया जाए। बैठक में सभी अंचलाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे, जिन्होंने इन कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए कई उपायों पर चर्चा की।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न, कहा

# योजनाओं को लागू करने में टीम वर्क जरूरी



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने गुरुवार को जिला समन्वय समिति की बैठक की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में डीसी श्री रंजन ने जिला समन्वय समिति की अध्यक्षता करते हुए केंद्र व राज्य सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में डीसी श्री रंजन विभागवार पदाधिकारियों से विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति से अवगत हुए साथ ही पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सिस्टम में एक दूसरे के साथ बेहतर समन्वय के साथ ही कार्यों को संपादित करना चाहिये ताकि तेज गति में कोई भी कार्य संपन्न हो जाये। उन्होंने योजनाओं को धरातल पर उतरने के लिए टीम वर्क को आवश्यक बताया।
बैठक में डीसी ने सभी बीडीओ को पीएम आवास, अंबेडकर आवास व अबुआ आवास निर्माण के प्रगति को जानकारी ली। इस पर उन्होंने सभी बीडीओ को बचे हुए आवासों को पूर्ण रूप से कराने की बात कही। इसी क्रम में उन्होंने तीनों एसडीओ को आवास निर्माण में लगनेवाले वाले मैटीरियल का आकलन कर सभी ब्लॉक से प्रतिवेदन समर्पित करने की बात कही।

**मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं की भी हुई समीक्षा**

बैठक में डीसी ने मनरेगा के तहत संचालित वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना,बिरसा हरित ग्राम योजन,बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना सहित अन्य योजनाओं के बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी कार्यों में तेजी लाने की बात कही।

## डीसी ने पीसी एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की

संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में पीसी एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने जिले में रजिस्टर्ड अल्ट्रासाउंड क्लिनिक की जानकरी ली। इस दौरान उन्होंने पीसीपीएनडीटी टीमों को जिले में अवैध रूप से संचालित होने वाले अल्ट्रासाउंड केंद्रों की लगातार जांच करते रहने की बात कही। उन्होंने अल्ट्रासाउंड क्लिनिक में अपना जांच करवाने हेतु आनेवाली संबंधित महिला की पूरी जानकारी यथा उसका एड्रेस,फोन नंबर इत्यादि रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी अल्ट्रासाउंड क्लिनिक पीसीपीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को लिंग प्रशिक्षण करने वाले अल्ट्रा साउंड केंद्रों का सीधे तौर पर लाइसेंस रद्द करते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की बात कही।
बैठक में रिन्यूअल हेतु 3 आवेदन पर हुई चर्चा,एक डॉक्टर अधिकतम दो अल्ट्रासाउंड केंद्र में ही कार्यरत रहे यह सुनिश्चित करने के निर्देश-
बैठक में उपायुक्त के समक्ष रूद्र इमेजिंग एंड डायग्नोस्टिक सेंटर, दिव्या अल्ट्रासाउंड और बंशीधर अल्ट्रासाउंड केंद्र के पंजीयन के नवीनीकरण से संबंधित आवेदन को प्रस्तुत किया गया,जिसपर उपायुक्त ने सभी चेकलिस्ट के अनुसार जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने पर बल दिया। इसी तरह पूर्व से संचालित तृप्ति अल्ट्रासाउंड एवं प्रकाश चंद्र जैन सेवासदन अल्ट्रासाउंड द्वारा अल्ट्रासाउंड मशीन परिवर्तन करने से संबंधित आवेदन पर भी चर्चा किया गया।

# पलामू बालिका गृह कांड: कहां है बालिका गृह की एक बच्ची!




संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू बालिका गृह यौन शोषण कांड में जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे हर रोज नए खुलासे हो रहे हैं। पलामू बालिका गृह में 27 बच्चियां मौजूद थी, जबकि 28 बच्चियों का हाजरी बनाया जाता था। एक बच्ची कहां है, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने मामले में सीडब्ल्यूसी से लिखित जानकारी भी मांगी है। पलामू बालिका गृह में कुछ दिनों पहले यौन शोषण की घटना का खुलासा हुआ था, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संचालक एवं काउंसलर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।
वहीं, पलामू जिला प्रशासन ने जांच के बाद डीसीपीओ, पीओआईसी, काउंसलर को बर्खास्त कर दिया है। सीडब्ल्यूसी को भंग करने की अनुशंसा की गई है। मेदिनीनगर टाउन महिला थाना में आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो समेत गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। पलामू पुलिस की स्पेशल टीम मामले में जांच कर रही है. जांच के दौरान पुलिस ने जो रजिस्टर जब्त किया है, उसमें 28 बच्चियों की हाजरी है, जबकि बालिका गृह में 27 बच्चियां थीं। इस मामले में पुलिस ने पूछताछ किया तो संचालक और सीडब्ल्यूसी की तरफ से बताया गया कि 28वीं बच्ची लातेहार की है और उसे रिस्टोर यानी कि घर भेज दिया गया। हाजरी क्यों बनाई जा रही थी इस पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया पुलिस पूरे मामले में अब लातेहार जाएगी और 28वीं बच्ची के घर का सत्यापन करेगी।

## राधाकृष्ण किशोर बने मंत्री

# आजादी के बाद छतरपुर की तकदीर और तस्वीर बदलने की पहली उम्मीद



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** इस बार छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर छठी बार विधायक बनकर राधाकृष्ण किशोर मंत्री बन चुके हैं । वैसे, अल्पकाल के लिए वे पहले भी मंत्री बनाये गये थे । भाजपा प्रत्याशी के साथ बेहद करीबी और तगड़े संघर्ष तथा राजद प्रत्याशी के चुनाव मैदान में रहते हुए इस बार उन्होंने 736 मत से चुनाव जीता । अपने भाषणों में श्री किशोर अक्सर कहते रहते हैं कि जिस छतरपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता ने अब तक किसी को भी दूसरी बार विधायक बनने का मौका नहीं दिया, उसी विधानसभा क्षेत्र की जनता ने उन्हें छठी बार विधायक बनाया है । श्री किशोर ने चुनावी कैंपेन के दौरान यह बार बार दुहराया भी है कि यह उनका आखिरी चुनाव है और इस बार वे लंबी लकीर खींचना चाहते हैं।
राजनीति का समृद्ध अनुभव है किशोर को वर्तमान दौर में श्री किशोर पलामू के सबसे अनुभवी और विद्वान नेता हैं। उन्होंने अपनी राजनीति की शुरूआत कांग्रेस पार्टी से ही की थी और पहली बार कांग्रेस के टिकट पर ही विधायक बने थे।
2005 में उन्होंने कांग्रेस छोड़कर खउ्रब का हाथ थाम लिया था। 2009 में फिर से खउ्रब छोड़कर कांग्रेस में वापसी की थी। इसके बाद 2014 में उन्होंने कांग्रेस छोड़कर बीजेपी ज्वाइन की और विधायक बने। बीजेपी में वह मुख?य सचेतक भी बने। लेकिन 2019 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी से टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने अखरव का दामन थाम लिया था । 2020 के चुनाव में हार के बाद, उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ज्वाइन कर लिया था । 2024 के विधानसभा चुनाव में राजद से टिकट मिलने की प्रारंभिक घोषणा होने और फिर राजद कार्यकताओं के विरोध के बाद उन्होंने फिर से कांग्रेस में वापसी की। चुनाव में भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी के विरोध में बह रहे लहर और भाजपा खेमे के अति आत्मविश्वास और चुनाव लड़ने की बिल्कुल फ्लॉप रणनीति का फायदा उठाया, नए-पुराने और पुष्पा देवी से विक्षुब्ध जनता और कार्यकताओं को अपने पक्ष में करते हुए चुनाव जीत गये।

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल, स्थिति गंभीर, रांची रेफर

**मेदिनीनगर।** लातेहार बरवाडी थाना क्षेत्र के निवासी कासिम खान उम्र 50 वर्ष बुधवार की शाम सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि कासिम खान अपने ससुराल चैनपुर थाना क्षेत्र के चांदो गांव आए हुवे थे। इसी बीच बुधवार की शाम वह ससुराल से गांव में टहलने निकले थे। तभी अज्ञात वाहन ने रास्ते में उन्हें धक्का मार दिया जिसमें वाहन के धक्के से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद ससुराल वालों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सको ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है। वही इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# ममता वाहन कॉल सेंटर के स्टाफ का मानदेय पर कटौती, पूछा गया स्पष्टीकरण



संवाददाता

**गढ़वा।** सदर अस्पताल स्थित ममता वाहन कॉल सेंटर में आए दिन लापरवाही का मामला सामने आते रहता है। पिछले दिन मेराल प्रखंड के एक महिला को प्रसव करने के लिए सदर अस्पताल आना था। जिसे लेकर स्वास्थ्य सहिया के द्वारा ममता वाहन कॉल सेंटर के स्टाफ को लगातार फोन से प्रयास किया जा रहा था। लेकिन ममता वाहन कॉल सेंटर के स्टाफ कंचन कुमार ना तो फोन रिसीव किया और ना ही उक्त प्रसव पीड़ा से पीड़ित मरीज को ममता वाहन उपलब्ध हो पाया। इसके बाद स्वास्थ्य सहिया के द्वारा सिविल सर्जन को इसकी शिकायत की गई। सिविल सर्जन तत्काल 108 एंबुलेंस के मदद से उसे सदर अस्पताल तक पीड़ित मरीज को पहुंचाया गया। जहां मरीज का नार्मल प्रसव कराया गया। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने कहा कि मेराल प्रखंड की एक प्रसव पीड़ा के लिए महिला को सदर अस्पताल आना था। जिसे लेकर सहिया के द्वारा कॉल सेंटर में कॉल किया गया। कॉल सेंटर के स्टाफ के द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया गया। उसके बाद उसे तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका सामान्य प्रसव हुआ। उन्होंने कहा कि कॉल सेंटर के कंचन कुमार का एक दिन का मानदेय काटते हुए उनसे स्पष्टीकरण का मांग किया गया है। अगर दोबारा अपने ड्यूटी में सुधार नहीं करते हैं तो उन्हें कॉल सेंटर के कार्य से मुक्त कर दिया जाएगा।

**प्रत्येक दिन कॉल सेंटर से दर्जन मरीज लौटते है**

गढ़वा सदर अस्पताल स्थित कॉल सेंटर में तीन कर्मियों को ड्यूटी में लगाया गया है। लेकिन सदर अस्पताल में प्रसव के बाद हर दिन मरीज के परिजन कॉल सेंटर का चक्कर लगाते रहते हैं। लेकिन कॉल सेंटर में ताला बंद कर कर्मी गायब रहते हैं। जिसे लेकर आए दिन परिजन शिकायत करते हैं। की कॉल सेंटर में कोई भी कर्मचारी उपलब्ध नहीं है।

### अपराधियों ने पति-पत्नी को पीट कर किया घायल, स्थिति गंभीर

**मेदिनीनगर।** नावाजयपुर थाना क्षेत्र के कोलहुआ भिकियाहि गांव निवासी विनोद कुमार मेहता उम्र 50 वर्ष और उनकी पत्नी कलावती देवी उम्र 45 वर्ष को बीती रात हथियार से लैस अपराधियों ने लाठी डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बारे में घायल विनोद कुमार मेहता ने बताया कि बीती रात करीब 8:00 बजे चार की संख्या में हथियार से लैस अपराधी उनके घर पर पहुंचे और कहा की हमलोग के लिए खाना का इंतजाम करो। इसके बाद अपराधियों ने दोनों पति-पत्नी का हाथ बांध दिया और घर में रखें जेवरात और पैसे लूट लिए। इसका विरोध करने पर अपराधियों ने दोनों पति पत्नी को पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद अपराधियों ने अपने हथियार से फायरिंग कर दी जिसमें विनोद कुमार मेहता बाल बाल बच गए। घटना के बाद विनोद कुमार मेहता ने इसकी जानकारी नावाजयपुर थाना की पुलिस को दी। परंतु नावाजयपुर थाना की पुलिस वहा नहीं पहुंची।

# शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग का 29वां जन्मोत्सव मना, एसपी ने काटा केक



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के सिंगरा निवासी शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला का 29वां जन्मोत्सव मंगलवार देर शाम मनाया गया। सिंगरा खुर्द ग्राम में शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला चौक स्थित प्रतिमा स्थल पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जहां जिले की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने केक काटा। कार्यक्रम की शुरूआत हनुमत पूजन के साथ सुंदरकांड पाठ कर की गयी। शाम में जिले की कप्तान, आईपीएस रीष्मा रमेशन एवं अमोल (शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग का भांजा) द्वारा केट काट कर जन्मोत्सव मनाया गया, जिसके साक्षी कई लोग बने। इस अवसर पर वृद्ध, असहाय एवं गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

# पांचवीं बार पुरुष जूनियर एशिया कप चैम्पियन बना भारत

- फाइनल में पाकिस्तान को 5-3 से हराया
- अरजीत सिंह हुंदल ने 4 गोल दागकर दिलाई जीत



**मस्कट (ओमान)। एजेंसी**

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने मस्कट (ओमान) में पुरुष जूनियर एशिया कप के हाई स्कोरिंग फाइनल में पाकिस्तान को 5-3 से हराकर अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। अरिजीत सिंह हुंदल के चार गोल की मदद से गत चैंपियन भारत ने बुधवार को फाइनल मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हराकर खिताब की हैट्रिक लगाई। यह महाद्वीपीय टूनार्मेंट में भारत का पांचवां खिताब रहा। इससे पहले भारत ने वर्ष 2004, 2008, 2015 और 2023 में भी यह खिताब अपने नाम किया था। कोविड-19 महामारी के कारण यह टूनार्मेंट 2021 में आयोजित नहीं किया जा सका था। हॉकी इंडिया ने इस अवसर पर प्रत्येक खिलाड़ी को 2 लाख और प्रत्येक सहयोगी स्टाफ को 1 लाख का नकद इनाम देने की घोषणा की।

अरिजीत सिंह हुंदल ने चौथे, 18वें और 54वें मिनट में तीन पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और 47वें मिनट में मैदानी गोल दागा. भारत के लिए एक अन्य गोल दिलराज सिंह (19वें मिनट) ने किया। जबकि पाकिस्तान के लिए सूफियान खान (30वें और 39वें मिनट) ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दिल किया। सूफियान का साथ हन्नान शाहिद ने तीसरे मिनट में मैदानी गोल कर बखूबी दिया। हालांकि उनकी कोशिशें टीम को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं रहीं।

मैच के शुरूआत में पाकिस्तान टीम ने काफी तेजी दिखाई और खेल के तीसरे ही मिनट में शाहिद के मैदानी गोल से बढ़त बना ली। हालांकि कुछ ही सेकेंड में भारत ने अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और हुंदल ने शानदार ड्रैग फ्लिक के जरिए स्कोर बोर्ड को एक-एक की बराबरी पर ला दिया।

दूसरे क्वार्टर में भारत ने अपने खेल में सुधार किया और 18वें मिनट में अपना दूसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, जिससे हुंदल ने एक बार फिर गोल में बदला। एक मिनट बाद दिलराज ने भी एक बेहतरीन मैदानी गोल कर भारत की बढ़त को 3-1 कर दिया। पाकिस्तान ने 30वें मिनट में सूफियान के पेनल्टी कॉर्नर पर दागे गोल से स्कोर 2-3 किया। सूफियान ने 39वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर पाकिस्तान को बराबरी दिला दी।

इसके बाद भारत ने तेजी दिखाई और अंतिम क्वार्टर में 47वें मिनट में अपना तीसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल करते हुए हुंदल के शॉट मारा लेकिन पाकिस्तान के गोलकीपर ने उसे बचा लिया। मगर हुंदल ने कुछ ही देर बाद मैदानी गोल दागकर भारत को फिर बढ़त में ला दिया। मैच के अंतिम 10 मिनट खेल को और तेज करते हुए भारत ने लगातार आक्रमण किया। नतीजतन पाकिस्तान पर दबाव बढ़ा और इसी बीच हुंदल ने एक बार फिर बेहतरीन वैरिएशन से गोल करके टीम की 5-3 से जीत सुनिश्चित की।

## ऑस्ट्रेलिया ने पहले वनडे में भारतीय महिला टीम को हराया



**नई दिल्ली। एजेंसी**

ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने गुरुवार को ब्रिस्बेन में भारत के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में पांच विकेट से आसान जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। जीत की नींव ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने रखी, जिन्होंने पहले भारत को सिर्फ. 100 रन पर ढेर कर दिया और फिर इसके बाद 33 ओवर शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। तेज गेंदबाज मेगन स्कट ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करते हुए पहली बार एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में पांच विकेट चटकाए, जिससे भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 34.2 ओवर में केवल 100 रनों पर ढेर हो गई। भारत के लिए जेमिमा रौड्रिग्स ने सर्वाधिक 23 रन बनाए। जेमिमा के अलावा हरलीन देओल ने 19 और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 17 रन बनाए।

## संक्षिप्त खबरें

### गोवा ने लगाई जीत की हैट्रिक, हैदराबाद एफसी के खिलाफ बटोरे पूरे तीन अंक



**हैदराबाद।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में हैदराबाद एफसी का अपने घरेलू मैदान जीएमसी बालायोगी एथलेटिक स्टेडियम में हारने का सिलसिला जारी है। मेजबान टीम को अपने घर पर खेले चौथे मैच में भी हार मिली, जब एफसी गोवा ने बुधवार रात आईएसएल 2024-25 में जीत की हैट्रिक पूरी करते हुए मुकाबला 2-0 से अपने नाम किया। एफसी गोवा की जीत में राइट विंगर उदांता सिंह ने 33वें और स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर इकर गुआरोटक्सेना ने 44वें मिनट में गोल किए। स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर इकर गुआरोटक्सेना को दूसरा गोल करने और मिडफील्ड में दमदार खेल दिखाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। एफसी गोवा 10 मैचों में पांच जीत, तीन ड्रा और दो हार से 18 अंक लेकर तालिका में छठे से तीसरे स्थान पर आ गई है। वहीं, अपनी टीम की लगातार तीसरी हार से हैदराबाद एफसी के हेड कोच थांगबोई सिंग्टो जरूर निराश होंगे। हैदराबाद एफसी 10 मैचों में दो जीत, एक ड्रा और सात हार से सात अंक लेकर तालिका में 11वें स्थान पर बनी हुई है। यह आईएसएल में दोनों टीमों के बीच 11वां मुकाबला था और आज एफसी गोवा ने छठी बार जीत हासिल की है जबकि हैदराबाद ने तीन मैच जीते हैं। दो मैच ड्रा रहे हैं। मैच का पहला गोल 33वें मिनट में आया, जब राइट विंगर उदांता सिंह ने एफसी गोवा को शुरूआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया।

### हॉकी इंडिया ने की जूनियर एशिया कप जीतने पर भारतीय टीम को नकद पुरस्कार देने की घोषणा



**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को मस्कट, ओमान में पुरुष जूनियर एशिया कप के उच्च स्कोर वाले फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 5-3 से हराकर अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। की इंडिया ने पुरुष जूनियर एशिया कप में खिताब की रक्षा और शानदार प्रदर्शन के लिए प्रत्येक खिलाड़ी को 2 लाख रुपये और प्रत्येक सहयोगी स्टाफ को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। भारत के लिए अराजित सिंह हुंदल (4', 18', 47', 54') ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और चार गोल किये, जबकि दिलराज सिंह (19') ने भी एक गोल का योगदान दिया।

## गुलाबी गेंद पर अपना वर्चस्व कायम रखना चाहेगा ऑस्ट्रेलिया



- रोहित और शुभमन गिल की वापसी से भारतीय टीम मजबूत दिख रही है
- केएल राहुल यशस्वी के साथ ओपनिंग करेंगे

**एडिलेड। एजेंसी**

एडिलेड में गुरुवार को दिन के अधिकांश समय तेज धूप और शुष्क गर्मी रही, लेकिन उसके बाद बादल छा गए। हवा शांत थी और पब्लिक-एड्रेस सिस्टम के माध्यम से भारत और ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रगान बजाए गए, जो शुक्रवार दोपहर से यहां शुरू होने वाले दूसरे दिन-रात के टेस्ट की तैयारियों का हिस्सा था। पहले दिन कुछ स्थानों पर आंधी-तूफान आने का पूर्वानुमान है, लेकिन इससे कोई खास असर नहीं पड़ेगा। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में भारत 1-0 से आगे है, रोहित शर्मा की टीम इस बढ़त को बरकरार रखना चाहती है, क्योंकि इस मैदान पर पहले से ही मिश्रित संकेत मिल रहे हैं।

सुनील गावस्कर, संदीप पाटिल, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीरेंद्र सहवाग, अजीत अगरकर और विराट कोहली यहां अलग-अलग मौकों पर हीरो रहे हैं। हालांकि पिछली बार भारतीय टीम यहां केवल 36 रनों पर सिमट गई थी। इस हालिया मुकाबले से पहले, इस बात पर गहन चर्चा हुई है कि गुलाबी गेंद रोशनी में कैसे चलेगी और गोधूलि के समय में क्या मुश्किल होगा। भारत ने अपने चार दिन-रात के टेस्ट मैचों में से तीन जीते हैं और ये सभी जीत घरेलू परिस्थितियों में आए थे। 2020 में एडिलेड में एकमात्र विदेशी मुकाबला हारने के बाद, मेहमान टीम के पास अपनी गलतियों को सुधारने का मौका है।

### राशिद और नबी ने की महिला शिक्षा अधिकार के बहाली की अपील

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट के सबसे बड़े नाम राशिद खान और मोहम्मद नबी ने तालिबान द्वारा नर्स और दाइयों के रूप में प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं के लिए संस्थानों को बंद करने की कथित रूप से कड़ी आलोचना की है। अगस्त 2021 में तालिबान के कब्जे के बाद से अफगानिस्तान में महिलाओं के अधिकारों के लिए ये बंदिशें एक नया झटका हैं। तालिबान ने लड़कियों और महिलाओं के लिए माध्यमिक और उच्च शिक्षा पर प्रतिबंध लगा दिया है, हालांकि अब तक चिकित्सा क्षेत्र में छूट मौजूद थी। लड़कियों और महिलाओं के खेल में भाग लेने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है, जिससे आईसीसी के पूर्ण सदस्य के रूप में अफगानिस्तान की स्थिति लगातार जांच के दायरे में आ गई है।

## ऐतिहासिक अबू धाबी टी10 के सबसे बड़े सीजन का समापन

## 140 अंतरराष्ट्रीय सितारों ने बिखेरा जलवा

**अबू धाबी। एजेंसी**

डेक्कन ग्लेडियेटर्स के चैंपियन बनने के साथ ही 2 दिसंबर को अबू धाबी टी10 लीग 2024 का समापन हो गया, खिताबी मुकाबले में डेक्कन ग्लेडियेटर्स ने मॉरिसविले सैंप आर्मी को आठ विकेट से हराकर खिताब जीता। आठवें सीजन में टूर्नामेंट की लोकप्रियता काफी बढ़ गई, जिसमें जोस बटलर, निकोलस पूरन, ट्रेंट बोल्ट और कीरोन पोलार्ड जैसे कुछ बेहतरीन क्रिकेटरों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और दुनिया भर के प्रशंसकों ने वैश्विक प्रसारण के माध्यम से सबसे छोटे प्रारूप का आनंद लिया। ग्लेडियेटर्स अब टूनार्मेंट के इतिहास की सबसे सफल टीम है क्योंकि उन्होंने इस सीजन में अपना रिकॉर्ड तीसरा खिताब जीता है। उनके तीन खिलाड़ियों ने टूनार्मेंट के अंत में महत्वपूर्ण पुरस्कार भी जीते, जिसमें उनके स्टार बल्लेबाज और इंग्लिश कप्तान जोस बटलर ने 224.07 की स्ट्राइक रेट से 242 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट का पुरस्कार जीता।

सलामी बल्लेबाज टॉम कोहलर-कैडमोर को 222 रन बनाने के लिए टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज घोषित किया गया, जबकि रिचर्ड ग्लीसन को 10.07 की इकॉनमी से 14 विकेट लेने के लिए टूर्नामेंट का गेंदबाज चुना गया। स्थानीय खिलाड़ी शाहिद भुट्टा, जिन्होंने 10.93 की इकॉनमी से 10 विकेट लिए, को यूएई प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट चुना गया। इस सीजन में



टूर्नामेंट के इतिहास में टीमों का सबसे बड़ा पूल भी देखा गया जिसमें दो नई टीमों- यूपी नवाब और अजमान बोल्ट को रोस्टर में जोड़ा गया। टूर्नामेंट के इतिहास में पहला शतक भी इसी सीजन में लगा जब शेरफेन रदरफोर्ड ने नॉर्दर्न वॉरियर्स के खिलाफ 40 गेंदों में नाबाद 103 रन बनाए। वैश्विक प्रसारकों के सहयोग से टूर्नामेंट का प्रसारण कई देशों में किया गया। इसमें डिज्नी स्टार के साथ दो साल का करार भी शामिल था, जिसने भारतीय आबादी के लिए अंग्रेजी, हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में टूर्नामेंट का प्रसारण किया।

## न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन में कोई बदलाव नहीं किया



**वेलिंगटन। एजेंसी**

न्यूजीलैंड ने गुरुवार को वेलिंगटन में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के आगामी दूसरे टेस्ट मैच के लिए प्लेइंग इलेवन घोषित कर दी है। टीम में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है और उसी टीम को बरकरार रखा गया है, जिसने पहला टेस्ट मैच खेला था।

इससे पहले क्राइस्टचर्च में पहले टेस्ट में, इंग्लैंड ने आठ विकेट से जीत हासिल की, जिससे उन्हें कीवी टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त लेने में मदद मिली। आईसीसी के अनुसार, अपने पिछले 47 टेस्ट मैचों में, कीवी टीम ने आगामी वेलिंगटन टेस्ट सहित केवल तीन बार अपरिवर्तित टेस्ट एकादश की घोषणा की है। इस बीच, इंग्लैंड ने भी एक अपरिवर्तित प्लेइंग इलेवन की घोषणा की है।

मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने पहले टेस्ट में अपनी टीम के प्रदर्शन पर निराशा व्यक्त की और कहा कि उन्होंने फील्डिंग पर अतिरिक्त ध्यान नहीं दिया। लैथम ने कहा, ₹हमने इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया है। हम समझते हैं कि हम पिछले गेम में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर नहीं थे।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : अभिषेक ने केवल 28 गेंदों पर जड़ा शतक

**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारत और सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने गुरुवार को मेघालय के खिलाफ पंजाब के लिए खेलते हुए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मैच के दौरान महज 28 गेंदों में शतक पूरा किया और किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज टी20 शतक बनाने के उर्विल पटेल के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। अभिषेक की 11 छक्कों वाली विस्फोटक पारी की बदौलत पंजाब ने 10वें ओवर में 143 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिया। इस प्रदर्शन ने टूर्नामेंट में सलामी बल्लेबाज के औसत प्रदर्शन को भी तोड़ दिया। गुरुवार को मैच से पहले अभिषेक ने छह



पारियों में 149 रन बनाए थे, जिसमें से सिर्फ एक बार उन्होंने पचास या उससे ज्यादा का स्कोर बनाया था। इस टूर्नामेंट में पहले गुजरात के उर्विल पटेल ने इंदौर में त्रिपुरा के खिलाफ 28 गेंदों पर शतक बनाकर रिकॉर्ड बनाया था।

## व्यापार

## इजराइल की तरह भारत भी हजार लोगों पर एक स्टार्टअप का लक्ष्य रखें : गोयल

**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत को प्रति एक हजार लोगों पर एक स्टार्टअप का लक्ष्य रखना चाहिए, जो कि नवाचार को बढ़ावा देने में इजरायल की सफलता से प्रेरणा लेता है। वाणिज्य मंत्री ने उद्योग जगत से बैंक ऋण प्राप्त करने में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी साझा करने का भी आग्रह किया। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री गोयल नई दिल्ली में भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग मंडल (एसोचैम) द्वारा आयोजित 'भारत@100 शिखर सम्मेलन' को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि छोटा देश होने के बावजूद इजरायल ने नवाचार को प्राथमिकता दी है, जिसके परिणामस्वरूप हर 1,000 लोगों



पर एक स्टार्टअप है। उन्होंने इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवाओं में उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

केंद्रीय मंत्री ने सम्मेलन में इस बात पर जोर दिया कि किस तरह मोदी सरकार के व्यापार करने में आसानी और जीवन जीने में आसानी बढ़ाने, नवाचार तथा उद्यमिता को बढ़ावा देने के प्रयासों के साथ-साथ हमारे सांस्कृतिक लोकाचार को अपनाने और उसका लाभ उठाने की पहल से 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने एसोचैम से आग्रह किया कि वह हमारी युवा आबादी में उद्यमशीलता की भावना पैदा करने के लिए उद्यमशीलता को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करे। साथ ही उनकी मानसिकता को नौकरी की तलाश से हटाकर नवाचार के माध्यम से चुनौतियों का समाधान करने की ओर मोड़ें। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए वैकल्पिक वित्तपोषण मॉडल तलाशने के लिए तैयार है।

## शेयर बाजार में तेजी, 5वें दिन सेंसेक्स और निफ्टी ने लगाई जोरदार छलांग

**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार में तेजी का दौर गुरुवार को लगातार पांचवें दिन जारी रहा। एक बार फिर शेयर बाजार ने जोरदार मजबूती दिखाई। खरीदारी के सपोर्ट में से सेंसेक्स निचले स्तर से 1,850 अंक तक उछला।

इसी तरह निफ्टी निचले स्तर से 562.20 अंक तक उछलने में सफल रहा। हालांकि आखिरी 1 घंटे के कारोबार में मुनाफा वसूली की वजह से हुई बिकवाली के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक ऊपरी स्तर से फिसल गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1 प्रतिशत और निफ्टी 0.98 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। कारोबार में रियल्टी सेक्टर को छोड़ कर सभी सेक्टोरल इंडेक्स मजबूती के साथ बंद हुए। आईटी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में जमकर खरीदारी होती रही। इसी तरह



ऑयल एंड गैस, टेक, मेटल, कंज्यूमर ड्यूरेबल, कैपिटल गुड्स और एफएमसीजी इंडेक्स भी जोरदार मजबूती के साथ बंद हुए। हालांकि, ब्रॉडर मार्केट में मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आया, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई।

### सर्राफा बाजार में सपाट कारोबार

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सपाट स्तर पर कारोबार हो रहा है। सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना भी 77,930 रुपये से लेकर 77,780 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 71,450 रुपये से लेकर 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव में भी लगातार दूसरे दिन कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत भी 91,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 77,930 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,780 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली। एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करके बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल मामूली गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी फिलहाल मिला-जुला कारोबार हो रहा है। ओपेक प्लस देश की होने वाली बैठक में उत्पादन बढ़ाए जाने का फैसला होने की उम्मीद के कारण अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार होता रहा। डाउ जॉन्स पहली बार 45,000 अंक के ऊपर बंद होने में सफल रहा। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.61 प्रतिशत की मजबूती के



साथ 6,086.49 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसके अलावा नैस्डेक ने 251.96 अंक यानी 1.29 प्रतिशत उछल कर 19,732.87 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 44,987.84 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,335.81 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### नक्सलियों ने की दो पूर्व सरपंचों की हत्या

**बीजापुर/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने एक ही दिन में दो पूर्व सरपंचों की हत्या कर दी है। नक्सलियों ने आज गुरुवार सुबह भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के सुकुलू फरसा और कडेर के पूर्व सरपंच सुखराम अवलम को मौत के घाट उतार दिया। बुधवार को परिजन और बेटी यामिनी ने थाना में सूचना के दौरान सोशल मीडिया में पिता को छोड़ने मार्मिक अपील की थी। बीजापुर एडिशनल एसपी चंद्रकांत गवर्ना ने घटना की पुष्टि की है। बीजापुर एडिशनल एसपी चंद्रकांत गवर्ना ने बताया कि माओवादियों ने दोनों सरपंचों का अगल-अलग स्थान से अपहरण किया था, जिसके बाद उनकी निर्मम हत्या कर दी।नक्सलियों ने प्रेस नोट जारी कर भाजपा पार्टी से जुड़ने का आरोप लगाया है।

### 40 हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार

**उज्जैन।** उज्जैन लोकायुक्त पुलिस की टीम ने गुरुवार को एक पटवारी को 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंग हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपित पटवारी ने यह रिश्वत सीमांकन के बाद रिपोर्ट देने के एवज में मांगी थी। लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक अनिल विश्वकर्मा ने बताया कि पंचेड़ निवासी आवेदक गोपाल उपाध्याय ने शिकायती आवेदन दिया था कि उसकी भूमि का सीमांकन हो चुका है। पटवारी रमेशचंद बैरागी रिपोर्ट देने के बदले रिश्वत की मांग कर रहा है। इस पर उन्होंने शिकायत की तस्दीक करवाई।

### मुठभेड़ के बीच पुलिस ने दबोचा बदमाश

**फरीदाबाद।** बुधवार देर रात पुलिस की एक बदमाश से मुठभेड़ हो गई। क्रॉस फायरिंग के दौरान बदमाश के पैर पर गोली लगी और पुलिस ने उसे दबोच लिया। फिलहाल उसका उपचार जिला सिविल अस्पताल में चल रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि बदमाश का नाम विपिन है। वह मूल रूप से बिहार का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि आरोपी अंतरराज्यीय लूट और चोरी के गिरोह का सदस्य है। वह जेल में था और पिछले महीने ही जमानत पर बाहर आया है। उस पर 12 मामले फरीदाबाद में और एक मामला गुरुग्राम में पहले से ही दर्ज हैं। बुधवार देर रात को फरीदाबाद क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 की टीम गश्त पर थी।

### राइजिंग राजस्थान में दिखेगी प्रदेश की कला एवं संस्कृति : भजनलाल शर्मा



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट को सफल बनाने के लिए 10 दिनों तक प्रत्येक दिन एक नए संकल्प लेने की पहल की है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने बुधवार को सातवां संकल्प लेते हुए कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट में प्रदेश की अनूठी कला एवं संस्कृति का प्रदर्शन किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट में प्रदेश की उत्कृष्ट कला एवं गौरवशाली संस्कृति का प्रदर्शन आयोजन की भव्यता को बढ़ाएगा। साथ ही, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी हमारी कला एवं संस्कृति की लोकप्रियता बढ़ेगी।

### पाकिस्तान के कई शहरों में 5.1 तीव्रता का भूकंप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के लाहौर, गुजरात और पंजाब के कई अन्य शहरों में आज भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.1 दर्ज की गई। लोग घबराकर अपने घरों और इमारतों से बाहर निकल आए।भूकंप के झटके झेलम, कमालिया, खानेवाल के साथ चिचावतनी, भलवाल, चिनिओट और हफीजाबाद सहित क्षेत्रों में महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र खारियन के पास 15 किलोमीटर की गहराई में मापा गया। पाकिस्तान मौसम विज्ञान केंद्र के महानिदेशक ने कहा, पंजाब के प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप से किसी भी तरह की जान-माल की हानि नहीं हुई है। प्रशासन सक्रिय रूप से इमारतों का निरीक्षण कर रहा है।

### चीन में जमीन धंसी, 13 मजदूर लापता

**बीजिंग।** चीन के एक शहर में जमीन का बड़ा हिस्सा धंस जाने से 13 मजदूर लापता हो गए। यह हादसा दक्षिण चीन के गुआंगडोंग प्रांत के शेनझेन में हुआ। स्थानीय अधिकारियों ने आज कहा कि रात लगभग 11 बजे शेनझेन में रेलवे परियोजना के एक निर्माण स्थल पर अचानक जमीन का बड़ा हिस्सा धंस गया। इस हादसे में 13 लोग लापता हो गए। यह सभी मजदूर हैं। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बाओआन जिले के आपातकालीन प्रबंधन ब्यूरो के हवाले से कहा कि यह हादसा शेनझेन-जियांगमेन रेलवे के एक खंड के निर्माण स्थल पर हुआ।

### नक्सलियों ने दो पूर्व सरपंचों की हत्या की

**बीजापुर।** जिले में एक दिन में नक्सलियों ने भाजपा से जुड़े दो पूर्व सरपंचों की धारदार हथियारों से नक्सलियों ने हत्या कर दी है। नक्सलियों ने आज गुरुवार को भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के सुकुलू फरसा और कडेर के पूर्व सरपंच सुखराम अवलम को मौत के घाट उतार दिया है। नक्सलियों ने दोनों सरपंचों को अगल-अलग स्थान से अपहरण किया था।

# मप्र में 12 साल पुरानी स्कूल बसें नहीं चलेगी : हाईकोर्ट

- कोर्ट ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों को गाइडलाइन का पालन करवाने की जिम्मेदारी सौंपी



**इंदौर। एजेंसी**

मध्य प्रदेश की सड़कों पर अब 12 साल से ज्यादा पुरानी स्कूल बसें नहीं दौड़ सकेंगी। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने प्रदेश में स्कूल बसों के हादसों को गंभीरता से लेते हुए गाइडलाइन जारी की है। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिए कि मध्य प्रदेश मोटर व्हीकल एक्ट-1994 में स्कूल बस रजिस्ट्रेशन, संचालन व प्रबंधन के लिए नियमों का प्रावधान किया जाए। आरटीओ, डीएसपी-सीएसपी ट्रैफिक इन गाइडलाइन का सख्ती से पालन करवाएं। कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि 12 साल पुरानी स्कूल बसें नहीं चलाई जा सकेंगी। बसों में स्पीड गवर्नर, जीपीएस और सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगवाएं। ताकि पालक मोबाइल एप से ट्रैक कर सकें। उच्च न्यायालय में सात वर्ष पहले हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल बस हादसे को लेकर चल रही अलग-अलग जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए बुधवार देर शाम जस्टिस विवेक रुसिया और जस्टिस विनोद कुमार द्विवेदी की युगलपीठ ने यह फैसला सुनाया है और गुरुवार को मीडिया को जारी हुआ है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि मोटर व्हीकल एक्ट में भी स्कूल बसों के लिए अलग से कोई गाइडलाइन नहीं है। ऐसे में जरूरी है कि जब तक मोटर व्हीकल एक्ट में संशोधन कर स्कूल बसों के लिए अलग से प्रावधान नहीं जोड़े जाते, तब तक कोर्ट खुद ही गाइडलाइन बना दे। इसमें 22 बिंदुओं को शामिल किया है। कोर्ट ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों को गाइडलाइन का पालन करवाने की जिम्मेदारी सौंपी है।

**मुआवजे का मुद्दा जनहित याचिका में नहीं उठाया जा सकता**

इसके साथ ही बस दुर्घटना में मरने वालों और घायलों को उचित मुआवजा दिए जाने का मुद्दा भी जनहित याचिका में उठाया गया था। साथ ही प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की गई थी, लेकिन इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि मुआवजे का मुद्दा जनहित याचिका में नहीं उठाया जा सकता। इसलिए इस पर विचार नहीं किया जाएगा। जहां तक प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की बात है, तो उस समय पहले से ही मामला दर्ज था, इसलिए इन दो बिंदुओं पर विचार नहीं किया जा रहा है। लेकिन स्कूली बसों और ऑटो में बच्चों की सुरक्षा के लिए दिशा-निर्देश जरूर जारी किए जा रहे हैं।

**हाईकोर्ट के दिशा-निर्देश का किया जाएगा पालन**

इस संबंध में इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि स्कूल बस के मामले में हाई कोर्ट के जो भी दिशा-निर्देश हैं, उनका पालन किया जाएगा।

**कोर्ट की गाइडलाइन**

स्कूल बस को पीले रंग से रंगा जाएगा और वाहन के आगे और पीछे स्कूल बस या आन स्कूल ड्यूटी लिखवाना होगा। स्कूल बस के बाहर दोनों तरफ स्कूल के वाहन प्रभारी का नाम, पता एवं टेलीफोन, मोबाइल नंबर लिखा होगा। स्कूल बसों की खिड़कियों पर शीशों पर रंगीन फिल्म नहीं लगेगी। प्रत्येक स्कूल बस में फर्स्ट एड बाक्स और अग्निशमन यंत्र होगा। प्रत्येक स्कूल बस में आपात स्थिति से निपटने में प्रशिक्षित एक परिचारक होगा। ड्राइवर के पास स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस और पांच वर्ष का अनुभव होना चाहिए। ऐसे ड्राइवर जिन्होंने एक वर्ष में दो से ज्यादा बार सिग्नल जंप किया है, वे स्कूल बस नहीं चला सकेंगे। जिस व्यक्ति का तेज गति से या शराब पीकर गाड़ी चलाने का एक बार भी चालान बना है वह भी स्कूल बस नहीं चला सकेगा। स्कूल प्रबंधन इस संबंध में ड्राइवर से शपथ पत्र लेगा। प्रत्येक स्कूल बस में सीट के नीचे स्कूल बैग रखने की जगह होगी। प्रत्येक बस में स्पीड गवर्नर लगा होगा। स्कूल बस में दाहिनी ओर एक आपातकालीन दरवाजा और गुणवत्ता वाला लाकिंग सिस्टम होगा। प्रेशर हार्न नहीं लगाया जाएगा। रात में स्कूल बसों के अंदर नीले बल्ब लगाना होंगे। कोई भी स्कूल बस 12 वर्ष से अधिक पुरानी नहीं होगी। छात्रों को लाने-ले जाने में लगे आटो में चालक सहित चार से अधिक व्यक्ति नहीं बैठ सकते हैं।

**अभिभावक मोबाइल एप पर देख सकेंगे बस की स्थिति**

जस्टिस विवेक रुसिया और जस्टिस विनोद कुमार द्विवेदी ने गाइडलाइन के साथ ही आदेश दिए हैं कि हर सरकारी स्कूल में प्रिंसिपल और निजी स्कूल, शैक्षणिक संस्थान में ऑनर, प्रिंसिपल व अन्य जिम्मेदार व्यक्ति हर बस के लिए एक व्हीकल इंचार्ज नियुक्त करेगा। जो बस के परमिट, लाइसेंस, फिटनेस ड्राइवर के क्रिमिनल रिकॉर्ड व अन्य बातों पर नजर रखेगा। कोई भी घटना होने पर उन्हें ही सीधे जिम्मेदार माना जाएग। हाईकोर्ट ने यह भी आदेश दिए हैं कि हर बस में सीसीटीवी और जीपीएस भी होना चाहिए। इससे अभिभावक मोबाइल एप पर हर बस की स्थिति देख सकें। बस में मेल, फीमेल टीचर भी होना चाहिए, जो बच्चों के बस में आने-जाने को देखेगा। ड्राइवर का लगातार मेडिकल चैकअप भी किया जाएगा।

## पाकिस्तान में छात्र संघ चुनाव पर प्रतिबंध को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती



**इस्लामाबाद। एजेंसी**

पाकिस्तान में छात्र संघ चुनाव पर लगे प्रतिबंध को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट की छह जजों की संवैधानिक पीठ ने दशकों पुराने प्रतिबंध को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया। पीठ ने कानून मंत्रालय, उच्च शिक्षा आयोग (एचईसी) और प्रांतीय सरकारों को नोटिस जारी कर उन्हें अगली सुनवाई में अपने जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। डॉन समाचार पत्र के अनुसार, बैरिस्टर जफरुल्लाह खान और बैरिस्टर उमर इजाज गिलानी के माध्यम से आईजेटी ने दोनों याचिका दायर की हैं। इनमें एक याचिका एलयूएमएस के छात्र नेता हमजा ख्वाजा की है। याचिकाओं में कैंपस हिंसा पर अंकुश लगाने के बहाने छात्र राजनीति पर प्रतिबंध लगाने वाले 1993 के फैसले पर फिर से विचार करने का आग्रह किया गया। याचिकाओं में दावा किया कि छात्र राजनीति पर प्रतिबंध अनुच्छेद 17 के जरिए गारंटीकृत संघ बनाने के संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन है। तर्क दिया गया है कि 1993 के फैसले के बाद से संवैधानिक संशोधनों ने मतदान की आयु 21 से घटाकर 18 वर्ष कर दी है। एक छात्र, जो कानूनी रूप से वोट देने का हकदार है, को संघ बनाने या राजनीतिक संघ के अन्य रूपों में हिस्सा लेने से कैसे रोका जा सकता है। यह भी कहा गया है कि कैंपस राजनीति लोकतांत्रिक मूल्यों के पोषण और भविष्य के नेतृत्व को विकसित करने का माध्यम है।

## रचा इतिहास : एक बिटकॉइन की कीमत बढ़ कर 100,000 डॉलर के पार



**वॉशिंगटन। एजेंसी**

संयुक्त राज्य अमेरिका में बुधवार को एक बिटकॉइन की कीमत बढ़कर 100,000 डॉलर से अधिक हो गई। पहली बार बिटकॉइन की कीमत इस स्तर पर पहुंची है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की राष्ट्रपति पद पर जीत के बाद इसकी कीमत में लगातार उछाल आ रहा है। क्रिप्टो उत्साही लोगों ने उन्हें पहला 'बिटकॉइन राष्ट्रपति' करार दिया है। अमेरिका के समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान खुद को एक बिटकॉइन उत्साही के रूप में प्रचारित किया। उन्होंने अमेरिका को प्लेनेट की क्रिप्टो कैपिटल के रूप में स्थापित करने और एक राष्ट्रीय बिटकॉइन रिजर्व बनाने की बात कही थी। निवेशकों को उम्मीद है कि ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद परिदृश्य और बदलेगा। इस साल बिटकॉइन की कीमत में 100 फीसदी तेजी आई है। ट्रंप के जीतने के बाद से चार सप्ताह में इसकी कीमत 45 फीसदी बढ़ी है। इसके साथ ही बिटकॉइन का मार्केट कैप पहली बार 2 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंच गई है। यह मास्टरकार्ड, वॉलमार्ट और जेपी मॉर्गन चेज के संयुक्त मूल्य से अधिक है। वर्ष 2008 में एक अज्ञात कोडर के बिटकॉइन बनाए जाने पर इसे अपनाने वाले हैकरों और राजनीतिक कट्टरपंथियों के विविध समूह कई बार करोड़पति बन चुके हैं। इसने सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली कॉइनबेस, क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज जैसी कंपनियों को उद्योग का दर्जा प्रदान किया है। क्रिप्टो करेंसी के इतिहास के बारे में 2019 में किताब लिखने वाले फिन ब्रंटन का कहना है कि बिटकॉइन की यह प्रभावशाली उपलब्धि है। प्रभावशाली अमेरिकी क्रिप्टो कंपनी सर्कल के मुख्य कार्यकारी जेरेमी अल्लायर ने कहा, 'इस समय उद्योग में भारी उत्साह है।' बिटकॉइन में अत्यधिक अस्थिरता का खतरा बना हुआ है। जब वैश्विक अर्थव्यवस्था संघर्ष करती है तो इसकी कीमत कभी-कभी गिर जाती है। क्रिप्टो फोरेंसिक फर्म चैनालिसिस के अनुसार, हालांकि कुछ अवैध गतिविधियों में कमी आई है। साइबर अपराधियों ने साल के पहले छह महीनों में लगभग 500 मिलियन डॉलर की फिरौती भुगतान की सुविधा के लिए डिजिटल मुद्रा का उपयोग किया।

## फ्रांस की मिशेल बार्नियर सरकार विश्वास मत में हारी

**पेरिस।** फ्रांस के प्रधानमंत्री मिशेल बार्नियर की सरकार नेशनल असेंबली में विश्वास मत में हार गई। इससे देश में राजनीतिक संकट गहरा गया है। छह दशक के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ। फ्रांस के समाचार पत्र 'ली मॉन्डे' की खबर में कहा गया है कि सांसदों ने सरकार को गिरा दिया। अब क्या होता है? यह देखना दिलचस्प होगा।अमेरिकी समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी खबर में कहा कि इस घटनाक्रम से फ्रांस राजनीतिक उथल-पुथल के चक्र में फंस गया। सांसदों ने प्रधानमंत्री मिशेल बार्नियर और उनके मंत्रिमंडल के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित कर दिया। संसद के 577 वाले निचले सदन (नेशनल असेंबली) के 331 सदस्यों ने बार्नियर की मध्यमार्गी अल्पसंख्यक सरकार को हटाने के लिए मतदान किया। इसी के साथ बार्नियर की तीन महीने पुरानी सरकार फ्रांस के पांचवें गणराज्य के इतिहास में सबसे कम कार्यकाल वाली सरकार बन गई। अब बार्नियर के जल्द ही इस्तीफा देने की उम्मीद है।

## जमीन बेचने के नाम पर हड़पे 42 लाख रुपये, केस दर्ज

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद जिले के थाना मझोला निवासी व्यक्ति ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि थाना भोजपुर क्षेत्र निवासी आरोपित ने अपनी जमीन बेचने के नाम पर 42 लाख रुपये जालसाजी से हड़प लिये और बैनामा नहीं किया। शिकायतकर्ता का कहना है कि रजिस्ट्री न कराने पर जब उसने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपित ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। मामले में थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अधीक्षक देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर आरोपित रामकिशोर के खिलाफ गुरुवार को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मझोला थाना के खुशहालपुर निवासी विजय बहादुर ने बताया कि उन्होंने भोजपुर थाना क्षेत्र के बीजना गांव स्थित एक जमीन का सौदा भूप सिंह, उसके भाई वीर सिंह और रामकिशोर से तय किया था। सौदा तय होने के बाद तीनों ने विजय बहादुर से दस लाख रुपये एडवांस में ले लिए थे।

## चौथे स्तंभ पर हमला दुर्भाग्यपूर्ण, कांग्रेस अध्यक्ष त्याग पत्र दें : महेंद्र



**देहरादून। एजेंसी**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने उत्तराखंड में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और कांग्रेसजनों द्वारा मीडिया पर किए गए हमले की निंदा की है। महेंद्र भट्ट ने स्पष्ट कहा है कि चौथे स्तंभ पर हमला दुर्भाग्यपूर्ण है। इस संदर्भ में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को त्याग पत्र देना चाहिए। महेंद्र भट्ट ने कहा कि यह कांग्रेस का चरित्र है। केदारनाथ हार के बाद कांग्रेस पूरी तरह बौखला गई है। इसका प्रमाण मीडिया पर किया गया हमला है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार से इस हमले को उचित नहीं ठहराया जा सकता। इसी संदर्भ में उत्तरांचल प्रेस क्लब की कार्यवाहक महामंत्री मीना नेगी ने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा को पत्र लिखकर प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में पत्रकारों के साथ अभद्रता, मारपीट और महिला पत्रकारों से अमर्यादित व्यवहार की शिकायत की है। उन्होंने लिखा कि गत चार दिसंबर को पुलिस लाइन स्टेडियम रेसकोर्स में उत्तरांचल प्रेस क्लब के क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल चल रहा था। पुलिस द्वारा किसी विषय को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस लाइन लाया गया। पुलिस लाइन आए कांग्रेसजनों ने करन माहरा के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए स्टेडियम में घुसकर टूर्नामेंट में व्यवधान डाला तथा रोके जाने पर करन मेहरा व कांग्रेसजनों ने मीडिया से धक्का-मुक्की की। महिला पत्रकारों के साथ भी इसी तरह का व्यवहार किया गया।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ भीलवाड़ा में आक्रोश रैली



**भीलवाड़ा। एजेंसी**

बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों और हिंसक हमलों के विरोध में गुरुवार को भीलवाड़ा के बाजार आधे दिन तक बंद रहे। सर्व हिंदू समाज द्वारा आयोजित आक्रोश रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान पुलिस की ओर से पुख्ता प्रबंध किये गये। रैली का आरंभ शहीद चौराहे से हुआ और यह जिला कलेक्टर कार्यालय तक पहुंची। वहां ज्ञापन सौंपकर बांग्लादेश सरकार के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे हिंसात्मक हमलों, धार्मिक स्थलों को तोड़ने, बहन-बेटियों के साथ रेप की घटनाओं, और निर्दोष हिंदुओं की गिरफ्तारी ने भीलवाड़ा के हिंदू समाज को गहरे आक्रोश में ला दिया है। इसके विरोध में सर्व हिंदू समाज ने एकजुट होकर यह रैली निकाली। सांगानेरी गेट से शुरू हुई इस रैली में हजारों की संख्या में लोग टू-व्हीलर्स पर सवार होकर शामिल हुए। रैली शहीद स्मारक से आरंभ होकर बड़ा मंदिर सर्राफा बाजार, भीमगंज थाना, सूचना केंद्र, बजरंगी चैराहा, गोलप्याऊ चैराहा, रेलवे स्टेशन चैराहा, और मशीनरी मार्केट होते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंची। रैली के मार्ग में लोगों का जोश और आक्रोश साफ झलक रहा था। इस रैली का नेतृत्व महंत बनवारी शरण काठिया बाबा, विधायक अशोक कोठारी, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, नगर निगम महापौर राकेश पाठक, आरएसएस के विभाग संघ चालक चांदमल सोमानी, और प्रांत कार्यवाहक शंकर माली सहित हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने किया। सभी ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर रैली का शुभारंभ किया। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान आवश्यक सेवाओं को छोड़कर भीलवाड़ा के सभी बाजार बंद रहे।

**अभियान** नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2018 में देश को टी.बी. (क्षय रोग) से मुक्त कराने का लिया था संकल्प

# कोई भी व्यक्ति टी.बी. की जांच से वंचित नहीं रहेगा : डॉ. मोहन



**भोपाल। एजेंसी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2018 में देश को टी.बी. (क्षय रोग) से मुक्त कराने का संकल्प लिया था। लोगों की जिंदगी बचाने के प्रधानमंत्री मोदी के इस अभियान में सहभागिता कर हम सब उनके साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहे हैं। देश को टी.बी. मुक्त करने के लिए, देश के 347 जिलों में 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान चलाया जा रहा है। इनमें मध्यप्रदेश के 23 जिले अलीराजपुर, अनूपपुर, बैतूल, छतरपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, दतिया, डिंडोरी, जबलपुर, कटनी, खंडवा, मंडला, मंदसौर, नरसिंहपुर, नीमच, रतलाम, सीहोर, सिवनी, श्योपुर, सीधी, सिंगरौली, उज्जैन और विदिशा शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि सभी की सक्रिय सहभागिता से कोई भी प्रभावित व्यक्ति टी.बी. की जांच और इलाज से वंचित नहीं रहेगा। टी.बी. लाइलाज बीमारी नहीं है, टी.बी. का इलाज होता है, टी.बी. से डरने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सब सक्रियता के साथ इस अभियान में भागीदारी करें। हमारे आसपास कोई भी टी.बी. की बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति हो तो उसे इस अभियान का हिस्सा अवश्य बनाएं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लोगों का जीवन बचाने के लिए आरंभ, इस अभियान में प्रदेश का प्रत्येक व्यक्ति एक कार्यकर्ता है। हम सब मिलकर टी.बी. से प्रभावित व्यक्तियों को इस रोग से मुक्त कराने का प्रयास करें। सबके प्रयासों से देश को टी.बी. मुक्त कर, प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को साकार करने में निश्चित ही सफलता मिलेगी।

### 8 से 10 दिसम्बर तक 16 जिलों में चलेगा पल्स पोलियो अभियान

## बच्चों को अवश्य पिलाएं दो बूंद जिन्दगी की : डॉ. मोहन

**भोपाल। एजेंसी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 8 से 10 दिसंबर तक प्रदेश के 16 जिलों क्रमशः भिण्ड, भोपाल, छिंदवाड़ा, दतिया, ग्वालियर, इंदौर, कटनी, खरगोन, मंदसौर, नरसिंहपुर, नीमच, निवाड़ी, सतना, श्योपुर, टीकमगढ़ और विदिशा में पल्स पोलियो अभियान चलाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को प्रदेश के समस्त नागरिकों से आह्वान किया है कि सब मिलकर परिवारों को प्रोत्साहित करें और नवजात बच्चों से लेकर 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पल्स पोलियों की 'दो बूंद जिन्दगी की' जरूर पिलाएं, जिससे भविष्य में पोलियों से पूर्ण मुक्ति मिल सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि हम सब जानते हैं कि पोलियो बच्चों में आजीवन दिव्यांगता पैदा करता है, यह बहुत कष्टप्रद बीमारी रही है। इससे बचाव का एकमात्र उपाय वैक्सीन ही है। वैक्सीन से ही बच्चे और भावी पीढ़ियां सुरक्षित रहती हैं।

## उत्तराखंड में मार्च 2025 तक बनेंगे 16 हजार किफायती आवास

**देहरादून। एजेंसी**

उत्तराखंड आवास विकास परिषद और मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) की ओर से निर्बल आय वर्ग वाले परिवारों के लिए करीब 16 हजार किफायती घरों का निर्माण किया जा रहा है। मार्च 2025 तक यह किफायती घर तैयार कर लिए जाएगा। उत्तराखंड आवास विकास परिषद 15 आवासीय परियोजनाओं पर काम कर रहा है। उत्तराखंड आवास विकास परिषद राज्य बनने के बाद पहली बार अपनी आवासीय परियोजनाओं पर काम कर रहा है। परिषद 15 परियोजनाएं निजी निवेशकों के साथ तैयार कर रहा है, जिसमें कुल 12,856 आवास शामिल हैं। जबकि शेष पांच संबंधित विकास प्राधिकरणों की ओर से विकसित की जा रही हैं, प्राधिकरणों के जरिए कुल 3104 आवास तैयार किया जा रहे हैं। अपर आयुक्त आवास पीसी दुम्का के मुताबिक अब तक निजी भागीदारी के साथ 1760 घर बनाते हुए लाभार्थियों को सौंपे जा चुके हैं, जबकि 14635 आवासों का आवंटन भी किया जा चुका है। शेष सभी परियोजनाओं को मार्च 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के तहत निजी निवेशक छह लाख रुपये की लागत से दो कमरे, किचन और शौचालय जैसी सुविधाओं से युक्त घर तैयार करता है।

